राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 89
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शुक्रवार 27 फरवरी 2026
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 भाई की मौत का बदला था नितिन का मर्डर
पेज 4 केंद्रीय मंत्री ने पूर्णागिरि एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी
पेज 6 ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय में वापसी करने को तैयार

## संक्षिप्त खबरें

### कन्नड़ फिल्म निर्देशक टीए अनिश पर हमला

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु में एक कन्नड़ फिल्म निर्देशक टीए अनिश पर हमले के मामले में 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें एक महिला एक्ट्रेस और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर भी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, अनिश पर हमला एक वित्तीय विवाद के कारण हुआ था, जिसमें एक आरोपी अशिरवद ने 2.5 लाख रुपये का ऋण नहीं चुकाया था और लकश्मी नारायण ने अनिश की फिल्म जीवनादा भासे में 5-6 लाख रुपये का निवेश किया था। अनिश ने अपनी हॉन्डा सीआरवी कार बेचने के लिए एक महिला एक्ट्रेस ऐश्वर्या से संपर्क किया था। ऐश्वर्या ने अनिश को एक खरीदार से मिलवाया, लेकिन जब अनिश कार दिखाने गया, तो उसे एक घर में ले जाकर बंद कर दिया गया और पांच-छह लोगों ने उसे हॉकी स्टिक और क्रिकेट स्टम्प से हमला किया।

### सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री के कामकाज में मनमानी कर रहे अधिकारी : सीजेआई

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत ने सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री के कामकाज पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए इसकी कार्यप्रणाली की गहन जांच के आदेश देने की बात कही है। गुरुवार को एक सुनवाई के दौरान उन्होंने रजिस्ट्री के कुछ अधिकारियों की मनमानी पर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि हाल ही में किए गए सुधारों के बावजूद, कुछ अधिकारी स्थापित नियमों के बजाय अपनी मर्जी से काम कर रहे हैं।



### हैप्पी मॉर्निंग

टीचर क्लास में गणित पढ़ा रहा था। टीचर- बोर्ड में 55 लिखो। संता- सर कैसे लिखते हैं। टीचर- पांच लिखे फिर उसके साइड में एक और 5 लिख। संता ने बोर्ड में 5 लिखा और रुक गया। टीचर- अबे क्या हुआ रुक क्यों गया। संता- सर दूसरा 5 किस साइड लिखूं समझ नहीं आ रहा।



### शायरी

सुनते वहीं है जिसमें उनकी अपनी भलाई हो,
कहते वहीं है जिसमें उनकी अपनी कमाई हो.

### अर्थसार

संसेक्स:
82,248.61
-27.46 (0.033%)
निफ्टी:
25,496.55
+14.05



### मौसम



अधिकतम : 29 डिग्री से0
न्यूनतम : 14 डिग्री से0
सूर्योदय शनिवार : 7 : 00
सूर्यास्त शुक्रवार : 6 : 24

होली उत्सव



पटना में होली उत्सव के दौरान पटना महिला कॉलेज की छात्राएं।

# अनिल अंबानी पर 2,220 करोड़ की धोखाधड़ी का नया केस

## बैंक ऑफ बड़ौदा की शिकायत पर एफआईआर दर्ज, घर-ऑफिस पर सीबीआई का छापा



नई दिल्ली। अनिल अंबानी और उनकी कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस के खिलाफ सीबीआई ने धोखाधड़ी का एक नया मामला दर्ज किया है। जांच एजेंसी का आरोप है कि अनिल अंबानी और उनकी कंपनी ने साल 2013 से 2017 के बीच बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ 2,220 करोड़ रुपए से ज्यादा की धोखाधड़ी की है।

बैंक की शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने गुरुवार को अनिल अंबानी के घर और रिलायंस कम्युनिकेशन के दफ्तरों पर छापेमारी की, जहां से लोन ट्रांजैक्शन से जुड़े कई अहम दस्तावेज बरामद किए गए हैं। इससे पहले अनिल अंबानी आज एक अन्य मामले में ईडी के सामने पेश हुए, जांच एजेंसी ने उनसे करीब 9 घंटे पूछताछ की। वह कल फिर पेश होंगे।

### फर्जी ट्रांजैक्शन के जरिए पैसा डायवर्ट करने का आरोप

सीबीआई के अनुसार बैंक ऑफ बड़ौदा की शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है। आरोप है कि रिलायंस कम्युनिकेशंस ने बैंक से लोन लिया, लेकिन उस पैसे का इस्तेमाल तय काम के लिए करने के बजाय अपनी ही दूसरी कंपनियों (रिलेटेड पार्टीज) में फर्जी ट्रांजैक्शन दिखाकर डायवर्ट कर दिया। जांच में सामने आया है कि इस हेरफेर की वजह से बैंक ऑफ बड़ौदा को 2,220 करोड़ रुपए से ज्यादा का घाटा हुआ है।

अधिकारियों के मुताबिक, अनिल अंबानी की कंपनी का यह खाता 2017 में ही एनपीए घोषित हो चुका था। हालांकि, अनिल अंबानी ने बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसके बाद कोर्ट ने इस खाते को फ्रॉड घोषित करने पर रोक लगा दी थी। यह स्टे 23 फरवरी 2026 को हटा लिया गया। स्टे हटते ही बैंक ऑफ बड़ौदा ने शिकायत दर्ज कराई और सीबीआई ने तुरंत एक्शन लेते हुए केस दर्ज कर लिया।

# राहुल बोले- यह इंडिया है, नॉर्थ कोरिया नहीं

**शांतिपूर्ण प्रोटेस्ट डेमोक्रेसी की आत्मा; यूथ कांग्रेस मेंबर्स के खिलाफ एक्शन पर पीएम मोदी की आलोचना की**



**नई दिल्ली।** नेता विपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने गुरुवार को यूथ कांग्रेस मेंबर्स के खिलाफ एक्शन पर राहुल ने पीएम मोदी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की सरकार और नॉर्थ कोरिया के तानाशाही शासन एक जैसा है। ये इंडिया है, नॉर्थ कोरिया नहीं।

राहुल ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रोटेस्ट डेमोक्रेसी की आत्मा है। यह कोई अपराध नहीं है। उन्होंने पूछा : जब आदिवासी अपने जल, जंगल, जमीन के हक के लिए खड़े हुए, तो उन पर भी शक की नजर डाली गई। यह कैसा लोकतंत्र है, जहां पीएम सवालों से डरते है? जहां असहमति को कुचलना शासन का स्वभाव बनता जा रहा है?

दरअसल, दिल्ली में आयोजित एआई समिट के दौरान यूथ कांग्रेस मेंबर्स ने शर्ट उतार कर प्रोटेस्ट किया था।

इस संबंध में दिल्ली पुलिस 3 सदस्यों को गिरफ्तार करने शिमला पहुंची थी। इसके बाद हिमाचल पुलिस ने दिल्ली पुलिस को उन्हें ले जाने से रोक लिया था। राहुल ने ये बातें गिरफ्तार तीन यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दिल्ली वापस लाने की इजाजत मिलने के बाद कही।

### राहुल ने सोशल मीडिया पोस्ट में क्या कहा

सोचिए मुद्दा कोई भी हो, अगर आप सत्ता के खिलाफ संवैधानिक तरीके से आवाज उठाते हैं, तो लाठी, मुकदमा और जेल, यह लगभग तय है। पेपर लीक से त्रस्त युवाओं ने अपने भविष्य के लिए आवाज उठाई, जवाब मिला लाठियों से।

एक बलात्कार पीड़ित के समर्थन में इंडिया गेट पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन हुआ। न्याय की मांग को व्यवस्था के लिए असुविधा मानकर हटा दिया गया। युवा कांग्रेस ने देश का अहित करने वाले यूएस ट्रेड डील का शांतिपूर्ण विरोध किया तो उन्हें देशविरोधी बताकर गिरफ्तार कर लिया।

## सुनेत्रा पवार एनसीपी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनीं

मुंबई/पुणे। महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार को गुरुवार को सर्वसम्मति से सत्तारूढ़ नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। एनसीपी के कार्याध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने मुंबई में हुई पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के बाद यह घोषणा की। उन्होंने बताया कि सुनेत्रा पवार के इस्तीफे से खाली हुई राज्यसभा सीट के लिए पार्थ पवार को नामित किया जाएगा। पार्थ अजित पवार और सुनेत्रा के बड़े बेटे हैं। अजित पवार की 28 जनवरी को बारामती में प्लेन क्रैश में निधन हो गया था। वह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम थे। उनकी मौत के तीसरे दिन, 31 जनवरी को सुनेत्रा पवार को उपमुख्यमंत्री बनाया गया, जिसके चलते उन्होंने राज्यसभा सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। सुनेत्रा पवार जून 2024 में लोकसभा चुनाव में हार के बाद एनसीपी की ओर से राज्यसभा सदस्य निर्विरोध चुनी गई थीं।

## नौकरानी ने मालिक के घर फर्जी रेड कराई

नई दिल्ली। दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में एक नौकरानी ने अपने मालिक के घर पर फर्जी प्रवर्तन निदेशालय रेड कराई। मामला 11 फरवरी का है। 25 फरवरी को पुलिस ने रेखा देवी नाम की नौकरानी और उसकी भाभी पूजा राजपूत को पूरी साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 11 फरवरी को पुलिस की वर्दी पहने तीन लोग ईडी अफसर बनकर 86 साल के रिटायर्ड आर्किटेक्ट आरसी सभरवाल के घर में जबरन घुस गए। आरोपियों ने परिवार को धमकाया और तलाशी के दौरान मोबाइल फोन जब्त कर लिए। सभरवाल के पोते को शक हुआ तो उसने पूछताछ शुरू कर दी। इसके बाद तीनों आरोपी लगभग 3-4 लाख रुपये कैश, सात महंगी घड़ियां और गहने लेकर कार में फरार हो गए। पुलिस ने 24 फरवरी को मामला दर्ज करने के बाद इसकी जांच शुरू की थी।

# जेएनयू में प्रदर्शन के दौरान पुलिस पर पत्थर-जूते फेंके

## यूजीसी रेगुलेशन लागू करने की मांग कर रहा था छात्रसंघ; यूनिवर्सिटी ने कोर्ट ऑर्डर का उल्लंघन बताया

नई दिल्ली। दिल्ली की जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट यूनियन के प्रदर्शन के दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों ने दिल्ली पुलिस पर पत्थर फेंके, पुलिसवालों को दांत से काटा और जूते फेंके। पुलिस ने कहा कि इसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। पुलिस ने इसके बाद कई लोगों को हिरासत में ले लिया है।



जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी स्टूडेंट यूनियन(JNUSU) UGC रेगुलेशन लागू करने की मांग को लेकर मार्च निकाल रहा था। ये मार्च शिक्षा मंत्रालय तक निकाला जाना था लेकिन पुलिस ने इसे बीच में ही रोक दिया। पुलिस का आरोप है कि मार्च रोकने के बाद कुछ प्रोटेस्टर्स ने उनपर हमला कर दिया।

इसके बीच यूनिवर्सिटी का भी बयान आया। जेएनयू ने कहा कि यह मांग माननीय सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का उल्लंघन है जिसने रेगुलेशन पर स्टे जारी किया था। जेएनयू के वाइस चांसलर या रजिस्ट्रार के पास रेगुलेशन पर कोई अधिकार नहीं है।

पुलिस ने बताया कि जब प्रोटेस्ट करने वालों ने कैंपस से रैली निकालने की कोशिश की तो कॉलेज गेट पर स्टूडेंट्स की पुलिस से झड़प हो गई। उन्होंने कहा कि JNUS प्रेसिडेंट अदिति मिश्रा, पूर्व प्रेसिडेंट नीतीश कुमार और कई अन्य लोगों को हिरासत में लिया गया।

# मियां मुसलमान विवाद पर असम सीएम को हाइकोर्ट का नोटिस

- याचिका में हिमंता को हेट स्पीच देने से रोकने की मांग की गई थी



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा के मियां मुसलामान वाले बयान पर गुवाहाटी हाइकोर्ट ने नोटिस जारी किया है। ये नोटिस राज्य में माइनॉरिटी कम्युनिटी के खिलाफ हेट स्पीच देने से रोकने के लिए निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के बाद जारी किया गया। याचिका में कहा गया था कि सीएम सरमा के हेट स्पीच के वीडियो वायरल होने के बावजूद, असम पुलिस ने खुद से एफआईआर दर्ज नहीं की है। इसमें दावा किया गया है कि सीएम के खिलाफ कार्रवाई न करने से सजा से बचने का माहौल और डरावना असर होता है। असमिया स्कॉलर डॉ. हिरेन गोहेन और दो अन्य लोगों ने इसे दायर किया था। इस महीने की शुरुआत में सुप्रीम कोर्ट ने पहुंचे पिटीशनर्स से कहा था कि वे हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाएं।

### कोर्ट ने केंद्र और असम डीजीपी को भी नोटिस भेजा

मामले की सुनवाई के बाद, चीफ जस्टिस आशुतोष कुमार और जस्टिस अरुण देव चौधरी की डिवीजन बेंच ने केंद्र सरकार, असम सरकार, असम डायरेकेटर जनरल ऑफ पुलिस और मुख्यमंत्री को नोटिस जाकी किया। कोर्ट ने अंतरिम राहत की अर्जी पर भी नोटिस जारी किया। कोर्ट ने यह भी कहा कि इस स्टेज पर भारतीय जनता पार्टी को नोटिस जारी करना जरूरी नहीं है।

## गूगल मैप से सर्च कर सकेंगे नजदीकी आधार केंद्र

**नई दिल्ली।** लोगों को नया आधार कार्ड बनवाने या अपडेट कराने के लिए अब अधिकृत आधार केंद्र की तलाश में भटकना नहीं पड़ेगा। जल्द ही गूगल मैप से नजदीकी आधार केंद्र को आसानी से सर्च किया जा सकेगा। इसके लिए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआइडीएआइ) ने तकनीकी दिग्गज गूगल से हाथ मिलाया है। गूगल मैप पर अधिकृत आधार केंद्र दिखाई देंगे। इस पहल से देशभर के लोगों को अधिकृत आधार केंद्रों तक पहुंचने में आसानी होगी और सुविधा में बढ़ोतरी होगी। आधिकारिक बयान के अनुसार, इस पहल से लोगों को विभिन्न सेवाओं को लेकर आधार केंद्रों की पहचान करने में मदद मिलेगी कि किस केंद्र पर वयस्कों का पंजीकरण होता है। कहां बच्चों का आधार बन सकता है और किस केंद्र पर केवल पता व मोबाइल नंबर को अपडेट कराया जा सकता है। यह सुविधा आने वाले महीनों में उपलब्ध हो जाएगी।

## झूठे मामलों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को झूठे मामलों पर अंकुश लगाने के लिए दायर जनहित याचिका पर केंद्र और राज्यों से जवाब मांगा है। याचिका में केंद्र सरकार और सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को पुलिस स्टेशनों और सार्वजनिक कार्यालयों में ऐसे बोर्ड लगाने के निर्देश देने की मांग की गई है, जिनमें झूठी शिकायतें, मनगढ़ंत आरोप और झूठे सुबूत पेश करने के दंडात्मक परिणामों को उजागर किया गया हो। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआइ) सूर्यकांत, जस्टिस जोयमाल्या बागची और विपुल एम पंचोली की पीठ ने याचिकाकर्ता अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा प्रस्तुत दलीलों को सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। सुनवाई के दौरान सीजेआइ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि बंधुत्व का संवैधानिक सिद्धांत सामाजिक आचरण का मार्गदर्शन करना चाहिए और चेतावनी दी कि झूठे मामलों के माध्यम से आपराधिक कानून का दुरुपयोग निर्दोष नागरिकों के लिए गंभीर परिणाम ला सकता है।

# ग्रेड-बेस्ड ड्राइविंग लाइसेंस सिस्टम लाएगी सरकार

## ट्रैफिक नियम तोड़ने पर लाइसेंस रद्द या सस्पेंड होगा, हादसे रोकने के लिए पहल

**नई दिल्ली।** देश में सड़क हादसों को कम करने और जिम्मेदार ड्राइविंग को बढ़ावा देने के लिए सरकार ग्रेड (अंक) आधारित ड्राइविंग लाइसेंस प्रणाली शुरू करने की योजना बना रही है। इसमें ट्रैफिक नियम तोड़ने पर लाइसेंस रद्द या निलंबित करने का प्रावधान होगा।



केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि हर साल देश में लगभग 1.8 लाख लोगों की मौत सड़क हादसों में होती है। इसके मुख्य कारण हैं - गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल, तेज रफ्तार, गलत दिशा में गाड़ी चलाना और नशे में ड्राइविंग।

उन्होंने कहा कि लोगों की जान बहुत कीमती है और सरकार सड़क सुरक्षा के लिए कई कदम उठा रही है। ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर जुर्माना बढ़ाया गया है, लेकिन सबसे बड़ी समस्या नियमों का सही पालन कराना है। लोगों में कानून का डर और सम्मान कम है।

### हर साल भारत में 5 लाख सड़क हादसे

भारत में हर साल 5 लाख सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। इनमें 1.8 लाख लोगों की मौत होती है। इनमें से 72 प्रतिशत मौतें 18 से 45 साल की उम्र के लोगों की होती हैं।

18 साल से कम उम्र के 10,119 लोगों की मौत हुई।

हेलमेट न पहनने से 54,122 मौतें हुईं।

सीट बेल्ट न लगाने से 14,466 लोगों की मौत हुई।

तेज रफ्तार के कारण 1.2 लाख मौतें हुईं।

अन्य कारणों में गलत दिशा में ड्राइविंग, शराब पीकर गाड़ी चलाना और मोबाइल का इस्तेमाल शामिल हैं। मंत्री ने लोगों से अपील की कि सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की मदद करें और इलाज के खर्च या कानूनी झंझट की चिंता न करें। उन्होंने बताया कि पीएम राहत योजना के तहत सड़क दुर्घटना के शिकार व्यक्ति को 7 दिन तक 1.5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज (कैशलेस) मिलेगा।

हंगामा

**वेतन वृद्धि की मांग को लेकर हड़ताल पर उतरे कर्मचारियों ने की आगजनी, महिला डीसीपी घायल**

# सूरत की आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील कंपनी में हंगामा

- हड़ताल की मुख्य वजह काम के घंटों में हुई बढ़ोतरी को कम करने और वेतन वृद्धि है।

**एजेंसी**



**सूरत।** गुजरात के सूरत में हजीरा स्थित आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील कंपनी में गुरुवार सुबह हंगामा हो गया। वेतन वृद्धि की मांग को लेकर हड़ताल पर उतरे कर्मचारी अचानक बिफर गए। उन्होंने 10 से ज्यादा गाड़ियों मे आग लगा दी। इतना ही नहीं, प्रदर्शनकारियों ने पुलिस टीम पर भी हमला कर दिया, जिसमें महिला डीसीपी घायल हो गईं। वेतन वृद्धि की मांग लेकर 5000 कर्मचारियों ने काम रोका कंपनी के बन रहे नए प्लांट में आज सुबह 5000 से ज्यादा कर्मचारी अचानक काम छोड़कर हड़ताल पर चले गए।

हड़ताल की मुख्य वजह काम के घंटों में हुई बढ़ोतरी को कम करने और वेतन वृद्धि है। शुरुआत में हड़ताल शांति से हो रही थी। लेकिन अचानक कुछ कर्मचारियों ने हिंसक प्रदर्शन शुरू कर दिया।

प्लांट में भारी पुलिस बल तैनात घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल की एक बड़ी टुकड़ी मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लाने की कोशिश की। हालात को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने 40 से अधिक आंसू गैस के गोले दागे।

पुलिस ने हिंसा में शामिल करीब 25 मजदूरों को हिरासत में लिया है। फिलहाल, कारखाने में कड़ी पुलिस सुरक्षा तैनात की गई है और स्थिति को शांत करने के लिए कंपनी अधिकारियों और कर्मचारी प्रतिनिधियों के बीच बातचीत की कोशिश जारी है।

### श्रम संहिता के अधिसूचित होते ही लागू कर देंगे: एल एंड टी

इस बारे में लार्सन एंड टुब्रो ने एक बयान जारी करते हुए कहा- गुजरात सरकार द्वारा श्रम संहिता की अधिसूचना लागू होते ही, हम इसके सभी नियमों को तत्काल प्रभाव से लागू करेंगे। फिलहाल हम सभ कर्मचारियों से शांति बनाए रखने की अपील करते हैं।

# जब तक अरावली की परिभाषा तय नहीं होती, तब तक खनन पर रोक



नई दिल्ली। अरावली के संरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि जब तक अरावली की सटीक परिभाषा तय नहीं हो जाती और संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञों की समिति की रिपोर्ट नहीं आ जाती तक तक खनन पर रोक रहेगी।

शीर्ष न्यायालय ने पर्यावरण मंत्रालय और अन्य हितधारकों से अरावली पर्वतमालाओं को परिभाषित करने वाली समिति के लिए संबंधित विशेषज्ञों के नाम सुझाने को कहा और स्पष्ट किया कि इस क्षेत्र में केवल वैध खनन की अनुमति होगी।

29 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट ने अरावली की नई परिभाषा पर हो रहे विरोध को ध्यान में रखते हुए इन पर्वतमालाओं की एक समान परिभाषा को स्वीकार करने वाले अपने 20 नवंबर के निर्देशों को स्थगित कर दिया था। साथ ही, सभी खनन गतिविधियों पर रोक लगा दी गई थी।

कोर्ट ने टिप्पणी की कि महत्वपूर्ण अस्पष्टताओं को दूर करने की आवश्यकता है, जिसमें यह भी शामिल है कि क्या 100 मीटर की ऊंचाई और पहाड़ियों के बीच 500 मीटर की दूरी का मानदंड पर्यावरण संरक्षण के दायरे के एक महत्वपूर्ण हिस्से को कम कर देगा।

# संपादकीय

## फर्जी आधार कार्ड का इस्तेमाल



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

देश भर में फर्जी आधार कार्ड का इस्तेमाल एक गंभीर समस्या बन चुका है। आधार कार्ड, जो भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा जारी किया जाता है, देश की सबसे बड़ी और सबसे विश्वसनीय पहचान प्रणाली है। यह 130 करोड़ से अधिक लोगों को जारी किया जा चुका है और सरकारी योजनाओं, बैंकिंग, मोबाइल कनेक्शन, पैन कार्ड लिंकिंग आदि में अनिवार्य हो गया है। लेकिन इसी विश्वसनीयता का फायदा उठाकर अपराधी फर्जी आधार कार्ड बनाकर विभिन्न धोखाधड़ियों में इस्तेमाल कर रहे हैं।

फर्जी आधार कार्ड बनाने के तरीके काफी उन्नत हो गए हैं। कुछ मामलों में बायोमेट्रिक डेटा (फिंगरप्रिंट और आईरिस) को क्लोन करके या फोटोशॉप से बदलकर नकली कार्ड तैयार किए जाते हैं। RTI और सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में लाखों फर्जी या डुप्लिकेट आधार कार्ड निरस्त किए गए हैं। उदाहरण के लिए, 2022 तक UIDAI ने लगभग 6 लाख डुप्लिकेट आधार कार्ड रद्द किए थे। पिछले 5 वर्षों में 3.5 लाख से अधिक फर्जी आधार कार्ड पकड़े गए और रद्द किए गए। मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में ही 10 हजार से ज्यादा ऐसे मामले सामने आए। हाल के वर्षों में UIDAI ने मृत व्यक्तियों के 2 करोड़ से अधिक आधार नंबर बंद किए हैं, क्योंकि अपराधी मृतकों के आधार का दुरुपयोग करके बैंक खाते, लोन या सरकारी लाभ उठा रहे थे।

फर्जी आधार कार्ड का इस्तेमाल मुख्य रूप से कई क्षेत्रों में हो रहा है। पहला, साइबर फ्रॉड और बैंकिंग धोखाधड़ी। अपराधी फर्जी आधार से बैंक अकाउंट खोलते हैं, लोन लेते हैं या AEPS (आधार एनेबल्ड पेमेंट सिस्टम) के जरिए लोगों के खाते से पैसे निकाल लेते हैं। छोटे शहरों और कस्बों में ऐसे मामले तेजी से बढ़े हैं। दूसरा, टैक्स और GST फ्रॉड। हाल ही में उत्तर प्रदेश के रायबरेली में एक गरीब मिट्टी के बर्तन बनाने वाले व्यक्ति को उसके आधार-पैन के दुरुपयोग से 1.25 करोड़ का GST नोटिस मिला, क्योंकि उसके नाम पर फर्जी फर्म रजिस्टर्ड कर ली गई थी। तीसरा, अवैध प्रवास और आतंकवाद से जुड़े मामले। बांग्लादेशी, रोहिंग्या या अन्य विदेशी नागरिक फर्जी आधार, पैन और वोटर आईडी बनवाकर भारत में बस जाते हैं, नौकरी करते हैं या यहां तक कि शादी भी कर लेते हैं। उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु आदि राज्यों में एटीएस और पुलिस ने ऐसे कई गिरोह पकड़े हैं, जहां फर्जी आधार से फ्री कश्मीर जैसी प्रोपेगैंडा फैलाया जा रहा था या आतंकी मॉड्यूल चलाए जा रहे थे। चौथा, चुनावी धांधली और अन्य अपराध। फर्जी आधार से वोटर आईडी बनवाकर अवैध मतदान या सरकारी योजनाओं में फर्जी लाभार्थी बनाए जाते हैं।

UIDAI और सरकार ने इस समस्या से निपटने के लिए कई कदम उठाए हैं। आधार अधिनियम 2016 के तहत फर्जी आधार बनाने या इस्तेमाल करने पर 3 साल तक की कैद और 10,000 रुपये तक जुर्माना का प्रावधान है। UIDAI ने फर्जी वेबसाइट्स पर कार्रवाई की, मास्क्ड आधार (जिसमें केवल आखिरी 4 अंक दिखते हैं) को बढ़ावा दिया और mAadhaar ऐप से डिजिटल सत्यापन को आसान बनाया। हाल ही में आधार कार्ड के डिजाइन में बदलाव की योजना है, जहां केवल फोटो और क्यूआरकोड होगा, ताकि फोटोकॉपी से दुरुपयोग रुके। मौत की रिपोर्टिंग के लिए परिवार वाले myAadhaar पोर्टल पर रिपोर्ट कर सकते हैं।

फिर भी चुनौतियां बनी हुई हैं। बायोमेट्रिक क्लोनिंग, AI से फेक डॉक्यूमेंट्स बनाना और बॉर्डर क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा जारी है। आम नागरिकों को सलाह है कि आधार नंबर कभी अनावश्यक साझा न करें, masked आधार इस्तेमाल करें, नियमित UIDAI वेबसाइट पर लॉगिन करके ऑथेंटिकेशन हिस्ट्री चेक करें और संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत शिकायत करें।

फर्जी आधार कार्ड का दुरुपयोग न केवल व्यक्तिगत स्तर पर नुकसान पहुंचाता है, बल्कि देश की सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और सामाजिक न्याय को खतरे में डालता है। UIDAI की सतर्कता और जन जागरूकता से ही इस समस्या पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।

## रिश्तों में छल


हाल ही में सामने आए एक सर्वेक्षण में, यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि जीवन साथी की निगरानी के लिये बड़ी संख्या में डिटेक्टिव एजेंसियों की मदद ली जा रही है। तमाम विवाहेत्तर संबंधों की पड़ताल से बड़ी संख्या में शक सही निकल रहे हैं। हालांकि, इस सर्वे के दायरे और उसकी विश्वसनीयता की कसौटी के प्रश्न सामने हैं, लेकिन यह एक कड़वी हकीकत है कि हमारी पारिवारिक संस्था में अविश्वास की सेंध लग रही है। खाओ-पियो मौज करो की पश्चिमी संस्कृति के अंधानुकरण से वैवाहिक संस्था की शुचिता को आंच आई है। समाज में अलगाव, तलाक व हिंसक प्रतिशोध के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। रही सही कसर कथित सोशल मीडिया ने पूरी कर दी है, जिसने हमारे समाज में वर्जित माने जाने वाले भदेस विषयों को न्यू नॉर्मल बना दिया है। दरअसल, हाल के वर्षों में भारतीय समाज तेजी से संक्रमणकालीन दौर में जा पहुंचा है। कभी जिस रिश्ते को सिरे चढ़ाते वक्त जन्म-जन्मांतर साथ निभाने का वायदा किया जाता था, आज उसी जीवन साथी की निगरानी के लिये डिटेक्टिव एजेंसियों की मदद ली जा रही है। यह दुखद ही है कि जिन जीवन मूल्यों, संयम व शुचिता के रिश्तों के लिये भारत दुनिया में जाना जाता था, वहां आज यौन स्वच्छंदता व विवाहेत्तर संबंधों का दायरा बढ़ रहा है। एक समय था कि भारतीय संयुक्त परिवार की छांव में संयमित व मर्यादित व्यवहार करते थे। बड़ों का अनुशासन मर्यादा की रक्षा करता था। कामकाज का स्वरूप और स्थानीय रोजगार भी जीवन व्यवहार को संतुलित व संयमित करते थे। लेकिन हमारी कार्य संस्कृति में बदलाव व देश-विदेश में कामकाज के लिये बाहर जाने के बाद व्यक्ति स्वच्छंद व्यवहार करने लगा। यही वजह है कि विदेश में रहने वाले पति या पत्नी के व्यवहार की पड़ताल के लिये डिटेक्टिव एजेंसियों की मदद लेने के मामले लगातार उजागर हुए हैं। जिसके बाद मुकदमेबाजी, अलगाव व टकराव की खबरें सामने आने लगती हैं।

दरअसल, विगत में भारतीय समाज में व्यक्ति के सार्वजनिक व्यवहार को संयुक्त परिवार व समाज संयमित करता था। लेकिन धीरे-धीरे आर्थिक आत्मनिर्भरता के बाद लोगों ने बड़े-बुजर्गों व समाज के हस्तक्षेप को अस्वीकार करना शुरू कर दिया। विगत में हमारी फिल्मों व टीवी निर्माताओं ने दर्शकों की भीड़ जुटाने के लिये हमेशा असामान्य वैवाहिक रिश्तों को अपनी कथावस्तु बनाया। इन असामान्य रिश्तों को इस ग्लैमर के साथ पेश किया जाता रहा है कि कालांतर उसका प्रभाव समाज पर नजर आने लगा। आज तो विदेशी धरती से संचालित इंटरनेट व सोशल मीडिया ने तो असामान्य रिश्तों की पराकाष्ठा दर्शा दी। विडंबना यह रही है कि मीडिया ने भी ऐसी नकारात्मक प्रवृत्तियों को इतनी तरजीह दी कि समाज के एक तबके में असामान्य रिश्तों को सामान्य माना जाने लगा। एक हकीकत यह भी है कि देश पर तमाम विदेशी आक्रांताओं ने भारतीय संस्कृति को इतनी क्षति नहीं पहुंचाई होगी, जितनी इंटरनेट व सोशल मीडिया के माध्यम से परोसी जा रही अपसंस्कृति ने विकृतियां पैदा की। नई पीढ़ी ही नहीं, उम्र दराज लोग भी कामदेव के मोहपाश में बंधे वर्जनाओं को लांघने लगे हैं। सोशल मीडिया पर बालाओं के मोहपाश में बंधकर गांठ का धन गंवाने वालों में बुजुर्गों की संख्या भी कम नहीं है। निस्संदेह, विवाह एक पवित्र बंधन है। जिसका निर्वहन संयम, सहजता, सहयोग, धैर्य और त्याग से ही होता है। लगता है कहीं न कहीं नई पीढ़ी लगातार धैर्य खोती जा रही है। रिश्तों के दीर्घकालिक निर्वहन का मूलमंत्र यही है कि हम जीवन-साथी की छोटी-मोटी कमियों को नजरअंदाज करके सामंजस्य के साथ जीवन की गाड़ी को आगे बढ़ाएं। असामान्य रिश्तों का अल्पकालिक सुख भले ही लुभाता हो, मगर उसकी कीमत परिवार को लंबे समय तक चुकानी पड़ती है।

# शिक्षा में न्यायपालिका: संवाद की जरूरत या विवाद की राजनीति?

ललित गर्ग



एक बार फिर शिक्षा से जुड़ा एक प्रश्न राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में है। शिक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा प्रकाशित आठवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक में हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका शीर्षक अध्याय में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार और लंबित मुकदमों का उल्लेख किए जाने पर भारत का सर्वोच्च न्यायालय ने नाराजगी प्रकट की। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की यह टिप्पणी कि किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने नहीं दिया जाएगा केवल एक भावनात्मक प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि संस्थागत गरिमा की रक्षा का संकेत है। इसके बाद संबंधित अध्याय को हटाने और बाजार में उपलब्ध पुस्तकों को वापस लेने का निर्णय लिया गया। प्रश्न यह है कि क्या यह केवल एक संपादकीय चूक थी या हमारे शैक्षिक ढांचे में कहीं गहरी संरचनात्मक कमी है? प्रश्न है कि स्कूली बच्चों को 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' के बारे में जानकारी देने से किस हित की पूर्ति होने वाली है? लेकिन इसमें दो मत नहीं है कि न्यायिक तंत्र के साथ हर क्षेत्र में फैली भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के ठोस उपाय होने ही चाहिए। सबसे पहले यह भी स्वीकार करना होगा कि न्यायपालिका में लंबित मामलों और भ्रष्टाचार जैसे प्रश्न पूरी तरह काल्पनिक नहीं हैं। न्यायालयों में लंबित मुकदमों की संख्या करोड़ों में है, यह एक सार्वजनिक तथ्य है। कुछ मामलों में न्यायिक आचरण पर भी प्रश्न उठे हैं। परंतु उतना ही सत्य यह भी है कि भारतीय न्यायपालिका ने समय-समय पर अपनी स्वतंत्रता, पारदर्शिता और सक्रियता से लोकतंत्र की रक्षा की है। पिछले वर्षों में शीर्ष न्यायाधीशों द्वारा अपनी संपत्तियों का सार्वजनिक विवरण देने की सहमति जैसे कदमों ने संस्थागत पारदर्शिता को सुदृढ़ किया है। ऐसे में प्रश्न यह नहीं है कि समस्या है या नहीं, प्रश्न यह है कि उसे किस भाषा, किस संतुलन और किस शैक्षिक दृष्टि से प्रस्तुत किया जाए।

शिक्षा का उद्देश्य केवल तथ्य देना नहीं, दृष्टि देना है। यदि हम बच्चों को यह सिखाते हैं कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार है, तो साथ ही यह भी सिखाना होगा कि न्यायपालिका ने भ्रष्टाचार से लड़ने में कैसी भूमिका निभाई है, उसने प्रशासनिक दुरुपयोग पर कैसे अंकुश लगाया है, नागरिक अधिकारों की रक्षा में कैसे ऐतिहासिक निर्णय दिए हैं। शिक्षा में आलोचना हो, पर निराशा नहीं, तथ्य हों, पर संतुलन भी हो। यदि किसी अध्याय में केवल संस्थागत विकृतियों का उल्लेख हो और सुधारात्मक प्रयासों, आदर्श उदाहरणों और संवैधानिक मूल्यों का समुचित विवेचन न हो, तो वह शिक्षा में मूल्यों एवं आदर्शों के बजाय अविश्वास का बीजारोपण बन सकता है। यह विवाद एक बड़े प्रश्न को भी जन्म देता है- पाठ्य पुस्तकों की निर्माण प्रक्रिया में बहुस्तरीय समीक्षा के बावजूद ऐसी सामग्री कैसे प्रकाशित हो जाती है? क्या संपादकीय बोर्ड में विविध दृष्टिकोणों का अभाव है? क्या विधि विशेषज्ञों, शिक्षाशास्त्रियों और मनोवैज्ञानिकों के बीच समन्वय पर्याप्त नहीं है? एक लोकतांत्रिक समाज में संस्थाओं की आलोचना वर्जित नहीं हो सकती, पर आलोचना और अवमूल्यन के बीच महीन रेखा होती है। शिक्षा मंत्रालय और एनसीईआरटी जैसी संस्थाओं का दायित्व है कि वे इस रेखा को पहचानें।

यह भी स्मरणीय है कि भ्रष्टाचार केवल न्यायपालिका तक सीमित समस्या नहीं है। हाल ही में ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की इसी महीने जारी रिपोर्ट के मुताबिक करप्शन परसेप्शन इंडेक्स में 182 देशों के बीच भारत की रैंक 91 है। पिछले साल के मुकाबले भारत ने 5 स्थान का सुधार किया है, यह स्थिति सुधार के बावजूद मध्य स्तर पर बनी हुई बताई गई है। इसका अर्थ है कि भ्रष्टाचार एक संरचनात्मक, सामाजिक और प्रशासनिक चुनौती है। यदि हम बच्चों को इसके बारे में पढ़ाते हैं तो उसे एक समग्र सामाजिक संदर्भ में पढ़ाया जाना चाहिए कि यह समस्या क्यों उत्पन्न होती है, इसे रोकने के लिए क्या संवैधानिक तंत्र हैं, नागरिकों की क्या भूमिका है और सुधार की संभावनाएं क्या हैं। केवल किसी एक संस्था को केंद्र में रखकर समस्या का चित्रण करना न तो शैक्षिक रूप से न्यायोचित है और न ही संवैधानिक संतुलन के अनुरूप।


न्यायपालिका की गरिमा का प्रश्न भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र तीन स्तंभों-विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका पर आधारित है। यदि किसी एक स्तंभ के प्रति बच्चों के मन में अविश्वास की भावना बिना सम्यक् विश्लेषण के उत्पन्न हो जाए, तो यह दीर्घकाल में लोकतांत्रिक संस्कृति के लिए हानिकारक हो सकता है। परंतु गरिमा की रक्षा का अर्थ यह भी नहीं कि समस्याओं पर मौन साध लिया जाए। गरिमा और पारदर्शिता परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। न्यायपालिका की वास्तविक प्रतिष्ठा उसकी आलोचना सहने की क्षमता, आत्मसुधार की तत्परता और नैतिक दृढ़ता से बढ़ती है। इस संदर्भ में एक नई शैक्षिक संरचना की आवश्यकता अनुभव होती है। पाठ्य पुस्तकों में संस्थागत अध्ययन का प्रारूप इस प्रकार विकसित किया जा सकता है जिसमें तीन आयाम हों-संविधान द्वारा प्रदत्त भूमिका, वास्तविक चुनौतियां और सुधार की पहल। उदाहरण के लिए, न्यायपालिका पर अध्याय में उसके ऐतिहासिक निर्णय, जनहित याचिका की परंपरा, मौलिक अधिकारों की रक्षा, साथ ही लंबित मामलों की समस्या और न्यायिक सुधार आयोगों की सिफारिशों का संतुलित उल्लेख किया जाए। इससे छात्र न तो अंधभक्त बनेंगे और न ही निंदक, वे सजग नागरिक बनेंगे।

शिक्षा मंत्रालय को भी इस अवसर को आत्ममंथन के रूप में लेना चाहिए। विवाद के बाद अध्याय हटाना तात्कालिक समाधान हो सकता है, पर स्थायी समाधान नहीं। आवश्यकता है एक स्वतंत्र, बहुविषयी समीक्षा तंत्र की, जिसमें विधि विशेषज्ञ, पूर्व न्यायाधीश, शिक्षाशास्त्री, समाजशास्त्री और बाल मनोविज्ञान के जानकार शामिल हों। साथ ही, सार्वजनिक परामर्श की परंपरा विकसित की जा सकती है ताकि पाठ्य पुस्तकें केवल सरकारी दस्तावेज न रहकर सामाजिक सहमति का दस्तावेज बनें। न्यायपालिका भी इस प्रसंग में रचनात्मक पहल कर सकती है। यदि वह स्वयं विद्यालयों और विश्वविद्यालयों के लिए न्यायिक साक्षरता कार्यक्रम आरंभ करे, न्यायालयों के कार्यप्रणाली पर सरल और संतुलित अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराए, तो इससे भ्रांतियों का निवारण होगा। न्यायपालिका की पारदर्शिता और संवादशीलता उसकी गरिमा को और सुदृढ़ करेगी।

अंततः यह विवाद हमें यह सोचने को विवश करता है कि हम अपने बच्चों को कैसी नागरिकता का संस्कार देना चाहते हैं। क्या हम उन्हें केवल समस्याओं का बोध देंगे या समाधान की प्रेरणा भी देंगे? क्या हम उन्हें संस्थाओं पर अविश्वास करना सिखाएँगे, या सुधार में सहभागी बनने की चेतना से सम्पन्न बनायेंगे? लोकतंत्र का भविष्य पाठ्य पुस्तकों की पंक्तियों में ही आकार लेता है। इसलिए आवश्यक है कि शिक्षा में सत्य हो-पर संतुलित, आलोचना हो-पर रचनात्मक और संस्थाओं की गरिमा अक्षुण्ण रखते हुए सुधार की राह भी खुली रहे। भ्रष्टाचार एक गंभीर राष्ट्रीय चुनौती है, पर उसका समाधान संस्थाओं को कटघरे में खड़ा कर देने से नहीं, बल्कि उन्हें अधिक उत्तरदायी और पारदर्शी बनाकर ही निकलेगा। शिक्षा का कार्य इसी संतुलन को साधना है। यदि यह विवाद हमें अधिक परिपक्व, संवादशील और उत्तरदायी शैक्षिक व्यवस्था की ओर ले जाए, तो यह एक नई दिशा, नई दृष्टि और नई संरचना के प्रादुर्भाव का अवसर सिद्ध हो सकता है। लोकतंत्र की सच्ची शक्ति आलोचना और आत्मसुधार के समन्वय में ही निहित है, और यही संतुलन हमारी पाठ्य पुस्तकों में भी प्रतिबिंबित होना।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3813




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

### काकुरो - 3812 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

मेजर (जवान से) : तुम इतना ज्यादा क्यों पीते हो? तुम्हें खबर है कि अगर तुम्हारा रिकॉर्ड अच्छा होता तो अब तक सूबेदार हो गए होते।

जवान : माफकीजिए सर! आपकी बात तो सोलह आने सच है। मगर बात यह है कि जब दो घूँट मेरे अंदर पहुँच जाते हैं तो मैं अपने आपको कर्नल समझने लगता हूँ।

□ □ □

एक बार रमन जवानों की परेड करवाने में बहुत व्यस्त था, उसने गरज कर कहा- सभी जवान अपना-अपना दायाँ पैर ऊपर उठाएँ।

बस क्या था, एक जवान ने गलती से बायाँ पैर ऊपर उठा दिया।

यह देख कर रमन जोर से चिल्लाया- ये कौन बेवकूफहै, अपने दोनों पैर ऊपर उठा कर खड़ा है?


□ □ □

चमन (रमन से)- यार! कल तो गजब हो गया। प्लेटफॉर्म पर भीड़ में मेरी प्रेमिका न जाने कहाँ खो गई थी। मुझे तो लगा जैसे मेरे तो हाथों के तोते उड़ गए।

रमन- उफयार! यह तो बहुत ही बुरा हुआ। वैसे ये तो बता दे कितने तोते थे?

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3813



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, जया की 'ये जुल्फ कैसी है' गीत वाली फिल्म-२,१,२
४. 'सीमायें बुलाये तुझे' गीत वाली जे.पी.दत्ता की युद्ध की पृष्ठभूमि पर बनी एक मल्टीस्टारर फिल्म-२,१,१
६. फिल्म 'साया' में नायिका कौन थी-२
७. 'झमका चाँदी दा' गीत वाली मनोज, अरशद, तब्बू, शीबा की फिल्म-२
८. अभिषेक, अंतरा माली की 'बेरंग जिंदगी' गीत वाली फिल्म-२
११. फिल्म 'जीवनमृत्यु' में नायिका थी-२
१४. 'तुम तो परदेसी हो' गीत वाली फराजखान, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
१५. अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्या की 'दिल डूबा' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'आज मदहोश हुआ जाये' गीत वाली शशिकपूर, राखी की फिल्म-३
१७. संजय कपूर, रवीना, अदिति की 'हंसता है रूलता' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'सनन सनन साय साय हो' गीत वाली गोविंदा, रमैया की फिल्म-४,२
२२. सनी देओल, अमीषा पटेल की 'घर आजा परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'तू कल चला' गीत वाली संजयदत्त, कुमार गौरव, पूनम ढिल्लों की फिल्म-२
२४. जैकी, सुनील शेट्टी, डिनो, करिश्मा की 'ऐ सुबह तू' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'हुस्ने जाना इधर आ' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म-२
२८. देवआनंद, गीता बाली की 'चांदनी रातें प्यार की' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'जिनके पास हाथी घोड़ा' गीत वाली राजकुमार, लीना की फिल्म-२,१,२
३०. जीतेंद्र, जयाप्रदा की 'आईने के सौ टुकड़े' गीत वाली फिल्म-१
३१. 'लड़की जो आए बाजार में' गीत वाली जैकी श्रॉफ, मनीषा की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'नदिया किनारे आआ' गीत वाली संजय दत्त, आफताब, नंदिता की फिल्म-२
२. ऋषिकपूर, माधुरी दीक्षित की 'जाने वो कैसा चोर था' गीत वाली फिल्म-३
३. 'आजकल पाँव जमीं पर' गीत वाली फिल्म-२
४. अक्षय, करीना कपूर, प्रियंका की फिल्म-४
५. 'दिल दिया है तुझे' गीत वाली अतीन भल्ला, संदली सिन्हा की फिल्म-२
९. राहुल बोस, करीना कपूर की 'जाने क्यूं हमको' गीत वाली फिल्म-३
१०. राजकपूर, परवीन की 'आपसा कोई हसीन' गीत वाली फिल्म-२,२
१२. 'तोता मैना की कहानी' गीत वाली शशिकपूर, शबाना की फिल्म-३
१३. मिलिंद सोमण, किरण झवेर की 'जीना है तेरी' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'सुलगे हुए हैं' गीत वाली जिमी, इरफान, ऋषिता, नम्रता की फिल्म-३
१९. फिल्म 'अवतार' में राजेश की नायिका?-३
२०. 'नहीं ये हो नहीं सकता' गीत वाली फिल्म-४
२१. अमिताभ, जैकी, कैटरीना, मधु, सीमा की 'आई सी यू बेबी' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'रंग और नूर की बारात' गीत वाली सुनीलदत्त, मीना कुमारी की फिल्म-३
२४. नसीर, फारूख शेख, स्मिता की फिल्म-३
२६. 'बोल गोरी बोल' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
२७. शाहरूख, माधुरी की 'तू सामने जब आता है' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'हम प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3812



## सूडोकु -3813

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | | 1 | | 5 | | 2 |
| | 9 | | | 8 | | | | 3 |
| 1 | | | 6 | 9 | | 7 | | |
| | 3 | 8 | 2 | | 1 | | | |
| 2 | 7 | 5 | | | | 6 | 3 | 1 |
| | | | 5 | | 7 | 2 | 8 | |
| | | 9 | | 7 | 4 | | | 6 |
| 8 | | | | 2 | | | 5 | |
| 4 | | 2 | | 5 | | 9 | 1 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3812 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## शब्द पहेली - 3813



**बाएँ से दाएँ**

1.सुरक्षित-4
4.माहुर,आलता-4
7.कार्य,काज-2
8.रांझे की प्रेमिका-2
9.स्याही,कालिख-2
10.भूमि,धरा-2
12.ठाठ-बाट-2
14.अधर,होंठ-2
16.विशाल,श्रेष्ठ-3
18.आदेश,आज्ञा-4
20.कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23.काका की पत्नी-2
24.कामदेव की पत्नी-2
25.जनवासा,हरम-4
28.हमसफर-4
30.कपड़े धोने वाला-3
33.आनंद,मौज-2
35.संदेह-2
37.सरूर,खुमार-2
39.मृत्यु का देवता-2
41.पुण्य का विलोम-2
42.परछाई,छाया-2
43.शिव,रुद्र,शंकर-4
44.सराबोर,सना हुआ-4

**ऊपर से नीचे**

1.समान,एक जैसा-2
2.बारीक-3
3.भीगा हुआ-2
4.मेरा (संस्कृत-2)
5.पाना,प्राप्त-3
6.घोड़ागाड़ी,गाड़ी-2
7. कहवा-2
11.उद्देश्य-2
12.गजल लिखनेवाला-3
13.उस जगह-2
15.बारिश,वर्षा-3
16.जी,चित-2
17.मर्द,आदमी-2
18.दरवेश-3
19.मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21.साजन,प्रेमी-3
22.मुलायम-3
26.कायदा,कानून-3
27.महोदय (अंग्रेजी)-2
28.अधिकार-2
29.खटखटाना-3
31.जगत,दुनिया-2
32.प्राण,जीव-2
34.स्वाद-3
35.प्रतिज्ञा-3
36.शरीर,तन-2
38.संध्या,सांझ-2
40.अपशिष्ट पदार्थ-2
41.मस्तूल,नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42.संग,संगत-2

### शब्द पहेली - 3812 का हल



विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
शुक्रवार 27 फरवरी 2026
Www.vishalindia.in

# भाई की मौत का बदला था नितिन का मर्डर

**जेल से आते ही प्लान बना, डेढ़ साल बाद पत्नी के सामने बरसाई गोलियां**

**नोएडा।** नितिन नागर हत्याकांड में जांच के दौरान हत्या की वजह सामने आई है। पुलिस के मुताबिक, राजेश और नितिन पिछले डेढ़ साल से बदला लेने की साजिश रच रहे थे। इस दुश्मनी की जड़ मार्च 2024 में हुई विनय नागर की हत्या से जुड़ी है। दरअसल, ठेकेदारी का काम करने वाले विनय नागर की हत्या का आरोप नितिन नागर पर लगा था।

मामले के बाद नितिन ने दिल्ली की एक अदालत में सरेंडर किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस जांच में सामने आया कि जब नितिन जेल में था, करीब छह महीने पहले उसके पिता फिरे नागर की हत्या कर दी गई थी।

उनका शव घंघौला के खेतों में मिला था। इस हत्या में भी सचिन पर शक जताया गया था। हालांकि उस समय नितिन जेल में होने के कारण कोई प्रतिक्रिया नहीं दे सका। जेल से बाहर आने के बाद घटनाक्रम ने खूनी मोड़ ले लिया।

### जमानत पर बाहर आते ही बना हत्या का प्लान

करीब छह महीने पहले नितिन के जेल से बाहर आने की जानकारी मिलते ही राजेश और नितिन (मामा भांजा) ने अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या की साजिश को अंजाम दिया। पुलिस को घटना का सीसीटीवी फुटेज भी मिला है, जो हमले की पूरी वारदात को बयां करता है।

इस मामले में अब तक पांच लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। एक आरोपी का पुलिस की निगरानी में इलाज चल रहा है।





### घटना के दिन : दुकान से लौटते समय हमला

गांव लुक्सर निवासी नितिन ई-रिक्शा एजेंसी चलाता था। मंगलवार सुबह वह शैंपू लेने दुकान गया था। करीब 11 बजे शैंपू लेकर घर लौटते समय पहले से घात लगाए तीन हमलावरों ने उसे पीछे से पकड़ लिया। नितिन ने भागने की कोशिश की, लेकिन हमलावरों ने उसे दौड़ा लिया।

हमलावरों ने नितिन को उसके घर के सामने पकड़कर सड़क पर गिरा दिया और एक के बाद एक तीन गोलियां दाग दीं।

गोली लगते ही नितिन खून से लथपथ होकर सड़क पर गिर पड़ा। गोलियों की आवाज सुनकर उसकी पत्नी श्वेता घर से बाहर आई और पति को बचाने की कोशिश की।

इस दौरान एक हमलावर ने उस पर तमंचा तान दिया। पत्नी के सामने ही हमलावरों ने नितिन की गर्दन पर चाकू से कई वार किए।

इसी बीच मोहल्लेवालों को आता देख तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। परिजनों के अनुसार, नितिन के दो छोटे बच्चे हैं।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गोली लगने की पुष्टि

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गोली लगने से मौत की पुष्टि हुई थी। नितिन को तीन गोलियां मारी गई थी। इसके अलावा गले में छाती में चाकू से वार किया। ब्लड ज्यादा बह जाने की वजह से उसकी मौत हुई। बुधवार शाम को नितिन का अंतिम संस्कार गांव में किया गया।

### पुलिस के दो एनकाउंटर, पांच आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में मामा राजेश और भांजा नितिन, दोनों निवासी लुक्सर, मुख्य साजिशकर्ता बताए जा रहे हैं।

वहीं, उनके साथी सचिन, विपिन और मोनू को पुलिस ने एनकाउंटर के बाद पकड़ा। एक अन्य आरोपी जीते का अस्पताल में पुलिस निगरानी में इलाज चल रहा है।

### 'सेल्फ डिफेंस' दिखाने के लिए खुद को मारी गोली

जांच में खुलासा हुआ कि जीते ने घटना को पलटने के लिए पहले नितिन को गोली मारी फिर अपने ही पैर में गोली मारकर सेल्फ डिफेंस का दावा करने की कोशिश की।

हत्या के बाद कई सीसीटीवी फुटेज सामने आए हैं। पुलिस ने घटनास्थल से फुटेज कब्जे में लेकर महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# किसान एकता महासंघ ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से वार्ता की

**किसानों की लंबित समस्याओं के समाधान की मांग**

**जेवर।** किसान एकता महासंघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से मिला। किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। यह बैठक राष्ट्रीय संरक्षक बाली सिंह और राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश कसाना के नेतृत्व में हुई।

संगठन के जिला अध्यक्ष अरविंद सैकेटरी ने बताया कि किसानों की समस्याएं लंबे समय से लंबित हैं, लेकिन प्राधिकरण के अधिकारी लगातार अनदेखी कर रहे हैं।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि एक सप्ताह पूर्व भी 7 सूत्रीय मांगों को लेकर ओएसडी मुकेश कुमार को मुख्य



कार्यपालक अधिकारी के नाम ज्ञापन दिया गया था, जिस पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

किसानों की प्रमुख मांगों में अधिग्रहित भूमि के बदले 6 प्रतिशत आवासीय भूखंडों का आवंटन शामिल है। यह मांग बादलपुर, बिसरख, सुनपुरा, बिरौड़ा, बैदपुरा, रिठौड़ी और सिरसा सहित दर्जनों गांवों के किसानों के लिए है। इसके अतिरिक्त, महासंघ ने बिना आबादी सर्वे और नक्शा बनाए ग्रामीण आबादी में लगाए गए 6 प्रतिशत भूखंडों को अन्य स्थान पर समायोजित करने की मांग की।

महासंघ ने खेतीहर मजदूर और भूमिहीन किसानों को 100 वर्गमीटर आवासीय भूखंड देने, पुरानी आबादियों का निस्तारण प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के तहत सैटेलाइट सर्वे से कराने तथा लीजबैक व शिफ्टिंग प्रकरणों का शीघ्र समाधान करने की भी मांग उठाई।

अन्य मांगों में प्राधिकरण क्षेत्र की कंपनियों में स्थानीय युवाओं को योग्यता के आधार पर रोजगार, शिक्षण संस्थानों में किसान बच्चों के लिए आरक्षण कोटा सुनिश्चित करना शामिल है। साथ ही, सभी गांवों में बारात घर, खेल मैदान, मिनी स्टेडियम और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी मांग की गई।

अधिकारियों ने सभी बिंदुओं पर वार्ता की और समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर चौधरी बाली सिंह, रामानंद कसाना, राजेंद्र चौहान, रविंद्र चौधरी, रज्जाक ठेकेदार, सोनू कसाना सहित दर्जनों किसान उपस्थित थे।

# नोएडा में पुरानी बिल्डिंग तोड़ते समय भरभराकर गिरी

**हादसे के समय कोई नहीं था मौजूद, नियमों की अनदेखी का आरोप**

**नोएडा।** नोएडा में एक पुरानी बिल्डिंग को तोड़ते समय कंपनी की बाउंड्रीवाल और गार्ड रूम की दीवार गिर गई। घटना के समय वहां पर कोई मौजूद नहीं था। घटना बुधवार रात थाना फेज-2 क्षेत्र की है। सूचना मिलते ही आसपास की फैक्ट्रियों में अफरा-तफरी मच गई।

स्थानीय लोगों और कंपनी के कर्मचारियों ने तुरंत डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति का जायजा लिया और संबंधित पक्षों से पूछताछ की। बगल वाली कंपनी के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि मदरसन प्रबंधन की लापरवाही के कारण यह घटना हुई।

### सेफ्टी और बेरिकेडिंग नहीं करने का आरोप

उनका कहना है कि बिल्डिंग को बिना सक्षम प्राधिकरण की अनुमति और बिना आवश्यक सुरक्षा मानकों के अनुपालन के तोड़ा जा रहा था। कंपनी प्रतिनिधियों के अनुसार, ध्वस्तीकरण के दौरान पर्याप्त सेफ्टी बैरिकेडिंग और संरचनात्मक सुरक्षा उपाय नहीं किए गए, जिसके चलते उनकी फैक्ट्री को नुकसान हुआ।

## शार्ट न्यूज

### ग्रेटर नोएडा में 4 किसानों के ट्यूबवेल चोरी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित अस्तौली गांव में चार किसानों के ट्यूबवेल से विद्युत मोटर और अन्य उपकरण चोरी हो गए। चोरों ने ट्यूबवेल के ताले तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। घटना का पता गुरुवार सुबह तब चला जब किसान अपने खेतों पर पहुंचे। पीड़ित किसानों रवि, बालकराम, मिंटू और महेश ने बताया कि वे बुधवार रात को ट्यूबवेल बंद करके घर लौटे थे। सुबह खेत पर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि ट्यूबवेल के ताले टूटे हुए थे और अंदर से मोटर सहित कीमती बिजली का सामान गायब था। इस चोरी से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है और उनकी सिंचाई व्यवस्था भी प्रभावित हुई है। किसानों का कहना है कि कुछ महीने पहले भी क्षेत्र में इसी तरह की चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस अब तक आरोपियों को पकड़ने में सफल नहीं हो पाई है। लगातार हो रही इन वारदातों से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। पीड़ित किसानों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

### नोएडा में सांड ने युवक को पटका

नोएडा। नोएडा में सांड ने एक युवक को उठाकर पटक दिया। वह सड़क पर खड़े होकर अपने दोस्तों से बात कर रहा था। जिसका एक वीडियो भी सामने आया है। बताया गया कि ये वीडियो नोएडा के सेक्टर-4 का है। युवक को चोट लगी है। उसका प्राथमिक उपचार किया गया। नोएडा में आवारा पशुओं का आतंक बढ़ता जा रहा है। इन पशुओं को पकड़ कर शेल्टर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी नोएडा प्राधिकरण की है। इसके बाद भी सड़क पर आवारा पशुओं बढ़ते जा रहे है। कई बार प्राधिकरण एक्शन भी ले चुका है लेकिन असर सड़क पर नहीं दिख रहा। पहले भी नोएडा में साड़ की टक्कर से एक महिला की मौत तक हो चुकी है। साथ ही कई लोग घायल हो चुके है। इसका एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें साफ दिख रहा है कि एक युवक कार के पीछे कुछ लोगों से बात कर रहा है। इस दौरान एक साड़ पीछे से उसे मारता है। उसे सींग से उठाकर जमीन पर पटक देता है। इसके बाद सड़क पर चला जाता है। वहां खड़े कुछ युवक जमीन पर गिरे पीड़ित को उठाते है।

### ग्रेटर नोएडा में रेड बुल मोटरस्पोर्ट्स कार्यक्रम शुरू

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर स्थित बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में गुरुवार को रेड बुल की गिव्स यू विंग्स पहल के तहत एक भव्य मोटरस्पोर्ट्स कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस हाई-ऑक्टेन आयोजन ने क्षेत्र के युवाओं में उत्साह का संचार किया। कार्यक्रम के दौरान फॉर्मूला-1 शो-रन और रोमांचक मोटरस्पोर्ट्स प्रदर्शन मुख्य आकर्षण रहे। रेसिंग ट्रैक पर फर्राटा भरती कारों को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और इन रोमांचक नजारों का आनंद लिया। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं की प्रतिभा और ऊर्जा को नया आयाम देते हैं। उन्होंने जोर दिया कि यह युवाओं में आत्मविश्वास और जोश भरते हैं। विधायक ने आगे कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के ये कार्यक्रम ग्रेटर नोएडा को वैश्विक खेल मानचित्र पर स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे क्षेत्र में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय युवाओं को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। इस कार्यक्रम का सफल संचालन अमूल के निदेशक डॉ. आकाश राज शेखा की देखरेख में किया गया।

### युवक अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में दनकौर रेलवे स्टेशन के पास पुलिस ने गुरुवार को एक युवक को अवैध तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कोतवाली क्षेत्र के दौला गांव निवासी जीशान के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, जीशान किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में इलाके में घूम रहा था। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि गुरुवार को रेलवे स्टेशन क्षेत्र में गश्त के दौरान पुलिस को संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिली थी। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी जीशान ने स्वीकार किया कि वह किसी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहा था। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि वह किस प्रकार की घटना को अंजाम देना चाहता था और इस मामले में कोई अन्य व्यक्ति भी शामिल है या नहीं। पुलिस ने आरोपी जीशान के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### ग्रेटर नोएडा में 25 दिन पहले बनी सड़क टूटी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जुनेदपुर गांव में आरसीसी सड़क के निर्माण को लेकर विवाद खड़ा हो गया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने जुनेदपुर से रोशनपुर मार्ग पर करीब 25 दिन पहले सड़क बनाई गई थी। अब इसके निर्माण में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जा रहे हैं। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है। इसके परिणामस्वरूप महज 25 दिनों के भीतर ही सड़क की ऊपरी परत उखड़ने लगी है और सीमेंट-बजरी बाहर निकल रही है। सड़क की खराब गुणवत्ता को लेकर करप्शन फ्री इंडिया संगठन ने आंदोलन की घोषणा की है। संगठन के जिला अध्यक्ष प्रेम प्रधान के नेतृत्व में शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। संगठन ने आरोप लगाया है कि सड़क निर्माण में गंभीर अनियमितताएं हुई हैं और जिम्मेदार अधिकारियों व ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। संगठन की कोर कमेटी के प्रमुख सदस्य मास्टर दिनेश नागर ने बताया कि जुनेदपुर गांव के मुख्य मार्ग पर लंबे समय से गहरे गड्ढे थे।

### शिक्षक ने मारा चांटा, मुकदमा दर्ज

**दादरी।** रेलवे रोड स्थित विद्यालय की शिक्षिका को होमवर्क न पूरा होने पर छात्रा को चांटा मारना महंगा पड़ गया। अभिभावकों ने कोतवाली में जाकर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया। अभिभावकों का आरोप था कि छात्रा को पढ़ाई के नाम पर आए दिन प्रताड़ित किया जा रहा था। वहीं, शिक्षिका का कहना है कि छात्रा लगातार पढ़ाई में लापरवाही बरत रही थी। उसे डांटा गया। तुलसी विहार कॉलोनी के रहने वाले एक परिवार की बेटी रेलवे रोड स्थित एक कान्वेंट स्कूल में कक्षा तीन में पढ़ती है। आरोप है कि करीब पांच माह पूर्व छात्रा को एक मैडम ने होमवर्क पूरा न होने पर चांटा मार दिया इसके बाद छात्रा का गाल लाल हो गया। छात्रा ने घटना के बारे में परिजनों को बताया। इसके बाद परिजनों ने स्कूल में प्रधानाचार्य से संपर्क किया। परिजनों की शिकायत है कि प्रधानाचार्य ने टीचर को चांटा मारने की गलती को लेकर बिल्कुल भी अहसास नहीं कराया। इसके विपरीत अभिभावकों से ही गलत बर्ताव किया। कोतवाली प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि टीचर और प्रबंधक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज चेक की जा रही है। पुलिस प्रकरण की जांच कर रही है।

## यमुना एक्सप्रेसवे के पास मिले गोवंश के अवशेष

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे स्थित रोनिजा कट के पास गुरुवार को मिट्टी में दबे गोवंश के अवशेष मिले। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही आसपास के गांवों के लोग और विभिन्न हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर एकत्र हो गए। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। लोगों ने बताया कि कुछ दिन पहले भी क्षेत्र में इसी तरह के गोवंश के अवशेष मिले थे। उनका आरोप है कि इलाके में गोवध करने वाला एक गिरोह सक्रिय है, और पुलिस की ओर से ठोस कार्रवाई न होने के कारण ऐसी घटनाएं बार-बार हो रही हैं। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। अधिकारियों ने बताया कि मामले को गंभीरता से लिया गया है। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। एहतियातन क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति को टाला जा सके। पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

## कासना में दुकानदारों से किराया वसूला गया

**ग्रेटर नोएडा।** प्रशासन की टीम ने जिला पंचायत की दुकानों का किराया न देने वालों से गुरुवार को वसूली की। दुकानों के कुछ आवंटी बार-बार नोटिस के बावजूद किराया जमा नहीं कर रहे थे। अपर मुख्य अधिकारी ने बताया कि अंकुर गर्ग पर 80,322, अरुण कुमार पर 93,525 और राजकुमार 93,321 रुपये बकाया हैं। किराये के संबंध में समस्त बकायेदारों को डुगडुगी पिटवाकर सार्वजनिक सूचना दी गई और नियमानुसार किराया वसूला गया।

**मात्र 1500 रुपये के लिए दोस्त बना जान का दुश्मन**

# फुटपाथ पर सोने वाले युवक की पत्थर मारकर हत्या

**नोएडा।** थाना फेस-3 क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहाँ मामूली लेन-देन के विवाद में एक व्यक्ति ने अपने ही साथी की बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

बता दे कि नोएडा के सेक्टर-64 स्थित नाले में एक 35 वर्षीय युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस के उच्चाधिकारी और स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुँच गए। पुछ्ताछ के दौरान मृतक की पहचान राहुल (उम्र



35 वर्ष) के रूप में हुई है, इसी इलाके में फुटपाथ पर सोकर पर रहता था। पुलिस द्वारा की गई शुरुआती जाँच में पता चला है कि राहुल का अपने साथी रविन्द्र के साथ 1500 रुपये के लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा था। इस बात को लेकर हुए विवाद के बाद आरोपी रविन्द्र ने गुस्से में आकर राहुल के सिर पर भारी पत्थर से वार किया और उसे नाले में धकेल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया है और साक्ष्य जुटाए हैं। आरोपी रविन्द्र को पुलिस ने अपनी हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ जारी है।

# नोएडा में यूकेजी का छात्र 7 घंटे बस में बंद

**बस खराब हुई तो उसी में छोड़ा, ट्रांसपोर्टर-कर्मचारी निलंबित; एमिटी इंटरनेशनल स्कूल का मामला**

**नोएडा।** नोएडा में यूकेजी का एक छात्र 7 घंटे तक बस के अंदर बंद रहा। स्कूल की छुट्टी के बाद जब परिजन सोसाइटी के गेट पर बच्चे को लेने पहुंचे तो वह बसे में नहीं था। उन्होंने स्कूल फोन किया। प्रबंधन ने बताया कि बच्चा स्कूल नहीं पहुंचा।

इसके बाद परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। पता चला कि बस के रजिस्टर में उसकी उपस्थिति दर्ज थी, लेकिन स्कूल में अनुपस्थित था। परिजनों ने ट्रांसपोर्टर को फोन किया तो पता चला कि रास्ते में बस खराब हो गई थी।

इसके बाद दूसरी बस से बच्चों को भेजा गया था। बच्चे को खोजते हुए परिजन यार्ड पहुंचे।

यहां बस खड़ी थी। परिजनों ने देखा कि बच्चा जोर-जोर से रो रहा था। वह भूखा-प्यासा था। पसीने से लथपथ था। बस का जैसे ही दरवाजा खुला बच्चा मां के चिपट गया और रोने लगा। स्कूल प्रबंधन ने ट्रांसपोर्टर और बस के कर्मचारी को निलंबित कर दिया है।

### सुबह बस से गया था, स्कूल नहीं पहुंचा बच्चा

सेक्टर-78 स्थित एक सोसाइटी में रहने वाले एक दंपती का 5 साल का बेटा सेक्टर-44 के एमिटी इंटरनेशनल स्कूल में यूकेजी में पढ़ता है। परिजन के मुताबिक, गुरुवार सुबह उन्होंने बच्चे को सोसाइटी के गेट से स्कूल बस में बैठाया था।

रास्ते में तकनीकी खराबी के कारण बस बंद हो गई। चालक की सूचना पर ट्रांसपोर्टर ने दूसरी बस भेज दी। इस बस में बच्चों को बैठाकर स्कूल पहुंचाया गया। खराब बस को स्कूल से करीब 25 किलोमीटर दूर बने यार्ड में भेज दिया गया।

परिजन का कहना है कि जब वह सोसाइटी के गेट पर बच्चे को लेने पहुंचे तो वह बसे में नहीं था। उन्होंने इसकी सूचना स्कूल को दी। स्कूल प्रबंधन के मुताबिक, बच्चा स्कूल नहीं पहुंचा था। परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई।

### स्कूल प्रबंधन ने दावों को खारिज किया

स्कूल प्रबंधन की ओर से सविता मेहता का कहना है कि बस रास्ते में खराब हो गई थी। जब दूसरी बस से बच्चे स्कूल पहुंचे तो उनकी गिनती हुई, लेकिन एक बच्चा गायब था। स्कूल प्रबंधन ने कुछ ही देर में बच्चे को खराब हुई बस से ढूंढ निकाला और परिजन को इसकी सूचना दी।

इस घटनाक्रम में थोड़ा समय लगा, लेकिन सात घंटे तक बस में बंद रहने और 25 किलोमीटर दूर यार्ड के दावे गलत हैं। स्कूल प्रबंधन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए ट्रांसपोर्टर और बस स्टाफ को निलंबित कर दिया है।

## दो बहनें लाखों के गहने, नकदी लेकर लापता

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से दो युवतियों के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। परिवार के अनुसार, दोनों ममेरी और फुफेरी बहनें मंगलवार रात से घर से गायब हैं। सुबह जब परिजनों ने अलमारी की जांच की, तो उसमें रखे लाखों रुपये के गहने, नकदी और कुछ अन्य कीमती सामान भी नहीं मिले। आशंका जताई जा रही है कि दोनों युवतियां यह सामान लेकर कहीं चली गई हैं। पीड़ित परिवार ने बताया कि करीब पांच वर्ष पहले भी दोनों बहनें घर से चली गई थीं। उस समय उन्होंने आपस में शादी करने का दावा किया था। काफी समझाने और सामाजिक दबाव के बाद लगभग एक वर्ष पश्चात दोनों ने अपनी गलती स्वीकार कर घर वापसी की थी। तब से वे परिवार के साथ ही रह रही थीं।

# ग्रेटर नोएडा में पुष्प प्रदर्शनी का शुभारंभ




**नोएडा।** नोएडा के बाद अब ग्रेटर नोएडा प्रकृति प्रेमियों का फूलो से स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। शहर के सम्राट मिहिर भोज पार्क में 26 फरवरी से 1 मार्च तक भव्य पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस बार की प्रदर्शनी न केवल फूलों की सुंदरता, बल्कि आधुनिक तकनीक और कला के अद्भुत संगम के लिए भी जानी जाएगी। बता दे कि इस वर्ष प्रदर्शनी का मुख्य केंद्र 'कैलेंडुला' फूल को रखा गया है। फूलों से निर्मित भारत माता के माथे पर तिलक लगाते हुए ऑपरेशन सिंदूर, राष्ट्रीय पक्षी मोर, शेर और हार्ट शेप जैसी कलाकृतियां आकर्षण का केंद्र होंगी। लेकिन इस प्रदर्शनी का सबसे बड़ा आकर्षण सैकड़ों ड्रोन्स द्वारा बनाई जाने वाली फूलो की आकृतियां होंगी। प्रदर्शनी में पहली बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स की झलक भी देखने को मिलेगी। सोशल मीडिया प्रेमियों के लिए विशेष सेल्फी पॉइंट्स बनाए गए हैं। प्रदर्शनी में केवल फूल ही नहीं, बल्कि मनोरंजन का भी पूरा इंतजाम है, यहाँ नृत्य, संगीत, कविता और नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया जाएगा। खाने-पीने के शौकीनों के लिए विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल लगाए जाएंगे। आम जनता के लिए यह प्रदर्शनी पूरी तरह निशुल्क है। अगर आप भी इस वीकेंड को यादगार बनाना चाहते हैं, तो ग्रेटर नोएडा के इस फ्लावर शो का हिस्सा जरूर बनें।

# नोएडा में 12वीं मंजिल से कूदकर व्यापारी ने किया सुसाइड

**बीमारी से चल रहे थे परेशान, कैथल से अपने भाई और पिता से आए थे मिलने**

नोएडा। नोएडा के सेक्टर 143 स्थित गुलशन इकेबाना सोसाइटी की 12वीं मंजिल की बालकनी से कूदकर एक किराना व्यापारी ने गुरुवार दोपहर सुसाइड कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शिकायत मिलने से इनकार किया है। घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला।



### बीमारी का इलाज कराने आए थे नोएडा

हरियाणा कैथल के रहने वाले नरेंद्र शर्मा (42) किराना व्यापारी थे। वह पत्नी और बेटी के साथ कैथल में रह रहे थे। बुधवार को वह सेक्टर 143 स्थित गुलशन इकवाना सोसायटी में रहने वाली अपने भाई और पिता के यहां आए थे। काफी दिनों से लिवर संबंधी समस्या के चलते परेशान थे। गांव में तबियत ठीक नहीं होने के कारण बेहतर उपचार के लिए नोएडा आए थे।

### अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

नरेंद्र ने गुरुवार दोपहर फ्लैट की बालकनी से छलांग लगा दी। परिजन नरेंद्र को सेक्टर 137 स्थित फेलिक्स अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने नरेंद्र को मृत घोषित कर दिया। परिजनों से पूछताछ के बाद पुलिस को आशंका है कि बीमारी के कारण नरेंद्र ने सुसाइड किया।

थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि मामले में परिजनों की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है।

# फैसला : नोएडा में युवक की हत्या मामले में दो लोगो को उम्रकैद

**20-20 हजार का जुर्माना भी लगा, 2014 में रंजिश में गोली मारी थी**

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर की एडीजे कोर्ट ने 2014 में दादरी थाना क्षेत्र के गांव बोड़ाकी में हुई युवक सूबे की हत्या के मामले में दोनों आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने हत्या के साथ-साथ अवैध हथियार रखने के अपराध में भी सजा सुनाई है। यह फैसला अपर जिला एवं सत्र



न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो-3 राजेश कुमार मिश्रा की अदालत ने सुनाया। एडीजीसी क्राइम शिल्पी भदौरिया ने बताया कि 16 मार्च 2014 की रात करीब 8: 45 बजे गांव बोडाकी निवासी 23 साल के सूबे पुत्र भगवत सिंह खाना खाने के बाद रेलवे लाइन की ओर टहलने निकला था। उसी दौरान गांव के ही ईश्वर पुत्र भंवर सिंह और गजेन्द्र पुत्र घनश्याम ने पुरानी रंजिश के चलते उसे गोली मार दी।

मृतक की बहन गीता ने थाना दादरी में दी गई तहरीर में बताया था कि उसने और उसकी मां कमला ने आरोपियों को रेलवे लाइन के पास खड़े होकर सूबे को निपटाने की बात करते सुना। कुछ ही देर बाद ईश्वर ने तमंचे से पीछे से सूबे पर फायर कर दिया। गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तत्काल अस्पताल ले गए। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। इस संबंध में थाना दादरी में हत्या की धाराओं के मुकदमा दर्ज किया गया। घटना के तीन दिन बाद 19 मार्च 2014 को पुलिस ने दोनों आरोपियों को जीटी रोड पर एनटीपीसी तिराहे के पास गिरफ्तार किया था। तलाशी के दौरान दोनों के पास से एक-एक देसी तमंचा और दो-दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। हत्या और दो आयुध अधिनियम के मुकदमों को सत्र परीक्षण के रूप में एक साथ सुना गया।

# केंद्रीय मंत्री ने पूर्णागिरि एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी

### सांसद निधि से आधुनिक बारातघर निर्माण की घोषणा, जनप्रतिनिधियों ने सौंपे विकास संबंधी ज्ञापन

**पीलीभीत।** संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं भारत सरकार में केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के मझोला आगमन पर क्षेत्र में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल के नेतृत्व में जनसहयोग कार्यालय मझोला पर सैकड़ों वरिष्ठ नागरिकों, व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया।

ढोल-नगाड़ों, पुष्पवर्षा और आतिशबाजी के बीच पूर्व चेयरमैन अजय गोयल और डालचंद्र वर्मा ने माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। कपिल अग्रवाल व आर्यांश अग्रवाल ने राधा-कृष्ण का चित्र भेंट कर सम्मान प्रकट किया।

गुरुदेव लहरिया लक्खा सिंह, दारा सिंह, सुलेंद्र सिंह और हरभजन सिंह ने सरोपा पहनाकर स्वागत किया, जबकि जिला पंचायत सदस्य प्रेम सागर व प्रधान ज्ञानी वर्मा ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

विभिन्न स्थानों पर व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों ने मंत्री का अभिनंदन करते हुए क्षेत्रीय समस्याओं से अवगत कराया।



#### सांसद निधि से बनेगा आधुनिक बारातघर

भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह और नगर पंचायत अध्यक्ष निशांत प्रताप सिंह की मांग पर मंत्री ने मझोला में सांसद निधि से एक बड़े एवं आधुनिक बारातघर के निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय नागरिकों को सामाजिक व सांस्कृतिक आयोजनों के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। मंत्री ने यह भी बताया कि टनकपुर से नांदेड तक चार राज्यों से होकर गुजरने वाली नई ट्रेन को स्वीकृति मिल चुकी है और शीघ्र ही इसका संचालन प्रारंभ होगा।

#### पूर्णागिरि एक्सप्रेस के ठहराव से बढ़ी क्षेत्र की महत्ता

मझोला रेलवे स्टेशन पर पूर्णागिरि एक्सप्रेस के स्टॉपेज के बाद केंद्रीय मंत्री ने विशाल जनसमूह की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। इसे मझोला के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया गया। लंबे समय से क्षेत्रवासी इस ट्रेन के ठहराव की मांग कर रहे थे। मांग पूरी होने पर लोगों ने खुशी जाहिर की। अपने संबोधन में श्री प्रसाद ने कहा कि वे पीलीभीत संसदीय क्षेत्र को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मझोला में सड़कों के चौड़ीकरण, नई सड़कों के निर्माण और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने का कार्य तेजी से कराया जा रहा है।

## झांसी में 9वीं की छात्रा से छेड़छाड़, सुसाइड किया

**झांसी।** झांसी में छेड़छाड़ से आहत 9वीं कक्षा की छात्रा ने सुसाइड कर लिया। वह बुधवार को घर पर अकेली थी। तभी दोगुनी उम्र का पड़ोसी घर में घुस आया। कमरे की कुंडी बंद करके छात्रा से जबरदस्ती करने लगा। तभी स्कूल से छात्रा का छोटा भाई घर पहुंच गया। उसने दरवाजा खोला तो आरोपी गंदी हरकत कर रहा था और छात्रा रो रही थी। भाई को देखते ही आरोपी छत से कूदकर भाग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। छात्रा ने बेइज्जती होने के डर से गुरुवार सुबह जहर खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी ले गए। वहां से झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना मौंठ थाना क्षेत्र की है। मृतका की मौसी ने बताया- मैं और मेरी बड़ी बहन की शादी एक ही घर में हुई है। बड़ी बहन की 16 साल की एक बेटी और 8 साल के जुड़वा बेटी-बेटा है। जीजा ट्रक चलाते हैं। 23 फरवरी को बड़ी बहन भतीजे की शादी में अपने मायके गई थी। वह छोटी बेटी को भी साथ ले गई थी। घर पर बड़ी बेटी और उसका छोटा भाई ही थे। मैं भी उसी घर में अपने बच्चों के साथ रहती हूं। बड़ी बेटी के पेपर हो चुके थे, इसलिए वह स्कूल नहीं जा रही थी। बुधवार दोपहर को मैं खेत पर चली गई। बच्चे स्कूल गए थे।

## जनपद प्रभारी मंत्री में जनपद प्रभारी अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक



**ललितपुर।** मा0 राज्यमंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज उ0प्र0/जनपद प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने गुरुवार को कलैक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक करते हुए जनपद के विकास कार्यों की हकीकत जानी और अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरुप कार्य करने के सख्त निर्देश दिये। सीएम डैशबोर्ड पर प्रथम स्थान मिलने पर जिला प्रशासन की सराहना बैठक में सर्वप्रथम मा प्रभारी मंत्री ने सीएम डैशबोर्ड की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद को प्रथम स्थान मिलने पर जिलाधिकारी ओर उनकी टीम को बधाई दी और इसी मनोवेग से आगे भी प्रथम स्थान बरकरार रखने के निर्देश दिये। किसान और बिजली उपभोक्ताओं का न हो शोषण प्रभारी मंत्री ने विद्युत आपूर्ति की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि बकाएदार किसानों का लाइनमैन और विजिलेंस के द्वारा उत्पीड़न न किया जाए, उन्हें सिंचाई के लिए सप्लाई दी जाए और विभागीय अधिकारी उनके प्रकरणों का निस्तारण कराने में किसानों का अपेक्षित सहयोग करें और भ्रष्ट लाइनमैन पर कार्यवाही करें। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधिगणों से बिजली बिल राहत योजना का अपने अपने सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार करने की अपेक्षा की। एकीकृत बागवानी के द्वारा आधुनिक खेती को बढ़ावा देने पर जोर। प्रभारी मंत्री ने एकीकृत बागवानी (उद्यान) की समीक्षा करते हुए किसानों को आधुनिक खेती को अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कृषि संयंत्र उपलब्ध करा रही है और सब्सीडी भी दे रही है, जिनका लाभ लेकर किसान अपनी आय में वृद्धि करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि अगली बैठक में कम से कम 5 ऐसे किसानों को बुलाकर सम्मानित करवाने के निर्देश दिए, जिन्होंने परम्परागत खेती से हटकर आधुनिक खेती को अपनाया हो और उनके उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगवाएं।

## शार्ट न्यूज

### झांसी में कार ने बाइक सवार को उड़ाया, मौत

**झांसी।** झांसी में बेकाबू कार ने बाइक सवार युवक को रौंद दिया। उसकी मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। कार तेज गति में आ रही थी। तभी आगे चल रही गाड़ी को ओवरटेक करते समय कार ने सामने से आ रही बाइक को उड़ा दिया। बाइक पर दो युवक सवार थे। टक्कर के बाद 10 फीट ऊपर उछलकर सड़क पर गिर गए। पुलिस ने दोनों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया। जहां एक युवक की मौत हो गई। जबकि उसके मामेरे भाई की हालत नाजुक बनी है। हादसे का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। पूरा मामला सीपरी बाजार थाना क्षेत्र के बूढ़ा गांव के पास हुआ है। सीपरी बाजार थाना क्षेत्र के बूढ़ा गांव के रहने वाले लक्ष्मण अहिरवार (40) पुत्र धन्नू अहिरवार बुधवार रात करीब 9: 30 बजे बाइक से जा रहे थे। बाइक पर उनके साथ मामेरे भाई दिवाकर भी थे। घर से लगभग 500 मीटर दूर पहुंचे तो सामने से आ रही काले रंग की कार ने एक गाड़ी को ओवरटेक करते समय बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद आसपास के लोग एकत्र हो गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने लोगों की मदद से दोनों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां पर लक्ष्मण ने दम तोड़ दिया। अभी दिवाकर की हालत नाजुक बनी हुई है।

### बी0एल0ओ0 ऐप पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले बी0एल0ओ0 को प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई

गाजीपुर। अविनाश कुमार जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पं0) गाजीपुर के निर्देशन में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2026 हेतु निर्वाचक नामावली-2025 के वृहद् पुनरीक्षण में बी0एल0ओ0 ऐप पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले बी0एल0ओ0 को प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है, जिसमें विकास खण्ड भॉवरकोल के ग्राम पंचायत मनियॉ के बी0एल0ओ0 राजेश् कुमार राय को प्रथम प्रोत्साहन धनराशि 10000 रू0, विकास खण्ड सादात के चकफरीद मे सुनीता देवी को द्वितीय प्रोत्साहन धनराशि 8000रू0, विकास खण्ड सैदपुर के ग्राम विक्रमपुर के अजीत सिंह को तृतीय प्रोत्साहन धनराशि 6000 रू0, विकास खण्ड करण्डा के ग्राम पंचायत श्रीगंज में विन्ध्याचल प्रसाद को 3000 रू0, बिरनो के ग्राम तरछा में संजय कुमार राजभर को 3000 रू0, विकास खण्ड करण्डा के ग्राम पंचायत मानिकपुर कला में त्रिभुवन सिंह यादव को पुरूस्कार हेतु 3000 रू0, जखनियॉ के ग्राम अलीपुर मदार में मुकेश कुमार मौर्या को 3000 रू0, जखनियॉ के ग्राम परसपुर में अनिल कुमार को 3000रू0, कुल 39000 रूपये की धनराशि पुरस्कार के रूप में बी0एल0ओ0 को प्रोत्साहन की धनराशि प्रदान किया गया ।

### पुलिस ने नशा तस्करों पर कसा शिकंजा- 96 टेट्रा पैक अंग्रेजी शराब के साथ 5 गिरफ्तार

**हरिनारायण यादव व्यूरो गाजीपुर**

**गाजीपुर।** थाना जमानियां कोतवाली पुलिस ने आगामी होली पर्व से पहले क्षेत्र में नशा तस्करों पर शिकंजा कसते हुए 96 टेट्रा पैक 8 पीएम अंग्रेजी नजायज शराब (कुल 17.28 लीटर) के साथ पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। मुखबिर की सूचना पर 25 फरवरी को थाना क्षेत्र के हेतिमपुर नहर पुलिया के पास से पहलाज कुमार (20) निवासी गोविंदपुर थाना बिंद जनपद नालंदा बिहार, को 20 टेट्रा पैक, करजही रेलवे स्टेशन से राजेश बिन्द (22) निवासी गोविंदपुर थाना बिंद जिला नालंदा बिहार, को 18 टेट्रा पैक, बडेसर नहर पुलिया से रवीश कुमार (45) निवासी दिलावलपुर थाना बिहटा जनपद पटना बिहार और सन्तोष बिन्द निवासी मोकर थाना करौना जिला जहानाबाद बिहार को 39 टेट्रा पैक और गाय घाट मोड़ से दीपक बिन्द को 19 टेट्रा पैक के साथ गिरफ्तार किया गया। सभी अभियुक्तों के खिलाफ थाना जमानियां में अलग-अलग मु0अ0सं0 55/2026 से 58/2026 धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस ने तस्करों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दादा की हत्या करने वाला नाती को पुलिस ने दबोचा

**हरिनारायण यादव व्यूरो विशाल इंडिया**

**गाजीपुर।** जमानियां कोतवाली थाना पुलिस ने अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता हासिल करते हुए हेतिमपुर डेरा निवासी शिवानन्द/शिव बिन्द (22 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक, 65 वर्षीय अवधेश बिन्द अपने घर पर ईंट की जुड़ाई कर रहे थे, तभी नाती शिवानन्द ने ताबड़तोड़ धारदार हथियार से हमला कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया। पुलिस को मुखबिर सूचना मिली और थाना क्षेत्र के पाण्डेय मोड़ से आरोपी को दबोच लिया गया। गिरफ्तारी के समय उसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त मछली काटने वाला दाव बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मु0अ0सं0 53/2026 धारा 109(1) बीएनएस और धारा 103(1) बीएनएस के तहत अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक भूपेशचन्द्र कुशवाहा, थाना जमानियां शामिल रहे।

### ठेकेदार ने बेटे संग मजदूर को पीटा, मौत

**लखनऊ।** लखनऊ में ठेकेदार की पिटाई से एक युवक की मौत हो गई। युवक की पत्नी उसके गोदाम पर काम करती है, लेकिन ठेकेदार उस पर भी काम करने का दबाव बना रहा था। बात न मानने पर ठेकेदार और बेटे ने बेहरमी से पिटाई कर दी। चोटिल हालत में दो दिन तक इलाज के लिए भटकता रहा। बुधवार रात ज्यादा तबीयत बिगड़ने के बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच कर रही है। मृतक की पहचान बाजारखाला के रहने वाले रफीक (35) पुत्र एनुअल हक के रूप में हुई। रफीक की पत्नी साइमा खातून ने बताया कि वह करीब दो साल से रमजान के कबाड़ के गोदाम में काम कर रही है। साइमा ने बताया कि पति ने रमजान से 30 हजार रुपए एडवांस लिए थे। जिसके चलते रमजान पति जबरदस्ती काम करने का दबाव बना रहा था। रविवार को रमजान ने रफीक को घर से खींचकर बेटे शहदुल के साथ मिलकर पीट दिया। जिससे रफीक के शरीर में गंभीर चोटें आई। इसके बाद रफीक मां रूकैया के पास गुलाला घाट चले गए। रफीक दो दिन तक इलाज कराता रहा। बुधवार को रफीक थाने शिकायत करने पहुंचा, जहां उसकी तबीयत अचानक से बिगड़ने लगी। आनन फानन में उसे ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया।

## फर्रुखाबाद में दिनदहाड़े बुजुर्ग दंपती की हत्या

**फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद में गुरुवार को बुजुर्ग दंपती की हत्या कर दी गई। पति का शव बेड और पत्नी की लाश फर्श पर पड़ी मिली। बुजुर्ग के गले को तार से कसा गया था। महिला के सिर पर भारी चीज से वार किया गया था। दंपती के अलावा घर पर कोई और नहीं रहता था। पड़ोसियों के मुताबिक, सुबह महिला को लोगों ने झाड़ू लगाते देखा था, इससे अंदाजा लगाया जा रहा कि वारदात दोपहर के समय की गई। दूध देने वाला युवक जब घर के बाहर पहुंचा तो दरवाजा खुला हुआ था। आवाज लगाते हुए अंदर गया तो आंगन में महिला का शव पड़ा देखा। दूध वाले के शोर मचाने पर आसपास के लोग जुट गए। सूचना पर पहुंची कायमगंज पुलिस को घर में सारा सामान बिखरा पड़ा था। आलमारियों के लॉक टूटे हुए थे। अंदर से ज्वैलरी-नकदी भी गायब थी। घटना कायमगंज के मोहल्ला कूंचा गंगा दरवाजा की है।

कायमगंज के मोहल्ला कूंचा गंगा दरवाजा मोहल्ले में पुरुषोत्तम कौशल (75) और पत्नी पुष्पा देवी (72) के साथ रहते थे।

उन्हें कोई संतान नहीं थी, जिसके चलते उन्होंने एक बच्ची को गोद लिया था, जिसकी करीब 8 महीने पहले एटा के थाना अलीगंज क्षेत्र के गांव अकबरपुर में शादी की थी।

## नमस्ते योजना के तहत 452 लाभार्थियों को पीपीई किट, 30 को आयुष्मान कार्ड

### केंद्रीय राज्यमंत्री बी. एल. वर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम, 20 को मिली सिलाई मशीन

**पीलीभीत।** भारत सरकार की नेशनल एक्शन फॉर मेकेनाइज्ड सेनिटेशन इकोसिस्टम (नमस्ते) योजना के अंतर्गत बुधवार को गांधी प्रेक्षागृह में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय राज्य मंत्री बी. एल. वर्मा ने की। दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।



केंद्रीय मंत्री ने योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि देशभर में अब तक 89,248 सीवर और सेप्टिक टैंक कर्मियों का सत्यापन किया जा चुका है। इनमें से 87,037 कर्मियों को पीपीई किट उपलब्ध कराई गई हैं, जबकि 74,647 कर्मियों को आयुष्मान कार्ड के माध्यम से स्वास्थ्य बीमा से जोड़ा गया है। इसके अतिरिक्त 1,87,120 वेस्ट पिकर्स की प्रोफाइलिंग की गई है।उन्होंने बताया कि जनपद पीलीभीत में 92 सीवर एवं सेप्टिक टैंक कर्मी तथा 452 वेस्ट पिकर्स प्रोफाइलिंग में मान्य पाए गए हैं। कार्यक्रम के दौरान 452 लाभार्थियों को पीपीई किट, 30 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड तथा कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त 20 लाभार्थियों को स्वरोजगार के लिए सिलाई मशीन वितरित की गई। केंद्रीय मंत्री ने नगर पालिका को आधुनिक सफाई मशीनों की खरीद के लिए प्रस्ताव भेजने के निर्देश भी दिए।

मंत्री ने कहा कि यह योजना सफाई कर्मियों को सम्मान, सुरक्षा और सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सरकार 'वंचितों को वरीयता' की नीति पर कार्य कर रही है, जो विकसित भारत-2047 की संकल्पना को साकार करने का प्रयास है। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने कहा कि स्वच्छता स्वतंत्रता से भी अधिक महत्वपूर्ण है। नगर को स्वच्छ बनाए रखने में सफाई कर्मियों की भूमिका अत्यंत अहम है, इसलिए उनकी सुरक्षा, स्वास्थ्य और बीमा की जिम्मेदारी सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है।

## बरखेड़ा में मतदाता जागरूकता अभियान, 11 बूथों पर नए नाम जोड़ने और संशोधन की दी जानकारी

### एसआईआर चरण के बाद चला विशेष अभियान, युवाओं से आगे आकर वोट बनवाने की अपील

**पीलीभीत।** प्रदेश में एसआईआर के मुख्य चरण की समाप्ति के बाद लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से मतदाता सूची के पुनरीक्षण और नए नाम जोड़ने के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बरखेड़ा क्षेत्र में भी विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पात्र नागरिकों से अपना वोट बनवाने और सूची में त्रुटि सुधार कराने की अपील की गई। जिले के प्रभारी गुलशन आनंद के नेतृत्व में 128 विधानसभा क्षेत्र बरखेड़ा के विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज की मौजूदगी में नगर पंचायत बरखेड़ा के 9 बूथों तथा ग्राम पंचायत नवादा महेश के 2 बूथों पर जनजागरूकता अभियान चलाया गया।



कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को बताया गया कि प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम होना जरूरी है। यदि किसी का नाम छूट गया है तो वह फॉर्म संख्या 6 भरकर नया नाम जुड़वा सकता है। वहीं फॉर्म संख्या 7 के माध्यम से अपात्र नाम हटवाए जा सकते हैं और फॉर्म संख्या 8 से नाम, पता या अन्य विवरण में संशोधन कराया जा सकता है।

वक्ताओं ने कहा कि जागरूक मतदाता ही मजबूत लोकतंत्र की पहचान है। एसआईआर वेरिफिकेशन का उद्देश्य सभी पात्र नागरिकों का वोट सुरक्षित रखना है, ताकि कोई भी अपने संवैधानिक अधिकार से वंचित न रहे। युवाओं और महिलाओं से विशेष रूप से अभियान में भाग लेने का आह्वान किया गया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष प्यारेलाल कश्यप, चंद्रपाल दिवाकर, सूरज कश्यप, अमित गुप्ता, सभी बूथ अध्यक्ष, बीजेओ-1, बीजेओ-2 सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बूथ स्तर पर लोगों को मौके पर ही जानकारी दी गई और आवश्यक प्रक्रिया समझाई गई। अधिकारियों ने बताया कि आगे भी इसी प्रकार बूथ स्तर पर अभियान चलाकर मतदाता सूची को शुद्ध और अद्यतन बनाया जाएगा।

## दो लेखपाल एक लाख रिश्वत के साथ गिरफ्तार

**प्रयागराज।** प्रयागराज में एंटी करप्शन टीम ने दो लेखपालों को एक लाख रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। महिला और पुरुष लेखपाल ने बकायदा एक कमरे का ऑफिस बना रखा था और जमीन संबंधित विवादों को वहां निपटाते थे। अख्या लगाने और मकान निर्माण कार्य को न रुकवाने के एवज ने दोनों ने एक लाख रुपये की डिमांड की थी। एंटी करप्शन टीम ने प्लान बनाकर ट्रैफिंग की और एक लाख रुपये घूंस लेते हुए दोनों को रंगे हाथ दबोच लिया। प्रयागराज के सोरांव तहसील के दोनों लेखपालों को शिवकुटी थाने लाकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार किए गए लेखपालों की पहचान राजशेखर (मलाक हरहर) और जूही मिश्रा (महरूडीह) के रूप में हुई है। टीम ने शिकायत मिलने के बाद जाल बिछाकर उन्हें पकड़ा। नवाबगंज के आनापुर के रहने वाले अभयराज यादव पुत्र शंकरलाल यादव ने एंटी करप्शन में शिकायत दर्ज कराई थी।

## मिशन शक्ति फेज-5 के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जनपद के समस्त थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों एवं एंटी रोमियो टीमों द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, विद्यालयों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया। उन्हें उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान एवं आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने, यौन उत्पीड़न से बचाव एवं उसके विरुद्ध निर्भीक होकर आवाज उठाने, तथा साइबर अपराधों से बचने के उपायों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

इसके अतिरिक्त महिलाओं एवं किशोरियों को उनके विधिक अधिकारों तथा विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए आवश्यकता पड़ने पर उनका तत्काल उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया।

## प्रभारी मंत्री ने अमृत योजना 2.0 अंतर्गत इलाइट चौराहा स्थित उच्च जलाशल का किया निरीक्षण

### अप्रैल माह के अंत तक जलाशय से पेयजल आपूर्ति करने व क्षतिग्रस्त सड़कों की युद्ध स्तर पर मरम्मत कराये जाने के दिये निर्देश

**ललितपुर।** गुरुवार को मा0 राज्यमंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज उ0प्र0/जनपद प्रभारी मंत्री श्री दानिश आजाद अंसारी ने जनपद भ्रमण के दौरान अमृत 2.0 कार्यक्रम के अंतर्गत इलाइट चौराहा मरघट स्थित 2700 किलो लीटर उच्च जलाशय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मा. प्रभारी मंत्री द्वारा अप्रैल माह के अन्त तक इलाइट चौराहा स्थित उच्च जलाशय से पेयजलापूर्ति करने, शहर में पाइप लाइन बिछाने के दौरान काटी गई सड़को की युद्ध स्तर पर मरम्मत कराने



एवं एनएचएआई, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग इत्यादि से कार्य करने की अनुमति न मिलने पर विभागों से समन्वय स्थापित कर कार्य कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता जल निगम नगरीय द्वारा बताया गया कि अमृत 2.0 कार्यक्रम के अन्तर्गत ललितपुर आवर्धन एवं सुदृढ़ीकरण पेयजल योजना के द्वारा ललितपुर नगर पालिका परिषद योजना में प्रस्तावित नवीन उच्च जलाशयों (2700 किली0, 2000 किली0 एवं 1350 किली0) का निर्माण कार्य 90 प्रतिशत, 90 प्रतिशत एवं 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है, वर्तमान में 158.30 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाई जा चुकी है। वर्तमान में योजना में प्रस्तावित 23665 नग पेयजल गृह संयोजनों के सापेक्ष 8360 नग पेयजल गृह संयोजनों का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इसके साथ साथ पूर्व से स्थापित पाइप लाइनों से नवीन लाइनों (30 कि.मी.) को जोड़कर लगभग 2000 परिवारों को पेयजल आपूर्ति प्रारम्भकर दी गयी है। योजना की भौतिक प्रगति 80 प्रतिशत है।

## राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के गाजीपुर आगमन को लेकर डीएम - एसपी ने किया समीक्षा

गाजीपुर। आगामी 27 फरवरी 2026 को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के आगमन को लेकर पुलिस लाइन में डीएम अविनाश कुमार एवं एसपी डॉ ईरज राजा ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं की सघन समीक्षा की। इस दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सुरक्षा को लेकर कड़ा रुख अपनाया। मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ राकेश मिश्रा सहित समस्त अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। प्रशासन की यह तैयारी राज्यपाल आगमन पर पूर्ण चौकसी और किसी भी प्रकार की चूक से निपटने के प्रति गंभीरता का प्रमाण है।

## पुलिस ने सुलझाई चोरी की गुत्थी, 4 गिरफ्तार

**ललितपुर ।** पुलिस और एसओजी, सर्विलांस की संयुक्त टीम ने एक अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 04 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी के दो सफेद बिस्कट एक भट्टी एक सरिया, एक सिपिया व तीन मोबाइल फोन एक छोटी इलेक्ट्रिक तराजू बरामद की गई हैं।

पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली ललितपुर पुलिस, स्वाट व सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 189/2026 धारा 305 ब्नहस की विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में प्रकाश में आये वांछित



अभियुक्तगण नितेश पुत्र सेवालाल उम्र करीब 29 वर्ष निवासी ग्राम सागवाडिया थाना सदर जिला बाँसवाडा राजस्थान, देवीलाल मईडा पुत्र लाडजी मईडा उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम बिजलिया नयागाँव थाना सदर बाँसवाडा जिला बाँसवाडा राजस्थान, प्रकाश मईडा पुत्र भोगजी मईडा उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम पानीवाला गढा ताजपुर थाना सदर जनपद बाँसवाडा राजस्थान तथा श्रेयांस पांचाल पुत्र विजय पांचाल उम्र करीब 24 वर्ष निवासी आजादचौक लुहारवाडा थाना कोतवाली बाँसवाडा जिला बाँसवाडा राजस्थान को नियमानुसार गिरफ्तार कर, न्यायिक अभिरक्षा हेतु मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा गया है ।

## संक्षिप्त समाचार

### दक्षिण-पूर्वी ब्राजील में भीषण बाढ़, कम से कम 25 की मौत, सैकड़ों लोग विस्थापित

**जुइज़ डी फोरा, एजेंसी।** ब्राजील के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में आई भीषण बाढ़ में कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई है, जबकि दर्जनों लोग लापता बताए जा रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार सबसे ज्यादा प्रभावित मिनास गेरैस प्रांत में हालात बेहद गंभीर बने हुए हैं। मौसम वैज्ञानिकों ने आने वाले दिनों में और बारिश की चेतावनी दी है। मूसलाधार बारिश सोमवार को जुइज़ डी फोरा और उबा शहरों में शुरू हुई, जो रियो डी जनेरियो से लगभग 310 किलोमीटर उत्तर में स्थित हैं। भारी वर्षा के कारण करीब 440 लोगों को अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा। मिनास गेरैस के अग्निशमन विभाग ने बताया कि सोमवार देर रात से अब तक 43 लोग लापता हैं और उनकी तलाश जारी है। विभाग द्वारा जारी वीडियो में दोनों शहरों की जलमग्न सड़कें दिखाई गईं, जहां एक नदी ने अपना मार्ग बदल लिया।

### 100 साल पुराने रेस्तरां वीरास्वामी को बचाने की मांग बकिंघम पैलेस पहुंची, 20 हजार लोगों ने किया समर्थन

**लंदन, एजेंसी।** लंदन के प्रसिद्ध भारतीय रेस्तरां वीरास्वामी को बंद होने से बचाने की मांग अब बकिंघम पैलेस तक पहुंच गई है। 20 हजार से अधिक लोगों ने एक याचिका पर हस्ताक्षर कर किंग चार्ल्स तृतीय से हस्तक्षेप की अपील की है। रेस्तरां के कर्मचारी और समर्थक पैलेस के बाहर इकट्ठा हुए और अपनी मांग रखी। याचिका की एक प्रति क्राउन एस्टेट को भी सौंपी गई, जो रीजेंट स्ट्रीट स्थित विक्ट्री हाउस इमारत का मालिक है। इसी इमारत में वीरास्वामी पिछले करीब 100 साल से संचालित हो रहा है। प्रबंधन का कहना है कि रेस्तरां मार्च 1926 में शुरू हुआ था और यह भारत-ब्रिटेन सांस्कृतिक संबंधों का प्रतीक बन चुका है। यहां कई प्रसिद्ध हस्तियां भोजन कर चुकी हैं। क्राउन एस्टेट का कहना है कि इमारत में बड़े स्तर पर मरम्मत की जरूरत है और जगह का उपयोग कार्यालय के रूप में किया जाएगा। रेस्तरां संचालित करने वाली कंपनी ने अपने किरायेदारी अधिकार बचाने के लिए कानूनी कदम उठाए हैं। मामले में अंतिम फैसला जुलाई 2026 तक आने की उम्मीद है।

### नेपाल में आम चुनाव के लिए 3 दिन होगी सार्वजनिक छुट्टी

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल सरकार ने 5 मार्च को होने वाले आम चुनाव के मद्देनजर देश में तीन दिवसीय सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। कैबिनेट के निर्णय के अनुसार निर्वाचन आयोग की सिफारिश पर 4, 5 और 6 मार्च को अवकाश रहेगा। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नेपाल के मधेस प्रांत से लगी भारतीय सीमा को मतदान संपन्न होने तक 72 घंटों के लिए पूरी तरह सील करने का निर्णय लिया गया है। भारत और नेपाल के सुरक्षा अधिकारियों के बीच हुई उच्चस्तरीय बैठक के बाद यह तय हुआ कि बारा और पर्सा जिलों से सटे सीमा बिंदु 3 मार्च से बंद रहेंगे। पिछले वर्ष के राजनीतिक घटनाक्रमों के बाद यह नेपाल का पहला चुनाव है। कार्यवाहक मुख्य निर्वाचन आयुक्त राम प्रसाद भंडारी ने निष्पक्ष चुनाव का भरोसा जताते हुए इसे लोकतंत्र की मजबूती के लिए अनिवार्य बताया है।

### बांग्लादेश में राष्ट्रपति को फिर मिला प्रेस विंग

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान की नई सरकार ने मंगलवार को राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन के कार्यालय में दोबारा प्रेस विंग स्थापित कर दिया। राष्ट्रपति का प्रेस विंग इससे पहले अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस के कार्यकाल में समाप्त कर दिया गया था। लोक प्रशासन मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि मोहम्मद सरवर आलम को बंगभवन राष्ट्रपति भवन में फिर से प्रेस सचिव नियुक्त किया गया है। वह कार्यभार संभालने की तारीख से एक वर्ष तक इस पद पर रहेंगे। सरवर आलम वर्ष 2024 में सत्ता परिवर्तन के समय भी प्रेस सचिव थे, लेकिन यूनुस की अंतरिम सरकार ने उनकी संविदा नियुक्ति को समाप्त कर दिया था। इसी के साथ राष्ट्रपति के उप-प्रेस सचिव और सहायक प्रेस सचिव के पद भी खत्म कर दिए गए थे। इसके अलावा, बंगभवन में करीब 30 वर्षों से कार्यरत दो फोटोग्राफरों को भी हटा दिया गया था।

### खैबर पख्तूनख्वा से पंजाब प्रांत तक आतंक का साया, पुलिस वैन पर हमले से सात की मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी इलाके में पुलिस पर हुए दोहरे हमले ने सुरक्षा हालात पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कोहाट जिले में संदिग्ध आतंकियों ने पुलिस वाहनों को निशाना बनाकर घात लगाकर हमला किया। इस हमले में कम से कम छह पुलिसकर्मियों और एक आम नागरिक की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार पहला हमला कोहाट में एक पुलिस वाहन पर किया गया, जिसमें एक अधिकारी की मौके पर ही मौत हो गई।

# अमेरिकी संसद में ट्रम्प फिर बोले- भारत-पाक युद्ध रुकवाया

## गाजा सीजफायर को जीत बताया, ईरान पर 32000 प्रदर्शनकारियों को मारने का आरोप

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय समय के मुताबिक बुधवार सुबह संसद में भाषण दिया। साल की शुरुआत में संसद में प्रेसिडेंट के भाषण को 'स्टेट ऑफ द यूनियन' स्पीच कहा जाता है। ट्रम्प ने 1 घंटा 50 मिनट के भाषण में एक बार फिर भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का दावा किया। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ने ईरान पर हमला कर उसका न्यूक्लियर प्रोग्राम खत्म कर दिया। साथ ही 28 दिसंबर से 14 जनवरी के बीच महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान 32 हजार प्रदर्शनकारियों को मारने का आरोप भी लगाया। अपने भाषण में ट्रम्प ने इजराइल-हमास के बीच गाजा सीजफायर को अपनी उपलब्धि कहा। वहीं वेनेजुएला पर कब्जे के करीब डेढ़ महीने बाद वहां तेल उत्पादन में बढ़ोतरी का दावा करते हुए उसे अमेरिका का नया दोस्त करार दिया।



**भाषण की बड़ी बातें... चेतावनी:** ट्रम्प ने बताया कि ईरान अमेरिका तक मार करने वाली मिसाइल बना सकता है। उन्होंने कहा ईरान ने पहले ही ऐसी मिसाइल बना ली हैं जो यूरोप और हमारे विदेशों में मौजूद ठिकानों के लिए खतरा हैं और वे ऐसी मिसाइलें बनाने पर काम कर रहे हैं जो जल्द ही अमेरिका तक पहुंच जाएंगी।

**दावा:** भारत-पाकिस्तान जंग में 3.5 करोड़ मौतें रोकीं। उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के हवाले से कहा कि दोनों देशों के बीच परमाणु जंग में 3.5 करोड़ लोगों के मारे जाने की आशंका थी। हालांकि, भारत इस दावे को हमेशा खारिज करता आया है।

**ईरान न्यूक्लियर प्रोग्राम:** ट्रम्प ने दावा किया कि अमेरिका ने ईरान के न्यूक्लियर हथियार प्रोग्राम को खत्म दिया गया है।

**गाजा संघर्ष विराम:** ट्रम्प ने गाजा में इजराइल-हमास सीजफायर को कामयाब बताया, जिससे सभी इजराइली बंधक रिहा हो गए।

**महंगाई और कीमतें:** ट्रम्प ने कहा कि महंगाई के लिए डेमोक्रेट्स जिम्मेदार हैं और उनकी नीतियों से कीमतें तेजी से नीचे आ रही हैं।

**सोमाली समुदाय और धोखाधड़ी:** उन्होंने कहा कि सोमाली समुद्री लुटेरों ने रिश्वत, भ्रष्टाचार और अराजकता के जरिए मिनेसोटा को बर्बाद कर दिया।

**ऑयल प्रोडक्शन:** ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका में तेल का प्रोडक्शन रोज करीब 6 लाख बैरल से ज्यादा बढ़ा है।

**टैरिफ और व्यापार नीति:** ट्रम्प ने सुप्रीम कोर्ट के टैरिफ फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और नए 15% वैश्विक टैरिफ लागू करने की बात कही।

**एनर्जी प्रोडक्शन और वेनेजुएला:** ट्रम्प ने तेल और गैस उत्पादन बढ़ाने की बात की और वेनेजुएला को अमेरिका का नया दोस्त बताया।

**वॉर ऑन फ्राड:** ट्रम्प ने कहा कि उनकी सरकार की तरफ से 'धोखाधड़ी के खिलाफ लड़ाई' की लीडरशिप अब उपराष्ट्रपति जेडी वेंस करेंगे। ट्रम्प ने कहा कि ईरान ऐसी मिसाइल डेवलप कर रहा है जो अमेरिका तक पहुंच सकती हैं। उन्होंने कहा कि ईरान ने पहले ही ऐसी मिसाइल बना ली हैं जो यूरोप और हमारे विदेशों में मौजूद ठिकानों के लिए खतरा हैं और वे ऐसी मिसाइलें बनाने पर काम कर रहे हैं जो जल्द ही अमेरिका तक पहुंच जाएंगी। ट्रम्प का कहना है कि ईरान ने 32,000 प्रदर्शनकारियों को मार डाला। वह अमेरिका को युद्ध में ले जाना चाहता है। ट्रम्प बोले- ईरान का न्यूक्लियर हथियार प्रोग्राम खत्म किया ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ने पिछले साल ईरान की न्यूक्लियर फैसिलिटी पर हमला कर उसका न्यूक्लियर हथियार प्रोग्राम पूरी तरह खत्म कर दिया।

ट्रम्प ने कहा कि वे पहले कूटनीति से समस्या सुलझाना चाहते थे, लेकिन ईरान ने यह वादा नहीं किया कि वह नाभिकीय हथियार नहीं बनाएगा। उन्होंने कहा कि हमें वह सीक्रेट शब्द नहीं सुनाई दिए कि हम कभी एटमी हथियार नहीं बनाएंगे। ट्रम्प के भाषण के बीच कैपिटल के पास नेशनल मॉल में द पीपल्स स्टेट ऑफ द यूनियन नामक एक खुली रैली में कुछ डेमोक्रेटिक कांग्रेस सदस्य और कार्यकर्ता एकत्रित हुए हैं। आयोजकों ने पिछले सप्ताह कहा था कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य रिपब्लिकन प्रशासन की नीतियों का खामियों को उजागर करना है।

## 'जरूरी खनिजों पर चीन की पकड़ से रक्षा उद्योग को खतरा', अमेरिकी सांसदों ने दी चेतावनी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में महत्वपूर्ण खनिजों और आधुनिक तकनीकी सप्लाई चेन्स को लेकर चिंता बढ़ रही है। अमेरिकी सांसदों ने चेतावनी दी है कि महत्वपूर्ण खनिजों पर चीन का दबदबा संकट के समय में अमेरिकी रक्षा उद्योग को कमजोर कर सकता है। वहीं, पेंटागन ने घरेलू सप्लाई चेन के पुनर्निर्माण के लिए किए गए विवादित इक्विटी निवेश और मूल्य गारंटी का बचाव किया है।

**'चीन पर अमेरिका की निर्भरता सबसे बड़ी रणनीतिक कमजोरी' :** सीनेट सशस्त्र सेवा समिति के अध्यक्ष रोजर विकर ने सप्लाई चेन के पुनर्निर्माण पर कांग्रेस की सुनवाई में कहा, 'यह कोई बढ़ा-चढ़ाकर कहना नहीं होगा कि महत्वपूर्ण खनिजों पर चीन के पर अमेरिका की निर्भरता हमारी सबसे बड़ी रणनीतिक कमजोरियों में से एक है।' उन्होंने चेतावनी दी कि दुर्लभ धातुओं (रेयर अर्थ) के निर्यात में कटौती की धमकियों से अमेरिकी रक्षा उत्पादन घुटनों पर आ जाता और अर्थव्यवस्था को बहुत नुकसान होता। पेंटागन औद्योगिक नीति प्रमुख माइकल कैडेनाजी ने सीनेटरों को बताया कि यह जोखिम तत्काल है। उन्होंने कहा, 'यह कोई सैद्धांतिक जोखिम नहीं है। यह हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक स्पष्ट और मौजूदा खतरा है।' उन्होंने चेतावनी दी कि बीजिंग इन सप्लाई चेन को हथियार



बना सकता है, जिससे हमारे डिफेंस इंडस्ट्रियल बेस में रुकावट आने और संकट में मिलिट्री की तैयारी से समझौता करने का खतरा है। कैडेनाजी ने बताया कि विभाग ने डिफेंस प्रोडक्शन एक्ट के तहत और इंडस्ट्रियल बेस फंड के जरिए खनिज क्षेत्र में 97 करोड़ डॉलर का निवेश किया गया और अमेरिका एक व्यापक रणनीति पर काम कर रहा है, जिसमें उत्पादन को वापस लाना, सहयोगियों के साथ काम करना, रिसर्च और रीसाइक्लिंग में निवेश व राष्ट्रीय रक्षा भंडार का आधुनिकीकरण करना शामिल है। उन्होंने दुर्लभ धातुओं के उत्पादन को सुरक्षित करने के लिए 'एमपी मैटेरियल्स समझौते' का जिक्र किया। हालांकि, दोनों दलों के सांसदों ने पेंटागन पर कैलिफोर्निया में एमपी मटेरियल्स नाम की दुर्लभ धातु खनन कंपनी में 40 करोड़ डॉलर की लागत से 15 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी लेने पर सवाल उठाए। रैंकिंग मेंबर जैक रीड ने इस तरह के निवेश के कानूनी आधार पर सवाल उठाया और कहा कि डिफेंस प्रोडक्शन एक्ट में 'इक्विटी निवेश का बिल्कुल भी जिक्र नहीं है।

## अमेरिका हमले के लिए तैयार लेकिन तेहरान को अभी भी शांति की उम्मीद: ईरानी विदेश मंत्री

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की सैन्य तैयारियों और बयानबाजी से लग रहा है कि अमेरिका, ईरान पर हमले के लिए तैयार है। हालांकि ईरान अभी भी शांति की बात कर रहा है। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने एक ताजा बयान में कहा है कि ईरान अमेरिका के साथ जल्द से जल्द एक न्यायसंगत और बराबरी वाला समझौता करना चाहता है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के पास एक ऐतिहासिक मौका है, जिसके तहत वे एक ऐसा समझौता कर सकते हैं जैसा पहले कभी नहीं हुआ। अराघची ने यह बात सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखी। यह बयान तेहरान और वॉशिंगटन के बीच होने वाली तीसरे दौर की अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता से पहले आया है। यह वार्ता गुरुवार को जिनेवा में होने वाली है। दोनों देश पहले भी दो चरणों में बातचीत कर चुके हैं।

अराघची ने कहा, 'पिछले राउंड में बनी समझ के आधार पर, ईरान जिनेवा में अमेरिका के साथ बातचीत फिर से शुरू करेगा, इस पक्के इरादे के साथ कि वह कम से कम समय में एक सही और बराबर डील करेगा।' उन्होंने कहा, 'हमारे बुनियादी यकीन बिल्कुल साफ हैं, ईरान किसी भी हालत में कभी भी परमाणु हथियार नहीं बनाएगा; न ही हम ईरानी अपने लोगों के लिए शांतिपूर्ण परमाणु तकनीक के फायदों का इस्तेमाल करने के अपने अधिकार को कभी छोड़ेंगे।' अराघची ने कहा कि दोनों पक्षों के पास एक ऐसा ऐतिहासिक मौका है, जिससे आपसी चिंताओं को दूर किया जा सके और साझा हितों को हासिल किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कूटनीति को प्राथमिकता दी जाए तो डील हो सकती है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब हाल ही में अमेरिका ने मध्य पूर्व में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ाई है। इसके साथ ही अमेरिका और ईरान के बीच दो दौर की अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता हो चुकी है। इन वार्ताओं में ईरान के परमाणु कार्यक्रम और अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों को हटाने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई है। मंगलवार को ही, ईरान के राजनीतिक मामलों के डिप्टी विदेश मंत्री माजिद तख्त रवांची ने कहा कि ईरान यूएस के साथ न्यूक्लियर एग्रीमेंट करने के लिए जो भी जरूरी होगा।

## दावा- नॉर्वे के पूर्व प्रधानमंत्री ने आत्महत्या की कोशिश की

### एपस्टीन फाइल में नाम आया था ; भ्रष्टाचार केस में 10 साल जेल हो सकती है

**ओस्लो, एजेंसी।** नॉर्वे के पूर्व प्रधानमंत्री थोरब्योर्न जगलैंड को कथित तौर पर आत्महत्या की कोशिश के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह घटना पिछले हफ्ते हुई। कुछ खबरों में दावा किया गया कि नॉर्वेजियन एडिटर्स एसोसिएशन ने उनके वकील के साथ मिलकर इस मामले को सार्वजनिक न करने पर सहमति जताई थी। हालांकि कुछ मीडिया प्लेटफॉर्मस पर उनकी गंभीर हालत का हवाला देते हुए यह खबर सामने आई। यह पूरा मामला यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से उनके संबंधों को लेकर चल रही जांच से जुड़ा है। जगलैंड पर 'एग्रेवेटेड करप्शन' यानी गंभीर भ्रष्टाचार का भी आरोप है, जिसमें अधिकतम 10 साल की जेल हो सकती है। उनके वकील की फर्म एल्डेन लॉ फर्म ने सीएनएन को पुष्टि की कि उन पर गंभीर भ्रष्टाचार



का आरोप तय हुआ है, लेकिन उन्होंने सभी आरोपों से इनकार किया है। क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी मामले की जांच कर रही नॉर्वे की आर्थिक अपराध जांच एजेंसी 'ओकोक्रिम' इस मामले की जांच कर रही है। एजेंसी के डायरेक्टर पॉल लोनसेथ ने कहा कि उनके खिलाफ जांच की मजबूत वजह मिली है। जांच के तहत ओस्लो स्थित उनके घर और दो अन्य प्रॉपर्टी की तलाशी ली गई। एजेंसी ने यह भी कहा कि वह इस बात की जांच कर रही है कि क्या उन्हें अपने पद के दौरान गिफ्ट, यात्राएं, कर्ज या अन्य फायदे मिले थे। तलाशी के बाद उन्हें औपचारिक रूप से संदिग्ध का दर्जा दे दिया गया है और अब उनसे पूछताछ की जाएगी। जगलैंड ने कहा था- एपस्टीन से रिश्ता गलत फैसला था जगलैंड 1996-1997 के बीच नॉर्वे के प्रधानमंत्री रहे। इसके अलावा वे विदेश मंत्री, नॉर्वेजियन नोबेल कमेटी के चेयरमैन (2009-2015) और यूरोप की मानवाधिकार संस्था काउंसिल ऑफ यूरोप के महासचिव (2009-2019) भी रह चुके हैं। जगलैंड ने कहा है कि एपस्टीन से उनके संबंध 'गलत फैसला' या 'खराब समझ' का नतीजा थे, लेकिन उन्होंने कोई गैरकानूनी काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि वह जांच में पूरा सहयोग करेंगे और चाहते हैं कि सच्चाई पूरी तरह सामने आए। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट की तरफ से 30 जनवरी को जारी दस्तावेजों से पता चला कि जगलैंड और उनका परिवार कई बार एपस्टीन की पेरिस, न्यूयॉर्क और पाम बीच वाली प्रॉपर्टी पर गए थे। यह भी सामने आया कि एपस्टीन ने उनसे बड़े नेताओं, जैसे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात कराने में मदद मांगी थी। साथ ही उसने कुछ अपने कारोबारी और वित्तीय प्लान आगे बढ़ाने के लिए भी मदद चाहता था। दस्तावेजों में जगलैंड को 'नोबेल बिग शॉट' कहा गया। इसमें यह भी लिखा था कि दोनों के रिश्ते ऐसे थे जिनमें एक तरफ जगलैंड का रसूख और पहचान काम आ रही थी, तो दूसरी तरफ एपस्टीन उन्हें लग्जरी ट्रिप, तोहफे और दूसरी सुविधाएं दे रहा था।

## अमेरिका में खास मेहमान बने आम लोग: ट्रंप ने एक सैनिक की पत्नी, पहली कक्षा की बच्ची का किया जिक्र

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने 'स्टेट ऑफ द यूनियन' संबोधन में कुछ आम अमेरिकियों को खास जगह दी। उन्होंने अपनी नीतियों पर बात करने के दौरान एक छोटी बच्ची, एक सैनिक की पत्नी और एक कामकाजी महिला की कहानियों का सहारा लिया। ट्रंप ने इन मेहमानों के जरिए पिछली बाइडेन सरकार की नीतियों पर निशाना साधा और अपनी योजनाओं के फायदे गिनाए।

**अवैध प्रवासी की वजह से घायल हुई बच्ची :** ट्रंप ने सबसे पहले डालिला कोलमैन नाम की एक बच्ची का जिक्र किया। डालिला पहली कक्षा में पढ़ती है। वह एक भयानक कार एक्सीडेंट का शिकार हो गई थी। ट्रंप ने बताया कि यह एक्सीडेंट एक सेमी-ट्रक से हुआ था, जिसे एक गैर-कानूनी विदेशी चला रहा था। उस ड्राइवर के पास कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस (सीडीएल) था।

ट्रंप ने पिछली सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि उस ड्राइवर ने साल 2022 में बॉर्डर पार किया था और बाइडेन प्रशासन ने उसे देश में आने दिया था। इस हादसे में डालिला को दिमाग में गहरी चोट (ट्रॉमेटिक ब्रेन इंजरी) लगी है और उसे सेरेब्रल पाल्सी हो गया है। अब उसे पूरी जिंदगी देखभाल और थेरेपी की जरूरत होगी। डालिला और उनके पिता इस कार्यक्रम में ट्रंप के साथ मौजूद थे।

**सैनिक की पत्नी और आईवीएफ की चर्चा :** इसके बाद ट्रंप ने कैथरीन नाम की महिला का परिचय दिया। कैथरीन एक सैनिक की पत्नी हैं और पहले स्पेशल एजुकेशन टीचर रह चुकी हैं। वह अपने काम के साथ-साथ आईवीएफ एडवोकेट भी हैं। कैथरीन खुद पिछले पांच साल से ज्यादा समय से मां न बन पाने (इनफर्टिलिटी) की समस्या से जूझ रही हैं। ट्रंप ने अपनी हेल्थकेयर योजना का जिक्र करते हुए बताया कि कैथरीन फरवरी की शुरुआत में लॉन्च हुई ट्रम्प आरएक्स साइट का इस्तेमाल करने वाली पहली मरीज थीं।

टैक्स कटौती से परिवार को फायदा इसके साथ ही में ट्रंप ने मेगन हेमहॉसर की भी कहानी सुनाई। मेगन एक बारटेंडर हैं और रात में टेबल वेटर का काम भी करती हैं। इसके अलावा वह अपने दो बच्चों को घर पर ही पढ़ाती हैं। उनके पति भारी मशीनें (इक्विपमेंट) चलाते हैं और परिवार के लिए हर हफ्ते 10 से 15 घंटे ओवरटाइम करते हैं। ट्रंप ने अपनी आर्थिक नीतियों का हवाला देते हुए कहा कि 'वर्किंग फैमिलीज टैक्स कट्स' की वजह से मेगन के परिवार को बड़ा फायदा होगा। उन्हें हर साल 5,000 डॉलर से ज्यादा की एक्स्ट्रा बचत होगी। ट्रंप ने इन कहानियों के जरिए यह संदेश देने की कोशिश की कि उनकी नीतियां आम अमेरिकी परिवारों की मदद कर रही हैं।

## अमेरिका के न्यूक्लियर एयरक्राफ्ट कैरियर के टॉयलेट जाम

**तेल अवीव, एजेंसी।** ईरान की तरफ बढ़ रहा अमेरिकी न्यूक्लियर एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस जेराल्ड फोर्ड एक अलग ही संकट से जूझ रहा है। जहाज के ज्यादातर टॉयलेट जाम हो चुके हैं। इससे 4,500 से ज्यादा नौसैनिकों को रोज 45 मिनट तक लाइन में लगना पड़ रहा है। संकरी पाइपलाइन और वैक्यूम-बेस्ड सिस्टम की डिजाइन में खामी के चलते टॉयलेट बार-बार जाम हो रहे हैं। जहाज वैक्यूम-बेस्ड सीवेज सिस्टम पर चलता है, जिसमें एक वाल्व खराब होने से पूरे डिपार्टमेंट का टॉयलेट सिस्टम बंद हो जाता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, टेक्नीशियन और सैनिकों के बीच झड़प की भी खबर है, क्योंकि मरम्मत करने वाले इंजीनियर रोज लगभग 19 घंटे काम कर रहे हैं। पिछले साल मार्च में भी चार दिन में 205 टॉयलेट खराब होने की शिकायत सामने आई थी।

**एयरक्राफ्ट पर 600 से ज्यादा टॉयलेट मौजूद :** यूएसएस जेराल्ड फोर्ड 600 से ज्यादा मौजूद है, जो 10 अलग-अलग जोन में बंटे हैं। यह एयरक्राफ्ट कैरियर बीते आठ महीने से समुद्र में है, लगातार ऑपरेशनल मूवमेंट की वजह से रूटीन मेंटेनेंस नहीं हो पाया है। करीब 13 बिलियन डॉलर की लागत से बना यह युद्धपोत दुनिया का सबसे महंगा माना जाता है।

**क्या है मुसीबत की वजह बना वैक्यूम-बेस्ड सिस्टम:** सीवेज समस्या के पीछे जिस तकनीक का जिक्र हो रहा है, उसे वैक्यूम-बेस्ड वीसीएचटी सिस्टम कहा जाता है। यह आम घरों में इस्तेमाल होने वाले टॉयलेट सिस्टम से बिल्कुल अलग तरीके से काम करता है। वीसीएचटी का पूरा नाम वैक्यूम कलेक्शन, होल्डिंग एंड ट्रांसफर सिस्टम है। यह खास तरह का सीवेज मैनेजमेंट सिस्टम होता है, जो बड़े जहाजों और क्रूज शिप में लगाया जाता है। इसका मकसद कम पानी में टॉयलेट वेस्ट को इकट्ठा करना और सुरक्षित तरीके से स्टोर व ट्रांसफर करना होता है।

**कैसे काम करता है :** घर के टॉयलेट में फ्लश करने पर पानी के दबाव और गुरुत्वाकर्षण (ग्रैविटी) से गंदगी नीचे सीवर में चली जाती है। लेकिन समुद्र में चलने वाले जहाजों पर ऐसा सिस्टम पूरी तरह कारगर नहीं होता वीसीएचटी सिस्टम में फ्लश दबाते ही पाइप में वैक्यूम (सक्शन) बनता है। यह सक्शन गंदगी को खींचकर पाइप के जरिए एक बड़े टैंक तक पहुंचा देता है। बाद में उस वेस्ट को प्रोसेस या डिस्पोज किया जाता है। इसे ऐसे समझें जैसे वैक्यूम क्लीनर धूल को खींच लेता है। यहां भी वही तकनीक टॉयलेट सिस्टम में लागू होती है।

**जहाजों में यह सिस्टम क्यों जरूरी :** विमानवाहक पोत पर हजार से ज्यादा लोग महीनों तक समुद्र में रहते हैं। ऐसे में पानी सीमित होता है, जगह कम होती है। साथ ही पाइपलाइन सीधी नहीं, कई दिशा में जाती है। इसलिए कम पानी में काम करने वाला और लचीला सिस्टम लगाया जाता है। वीसीएचटी सिस्टम कम पानी में फ्लश कर देता है, जिससे पानी की बचत होती है। जेराल्ड आर. फोर्ड पिछले साल जून से लगातार समुद्र में तैनात है। आमतौर पर एयरक्राफ्ट कैरियर की तैनाती नौ महीने की होती है।

## अमेरिका में बर्फीले तूफान से 11 हजार फ्लाइट रद्द, 153 साल में पहली बार अखबार नहीं छप सका

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिका में भीषण तेज हवाओं और भारी बर्फबारी के कारण एयरपोर्ट पर रनवे बंद करने पड़े और कई जगह उड़ानों पर रोक लगानी पड़ी है। यहां रविवार से मंगलवार के बीच 11,055 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी गईं। सिर्फ सोमवार को ही करीब 5,600 से 5,700 उड़ानें कैंसिल हुईं, जो देशभर की उड़ानों का लगभग 20% था। यह जानकारी फ्लाइट ट्रैकिंग कंपनी फ्लाइटअवेयर ने दी। नेशनल वेदर सर्विस के मुताबिक, रोड आइलैंड और मैसाचुसेट्स के कुछ हिस्सों में लगभग 37 इंच तक बर्फ गिरी। बर्फबारी की वजह से उत्तर-पूर्वी राज्यों में 6 लाख से ज्यादा घरों की बिजली चली गई। सोमवार शाम तक 5 लाख 19 हजार 232 घर और ऑफिस बिना बिजली के थे। भारी बर्फबारी के कारण द बोस्टन ग्लोब अपने 153 साल के इतिहास में पहली बार अखबार नहीं छाप सका क्योंकि कर्मचारी प्रिंटिंग प्रेस तक नहीं पहुंच पाए।

**बर्फबारी से कई राज्यों में इमरजेंसी घोषित :** न्यूयॉर्क के सेंट्रल पार्क में रविवार से सोमवार के बीच करीब 20 इंच बर्फ दर्ज की गई, जबकि लॉन्ग आइलैंड के इस्लिप इलाके में 22 इंच से ज्यादा बर्फ पड़ी। प्रोविडेंस, रोड आइलैंड में 32.8 इंच बर्फबारी हुई, जिसने 1978 के पुराने रिकॉर्ड 28.6 इंच को तोड़ दिया। हालात इतने खराब हो गए कि कई राज्यों में इमरजेंसी घोषित करनी पड़ी। न्यूयॉर्क सिटी में स्कूलों, सड़कों, पुलों और हाईवे को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया। बाद में हालात सुधरने पर मेयर जोहरान ममदानी ने यह आदेश हटा लिया और कहा कि स्कूल मंगलवार को खुलेंगे। वहीं मैसाचुसेट्स की गवर्नर मॉरा हीली ने कुछ इलाकों में ट्रैवल बैन लागू किया और लोगों से घर में रहने की अपील की। रोड आइलैंड के गवर्नर डैन मैकी ने भी पूरे राज्य में ट्रैवल बैन लगा दिया। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने भी पूरे राज्य में इमरजेंसी की घोषणा की और नेशनल गार्ड को अलर्ट पर रखा है।





**न्यूयॉर्क में ट्रेन सेवा भी सस्पेंड रही :** तूफान का असर सिर्फ सड़कों और हवाई सेवाओं तक सीमित नहीं रहा। न्यूयॉर्क और बोस्टन के बीच ट्रेन सेवा सोमवार रात तक सस्पेंड रही। थिएटर ब्रॉडवे के सभी शो रविवार शाम रद्द कर दिए गए। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों ने कहा कि यह पिछले लगभग एक दशक का सबसे शक्तिशाली नॉरईस्टर तूफान है। कई इलाकों में प्रति घंटे 2 से 3 इंच तक बर्फ गिरने की चेतावनी दी गई है और हवा की रफ्तार कुछ जगह 110 मील प्रति घंटे तक पहुंच गई। नॉरईस्टर एक तरह का तेज तूफान होता है जो अमेरिका के पूर्वी तट पर आता है। इसे नॉरईस्टर इसलिए कहते हैं क्योंकि इसमें हवाएं आमतौर पर उत्तर-पूर्व (नॉर्थ-ईस्ट) दिशा से चलती हैं।

**गर्म और नम हवा मिलकर बनाती है यह तूफान :** अमेरिका के उत्तर-पूर्व में आने वाला यह विंटर स्टॉर्म इसलिए बनता है क्योंकि वहां मौसम की कुछ खास स्थितियां एकसाथ बन जाती हैं। सर्दियों में कनाडा की तरफ से बहुत ठंडी हवा नीचे की ओर आती है। उसी समय समुद्र की तरफ से हल्की गर्म और नम हवा ऊपर उठती है। जब ये दोनों आमने-सामने आती हैं तो मौसम अचानक बिगड़ जाता है और तेज बर्फीला तूफान बन जाता है। समुद्र भी इसमें बड़ी भूमिका निभाता है। अटलांटिक महासागर का पानी ठंड के मुकाबले थोड़ा गर्म रहता है। इससे हवा में नमी बढ़ती है। जब यह नमी ठंडी हवा से मिलती है तो भारी बर्फ गिरने लगती है। आसमान में तेज रफ्तार से चलने वाली हवाएं भी इस सिस्टम को और ताकत देती हैं। इन हवाओं को जेट स्ट्रीम कहते हैं। स्थिति इतनी गंभीर रही कि 153 साल के इतिहास में पहली बार 'द बोस्टन ग्लोब' अखबार का प्रिंट संस्करण प्रकाशित नहीं हो सका, क्योंकि भारी बर्फबारी के कारण कर्मचारी प्रिंटिंग प्रेस तक पहुंच ही नहीं पाए।

# टी20 विश्वकप सुपर-8 : दक्षिण अफ्रीका का अजेय अभियान जारी, वेस्टइंडीज को रौंदकर सेमीफाइनल में मारी एंट्री

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका ने कप्तान एडेन मारक्रम (नाबाद 82 रन) के अर्धशतक के साथ उनकी दो साझेदारियों से बृहस्पतिवार को यहां सुपर आठ के मैच में वेस्टइंडीज को नौ विकेट से हराकर जीत का सिलसिला जारी रखते हुए आईसीसी टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली। दक्षिण अफ्रीका ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद बल्लेबाजी में भी कमाल किया। टीम ने अपनी बेहतरीन रणनीति की बदौलत जीत की लय जारी रखी।

### दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज पर जीत से दो अहम अंक जुटाए

यह उनकी लगातार छठी जीत थी जिससे उन्होंने टूर्नामेंट में वेस्टइंडीज के अजेय क्रम पर लगाम लगाई। दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज पर जीत से दो अहम अंक जुटाए जिससे मेजबान भारत की अब क्वालीफिकेशन की उम्मीदें मजबूत हो गई हैं। दक्षिण अफ्रीका से मिली हार से भारत की उम्मीदों को झटका लगा था। इस हार से कैरेबियाई टीम के नेट रन रेट पर असर पड़ा जो 5.350 से घटकर 1.791 हो गया।

### दक्षिण अफ्रीका की सेमीफाइनल में जगह लगभग पक्की की

दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों ने पहले दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज के बल्लेबाजी क्रम को झकझोरा जिसने निचले क्रम के बल्लेबाज रोमारियो शेफर्ड (नाबाद 52) और जेसन होल्डर (49) के बीच रिकॉर्ड साझेदारी की बदौलत वापसी करते हुए आठ विकेट पर 176 रन बनाए। फिर दक्षिण अफ्रीका ने कप्तान मारक्रम (46 गेंद, सात चौके, चार छक्के) के अर्धशतक और क्विंटन डिकॉक (47 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 7.5 ओवर में 95 रन की भागीदारी और रेयान रिकलटन (नाबाद 45 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 50 गेंद में 82 रन की अटूट साझेदारी से 16.1 ओवर में एक विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

दक्षिण अफ्रीका ने पावरप्ले के छह ओवर में 69 रन बनाकर वेस्टइंडीज के गेंदबाजों को दबाव में ला दिया। दोनों सलामी बल्लेबाजों ने नियंत्रण बनाए रखा। मारक्रम और डिकॉक ने तेज गेंदबाजों और स्पिनर दोनों पर आराम से रन जुटाकर शानदार साझेदारी की। डिकॉक ने 24 गेंद की अपनी पारी में चार छक्के और इतने ही चौके लगाए। लेकिन वह लांग ऑन पर जेसन होल्डर को कैच देकर आउट हो गए। मारक्रम ने गुडाकेश मोती की गेंद पर एक रन लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया। रिकलटन क्रीज पर उतरे और उन्होंने मारक्रम का अच्छा साथ निभाया। मारक्रम ने जेसन होल्डर की गेंद पर सीधा चौका लगाकर मैच स्टाइल से खत्म किया।

इससे पहले पिछले मैच में जिम्बाब्वे पर शानदार जीत दर्ज करने वाली वेस्टइंडीज ने सात ओवर के अंदर 60 रन में पांच विकेट गंवा दिए थे।

इसमें दक्षिण अफ्रीका के कागिसो रबाडा (22 रन देकर दो विकेट) और लुंगी एनगिडी (30 रन देकर तीन विकेट) ने वेस्टइंडीज के शीर्ष क्रम को झकझोर दिया। वेस्टइंडीज का स्कोर एक समय सात विकेट पर 83 रन था लेकिन शेफर्ड (37 गेंद, तीन चौके, चार छक्के) और होल्डर (31 गेंद, चार चौके, तीन छक्के) ने मिलकर आठवें विकेट के लिए 57 गेंद में 89 रन की रिकॉर्ड साझेदारी करके टीम को इस स्कोर तक पहुंचाने में मदद की। टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने स्पिनर केशव महाराज से शुरूआत कराई लेकिन कप्तान शाई होप (16) ने शुरू में ही जोश दिखाते हुए दो छक्के और एक चौका लगा दिया। दूसरे छोर पर ब्रैंडन किंग (21 रन) ने मार्को यानसेन के बाउंड्री लगाई जिससे वेस्टइंडीज ने दो ओवर में 29 रन बना लिए। पर इसके बाद शीर्ष क्रम के चरमराने के सिलसिला शुरू हुआ। रबाडा ने होप को कैच आउट कराया।


फिर शिमरोन हेटमायर (02) भी आउट हो सकते थे लेकिन कॉर्बिन बॉश ने मिड-ऑन पर उनका कैच छोड़ दिया। हालांकि रबाडा ने तीन गेंद बाद हेटमायर को पवेलियन भेज दिया।



इसके बाद फॉर्म में चल रहे एनगिडी ने चौथे ओवर में दोहरा झटका दिया। किंग ने उन पर लगातार दो चौके लगाने के बाद कैच आउट हो गए। फिर दो गेंद बाद एनगिडी ने रोस्टन चेस (02) के स्टंप उखाड़ दिए। इस तरह वेस्टइंडीज ने 10 गेंद के अंदर चार विकेट खो दिए थे और चार ओवर के बाद उनका स्कोर चार विकेट पर 44 रन था। शेरफाने रदरफोर्ड (12) ने थोड़ी कोशिश की और बॉश की गेंद पर मिडविकेट के ऊपर से एक लंबा छक्का लगाया लेकिन अगली ही गेंद पर विकेटकीपर क्विंटन डिकॉक को कैच देकर आउट हो गए।

एनगिडी ने तीसरा विकेट रोवमैन पॉवेल (09) के रूप में लिया जिससे वेस्टइंडीज ने 71 रन पर छह विकेट गंवा दिए थे। मैथ्यू फोर्ड (11) एक छक्का लगाने के तुरंत बाद बॉश का दूसरा शिकार बने। फिर लग रहा था कि वेस्टइंडीज की टीम जल्द ही सिमट जाएगी, होल्डर और शेफर्ड ने टीम को संभाला। होल्डर ने अंत में यानसेन के एक ओवर में 22 रन बनाए। लेकिन वह अंतिम ओवर की दूसरी गेंद पर रन आउट हो गए।

# मियोमिर केकमानोविच ने ज्वेरेव को चौंकाया, मेक्सिकनो टेलसेल के क्वार्टर-फाइनल में पहुंचे



**अकापुल्को (मेक्सिको) (एजेंसी)।** मियोमिर केकमानोविच ने दुनिया के नंबर 4 अलेक्जेंडर ज्वेरेव को तीन सेट के रोमांचक मुकाबले में चौंका दिया और अपनी पहली टॉप 5 जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही वह मेक्सिको के अकापुल्को में एबिएर्तो मेक्सिकनो टेलसेल के क्वार्टर-फाइनल में पहुंच गए। दुनिया में 84वें नंबर पर काबिज 26 साल के सर्बियाई खिलाड़ी ने ढाई घंटे से ज़्यादा चले कड़े मुकाबले में 2021 के चैंपियन को 6-3, 6-7(3), 7-6(4) से हराया।

केमानोविच, जो टॉप 5 विरोधियों के खिलाफ अपने पिछले सभी 11 मैच हार चुके थे, ने अपने करियर के सबसे बेहतरीन प्रदर्शनों में से एक दिया, और यादगार जीत पक्की करने के लिए निर्णायक टाई-ब्रेक में अपना धैर्य बनाए रखा। मैच के बाद केकमानोविच ने कहा, 'यह बहुत अच्छा लग रहा है, खासकर इसलिए क्योंकि पिछले कुछ साल मुश्किल रहे हैं। इसलिए मैं खुश हूं कि आखिरकार कुछ चीजें मेरे हिसाब से हो रही हैं।'

उन्होंने खास मौकों पर अग्रेसिव तरीके से खेला और असरदार सर्व किया, जबकि ज्वेरेव अपने बैकहैंड पर कंसिस्टेंसी के लिए जूझते रहे, उन्होंने 17 अनफोर्स्ड 'गलतियां कीं, जबकि केकमानोविच ने छह गलतियां कीं। इस जीत के साथ, केकमानोविच ने जर्मन खिलाड़ी के खिलाफ अपना हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 2-2 से बराबर कर लिया और एटीपी 500 इवेंट के आखिरी आठ में पहुंच गए, जहां उनका सामना फ्रांस के टेरेंस एटमाने से होगा, जिन्होंने राफेल जोडार को 6-2, 4-6, 6-1 से हराया।

दूसरे मैचों में पांचवीं सीड फ्लेवियो कोबोली ने डालिबोर स्वर्सिना को 6-4, 6-4 से हराया और अब उनका अगला मैच चीन के वू यिबिंग से होगा जिन्होंने जापान के शो शिमाबुकुरो को 6-3, 7-6(4) से हराया। इस बीच अमेरिकन ब्रैंडन नाकाशिमा ने अपने ही देश के पैट्रिक किप्सन को 6-4, 6-4 से हराकर अपनी 100वीं टूर-लेवल हार्ड-कोट 'जीत दर्ज की। किप्सन ने इससे पहले पिछले राउंड में दूसरे सीड एलेक्स डी मिनौर को चौंका दिया था।

# टी20 विश्वकप सेमीफाइनल से अब कौन सी टीम बाहर होगी ?

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** टी20 विश्वकप सुपर-8 से अब तक एक टीम श्रीलंका बाहर हो गयी है। उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। वहीं अब एक और टीम का बाहर होना तय है। ये मुकाबला मैच ग्रुप-1 में वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के बीच अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं भारतीय टीम के प्रशंसक वेस्टइंडीज के खिलाफ मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका की जीत चाहेंगे क्योंकि इससे भारतीय टीम के सेमीफाइनल की उम्मीदें बनी रहेंगी।

दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज, दोनों का रनरेट बहुत अच्छा है। ऐसे में इस मुकाबले की विजेता टीम के पास सेमीफाइनल में पहुंचने का अच्छा अवसर है।

ग्रुप-1 की अंकतालिका पर नजर डालें तो चारों टीमों ने अपना एक-एक सुपर 8 मैच खेल लिया है। वेस्टइंडीज दो अंक और सबसे बेहतर रनरेट प्लस 5.350) के साथ नंबर-1 पर बनी हुई है। उसने जिम्बाब्वे को 107 रनों से हराया था। वहीं दूसरे नंबर पर दक्षिण अफ्रीका की टीम के भी दो अंक हैं। दक्षिण अफ्रीका का रनरेट प्लस 3.800 है। भारत के खिलाफ जीत के साथ ही उसे दो अंक मिले थे। वहीं भारत और जिम्बाब्वे को टीमें अपना-अपना पहला सुपर 8 मैच हारकर तीसरे और चौथे स्थान पर हैं।भारत का रनरेट -3.800 है, जबकि जिम्बाब्वे का रनरेट -5.350 है। भारत और जिम्बाब्वे के मुकाबले में हारने वाली टीम सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो जाएगी।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय में वापसी करने को तैयार हरमनप्रीत

**होबर्ट (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुरुवार को यहां दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत के साथ वापसी करने उतरेगी। भारतीय टीम को पहले एकदिवसीय में 6 विके से हार का सामना करना पड़ा था ऐसे में मेजबान टीम तीन मैचों की इस सीरीज में 1-0 से आगे है। भारतीय टीम के लिए राहत की बात ये है कि कप्तान हरमनप्रीत कौर भी फिट हो गयी हैं। हरमनप्रीत को पहले एकदिवसीय में चोट लग गयी थी। ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने कहा है कि हरमनप्रीत अब ठीक है और खेलने जा रही हैं। पहले एकदिवसीय में बल्लेबाजी के दौरान घुटने में चोट लगने से हरमनप्रीत मैदान पर नहीं लौट पाई थीं, जिससे टीम की चिंताएं बढ़ गई थीं।



वहीं भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से कहा गया है कि हरमनप्रीत को बल्लेबाजी के दौरान चोट लगी थी और मेडिकल स्टाफ उनकी स्थिति पर नजर रखे हुए है। कप्तान के नहीं होने से उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने टीम की कमान संभाली। वहीं अब अब कप्तान की वापसी से प्रबंधन को भी राहत मिली है।

पहले मुकाबले में भारतीय टीम 48.3 ओवर में 214 रन ही बना पायी थी जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने छह विकेट शेष रहते 38.2 ओवर में ही जीत हासिल कर ली थी। अब भारतीय टीम का लक्ष्य इस मैच में बेहतर प्रदर्शन कर जीत दर्ज करना रहेगा।

दीप्ति ने कहा कि टीम ने पहले एकदिवसीय में अच्छा प्रदर्शन किया था हालांकि टीम जीत हासिल करने में सफल नहीं रही। उन्होंने कहा कि टीम दूसरे मुकाबले में और प्रयास करेगी। साथ ही कहा कि टीम अपनी पिछली गलतियों से उबरकर बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रतिबद्ध है। भारतीय टीम ने एकदिवसीय सीरीज से पहले शानदार प्रदर्शन कर टी20 सीरीज जीती थी और उसी प्रदर्शन से टीम प्रेरित होकर उतरेगी। भारतीय टीम जानती है कि ऑस्ट्रेलिया जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ निरंतरता बनाए रखना उसके लिए आसान नहीं रहेगा।

## इंग्लैड-न्यूजीलैंड मैच पर टिकीं पाकिस्तान की संभावनाएं

कोलंबो ।न्यूजीलैंड की श्रीलंका के खिलाफ जीत से न केवल सह मेजबान श्रीलंकाई टीम आईसीसी टी20 विश्वकप के सेमीफाइनल से बाहर हो गयी है बल्कि इससे पाकिस्तान की संभावनाएं भी घटी हैं।न्यूजीलैंड की टीम अब प्लस 3.050 के रन रेट से अंक तालिका में काफी आगे बढ़ गयी है।ऐसे में पाक टीम के सेमीफाइनल की संभावनाएं अब दूसरी टीमों के परिणामों पर निर्भर हो गयी है।पाक टीम अब उम्मीद करेगी कि हैरी ब्रूक की कप्तानी वाली इंग्लैंड की टीम शुक्रवार को होने वाले मुकाबले में न्यूजीलैंड को हरा दे।इस मुकाबले में अगर इंग्लैंड की टीम न्यूजीलैंड को हरा देती है, तो पाकिस्तान के पास अपने अंतिम मैच में श्रीलंका को बड़े अंतर से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने का अवसर रहेगा।इस दौरान पाक टीम चाहेगी कि न्यूजीलैंड की हार और उनकी अपनी जीत का अंतर इतना बड़ा हो कि वह न्यूजीलैंड का नेट रन रेट (प्लस 3.050 को पीछे छोड़ सके।पाक टीम के लिए सकारात्मक बात ये है कि इंग्लैंड के खिलाफ उसे बड़ी हार नहीं मिली थी।ऐसे में उसका नेट रन रेट अभी भी अच्छा बना हुआ है।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ अधिक प्रयोग से बचे भारतीय टीम : पोंटिंग



सिडनी ।ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने भारतीय टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले सुपर-8 मुकाबले को देखते हुए एक अहम सलाह दी है।पोंटिंग का कहना है कि इस मैच में भारतीय टीम को अधिक बदलाव नहीं करते हुए वहीं अंतिम ग्यारह उतारनी चाहिये जो अबतक तक खेलती आई है।पोंटिंग के अनुसार अधिक प्रयोग कि रणनीत नुकसानेह साबित हो सकती है।इस पूर्व कप्तान के अनुसार बड़े टूर्नामेंट में स्थिरता और संतुलन से ही जीत मिलती है।इससे पहले भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच में अपना संयोजन बदला था जिससे उसे काफी नुकसान हुआ था।उस मैच में दक्षिण अफ्रीकी टीम में बाएं हाथ के अधिक बल्लेबाजी होने के कारण उपकप्तान अक्षर पटेल की जगह वॉशिंगटन सुंदर को अवसर दिया था पर ये प्रयोग विफल रहा।उस मैच में सुंदर बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनो में ही विफल रहे थे।पोंटिंग ने कहा कि केवल विरोधी टीम में अधिक बाएं हाथ के बल्लेबाज होने के कारण ही बदलाव नहीं किया जाना चाहिये।इस कारण अक्षर को बाहर रखना सही फैसला नहीं था।उनके अनुसार कप्तान को अपनी समझ के अनुसार गेंदबाजों का सही समय पर इस्तेमाल करना चाहिये।पोंटिंग का मानना है कि बड़े टूर्नामेंट में जरुरत से अधिक रणनीतिक बदलाव कभी-कभी विपरीत प्रभाव डालते हैं।उन्होंने कहा कि भारत को अब सरल सोच अपनानी चाहिए और अपनी सबसे संतुलित टीम मैदान में उतारनी चाहिए।दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजी आक्रमण के सामने भारतीय बल्लेबाजी बेबस नजर आयी थी।मार्को जेनसन और केशव महाराज ने उस मैच में भारतीय बल्लेबाजों पर अंकुश लगा दिया था।

# टी20 विश्वकप सुपर-8 में आज इंग्लैंड को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने उतरेगी न्यूजीलैंड

**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका के खिलाफ जीत से उत्साहित न्यूजीलैंड की टीम शुक्रवार को यहां टी20 विश्वकप क्रिकेट के सुपर-8 मैच में इंग्लैंड को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने उतरेगी। कीवी टीम के स्पिनरों ने श्रीलंकाई टीम के खिलाफ काफी अच्छी गेंदबाजी की थी और वह यही सिलसिला इंग्लैंड के खिलाफ भी जारी रखना चाहेगी। कीवी टीम के कप्तान मिचेल सैंटनर काफी अच्छे फार्म में हैं जिसका लाभ भी टीम को मिलेगा। वहीं दूसरी ओर इंग्लैंड की टीम पहले ही अपने दोनों मैच जीतकर सेमीफाइनल में पहुंच गयी है और उसका लक्ष्य इस मैच में भी बेहतरीन प्रदर्शन कर सेमीफाइनल के लिए लय बनाये रखना रहेगा। कप्तान हैरी ब्रूक के अलावा उसके उन्य बल्लेबाज पिछले सुपर-8 मैच में पाकिस्तान के खिलाफ असफल रहे थे। ऐसे में वे अपना फार्म हासिल करना चाहेंगे।

दूसरी ओर श्रीलंका के खिलाफ बड़ी जीत के बाद न्यूजीलैंड का नेट रन रेट काफी अच्छा प्लस 3.050 हो गया है। ऐसे में इस मैच में जीत के साथ वह सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी पर अगर वह मामुली अंतर से हारती भी है तो भी उसकी सेमीफाइनल की संभावनाएं बनी रहेंगी। वहीं इंग्लैंड से हार के बाद पाकिस्तान का नेट रन रेट माइनस 0.461 हो गया है। ऐसे में पाक टीम नेट रन रेट




में तभी आगे निकल सकती है जब न्यूजीलैंड को मैच में बड़ी हार मिले। न्यूजीलैंड की टीम जिस प्रकार श्रीलंका के खिलाफ छह स्पिनरों के साथ सहजता से उतरी थी उससे तय है कि इस मैच में भी वह उसी टीम के साथ उतरेगी।

इस मैच में न्यूजीलैंड के स्पिनरों और इंग्लैंड के बल्लेबाजों के बीच रोमांचक मुकाबला होना तय है। इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक और ऑलराउंडर विल जैक्स दोनों ने ही पाक स्पिनरों साइम अयूब, मोहम्मद नवाज और शादाब खान के सामने काफी अच्छी बल्लेबाजी की थी और उनका लक्ष्य कीवी टीम के खिलाफ इसी प्रदर्शन को बनाये रखना रहेगा हालांकि ये इतना आसान नहीं रहेगा क्योंकि कीवी स्पिनर मिचेल सैंटनर, रचिन रविंद्र, ग्लेन फिलिप्स और कोल मैककॉन्ची प्रेमदासा स्टेडियम की पिच पर कहर ढ़ा सकते हैं।

ब्रूक अच्छी फॉर्म में हैं पर अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर का फार्म में नहीं होना इंग्लैंड के लिए चिन्ताजनक है। टीम को अपने गेंदबाजों विल जैक्स और लियाम डॉसन से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। प्रेमदासा की पिच पर अगर स्पिनर गेंदबाजी कर रहे हों तो 165 से 175 रन भी काफी अच्छे माने जाएंगे।

वहीं न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रविंद्र का मानना है कि उनका स्पिन आक्रमण अच्छा है पर इंग्लैंड को कम आंकना भूल होगी। रविंद्र ने कहा, इस तरह के मुकाबले में खेलने के लिए हमेशा ही आत्मविश्वास बनाये रखना होता है क्योंकि हमें अंदाजा है कि पिच कैसी होगी पर मुझे लगता है कि किसी भी समय इंग्लैंड को कम करके आंकना गलती होगी।

विरोध टीम काफी अच्छी है। उनके गेंदबाज अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं और उनके पास बल्लेबाजी क्रम में विश्व स्तरीय बल्लेबाज हैं। साथ ही कहा कि टी20 प्रारुप में कुछ भी हो सकता है जो टीम मैच के दिन अच्छा खेलेगी जीत उसकी की होगी। श्रीलंका के खिलाफ जीत से टीम का मनोबल बढ़ा है जिसका लाभ उसे मिलेगा।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार है

**इंग्लैंड :** हैरी ब्रूक (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, फिल साल्ट (विकेटकीपर), बेन डकेट, सैम करेन, विल जैक्स, जेमी ओवरटन, रेहान अहमद, लियाम डॉसन, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, जोश टोंग, लाइक वुड

**न्यूजीलैंड :** मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, टिम सीफर्ट, डेवोन कॉनवे, मार्क चैपमैन, कोल मैककॉन्ची, डैरिल मिचेल, जेम्स नीशम, रचिन रविंद्र, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, इश सोढ़ी।

# विनीसियस के गोल से रियाल मैड्रिड बेनफिका को हराकर अंतिम 16 में पहुंची



मैड्रिड । विनीसियस जूनियर के गोल से रियाल मैड्रिड की टीम बेनफिका को 2-1 से हराकर यूईएफए चैंपियंस लीग फुटबॉल के अंतिम 16 में पहुंच गयी है।दूसरे चरण के इस मुकाबले में रियाल जीत के साथ ही अब 3-1 से आगे हो गयी है।उसने पहला चरण भी 1-0 से जीता था।दूसरे चरण में बेनफिका की ओर से 14वें मिनट में राफा सिल्वा ने गोल कर मुकाबला 1-1 से बराबरी पर ला दिया। वहीं दो मिनट बाद ही ऑरेलियन चोउमेनी ने एक गोल कर रियाल को बढ़त दिला दी।मैच के 80वें मिनट में विनीसियस जूनियर ने एक गोल कर स्कोर 2- ।कर दिया।वहीं एक अन्य मुकाबले में पेरिस सेंट जर्मन (पीएसजी) ने मोनाको को 3-2 से हराकर अगले दौर में जगह बनायी।दोनों टीमों के बीच दूसरा चरण 2-2 से बराबरी पर रहा, हालांकि पहले चरण में मिली बढ़त से पीएसजी को लाभ हुआ।एक अन्य मुकाबले में इटली की अटलांटा ने बोरुसिया डॉर्टमुंड को दूसरे चरण में 4-1 से हराया।इस जीत के साथ ही अटलांटा अंतिम 16 में पहुंच गयी।एक अन्य मुकाबले में युवेंटस गैलाटासराय के खिलाफ दूसरे चरण में 3-2 से जीत के बाद भी टूर्नामेंट से बाहर हो गयी ।

# पीएसजी ने चैंपियंस लीग फुटबॉल में मोनाको को हराकर अगले दौर में जगह बनायी

पेरिस ।पेरिस सेंट जर्मन (पीएसजी) क्लब यूईएफए चैंपियंस लीग फुटबॉल में जीत के साथ ही अंतिम-16 में पहुंच गयी है। पीएसजी ने प्ले-ऑफ के दूसरे लेग में एएस मोनाको के साथ 2-2 से ड्रॉ खेलते हुए कुल 5-4 की बढ़त के साथ ही अंतिम-16 में जगह बनायी है।इस मुकाबले के पहले हाफ से ही मोनाको ने अच्छी शुरुआत करते हुए एक गोल दागकर 1-0 की बढ़त हासिल कर ली।वहीं दूसरे हाफ में पीएसजी के कप्तान



मार्क्विनहोस ने डेसिरे डूए के क्रॉस पर गोल दागकर अपनी टीम को 1-1 से बराबरी पर ला दिया।इसके बाद ख्विचा क्वारात्सखेलिया ने एक गोल कर टीम को 2-0 से आगे कर दिया। वहीं मोनाको के स्थानापन्न खिलाड़ी जॉर्डन टेजे ने अतिरिक्त समय में गोल कर मुकाबले को 2-2 से बराबरी पर लाकर एक बार फिर रोमांचक बना दिया।अंत में पीएसजी ने 5-4 की बढ़त हासिल करते हुए मुकाबला अपने नाम किया।वहीं पीएसजी के कोच लुइस एनरिक ने कहा, हम काफी कठिन टीमों से खेलना पड़ा है। अब हमें चेल्सी और बार्सिलोना जैसी बेहतरीन टीमों से खेलना है।इस इस प्रकार के मुकाबले के लिए तैयार हैं।वहीं एक अन्य मुकाबले में गैलाटसराय ने जुवेंटस को वापसी नहीं करने दी और 7-5 के कुल स्कोर से राउंड ऑफ 16 में जगह बनायी।गैलाटसराय एस.के. ने जुवेंटस एफसी को रोमांचक मुकाबले में हराकर शानदार जीत दर्ज की।पहले लेग के बाद तीन गोल से पिछड़ने के बावजूद मेजबान टीम ने हार नहीं मानी और मुकाबले को अतिरिक्त समय तक खींच लिया।

# टी20 विश्व कप : अभिषेक को ब्रेक देता, अहम मुकाबले से पहले पूर्व बल्लेबाज का बड़ा बयान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर 8 चरण में भारत के लिए ज़िम्बाब्वे के खिलाफ मुकाबला करो या मरो जैसा बन गया है। चेन्नई के चेपॉक में होने वाले इस अहम मैच से पहले पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने सुझाव दिया है कि खराब फॉर्म से जूझ रहे अभिषेक शर्मा को आराम देकर संजू सैमसन को मौका दिया जाना चाहिए। दक्षिण अफ्रीका से मिली करारी हार के बाद टीम इंडिया पर दबाव बढ़ गया है और हर चयन अब निर्णायक साबित हो सकता है।

### सहवाग की स्पष्ट सलाह: अभिषेक को दें ब्रेक

वीरेंद्र सहवाग ने साफ कहा कि इतने महत्वपूर्ण मैच में फॉर्म को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उनके अनुसार, यदि वह टीम मैनेजमेंट



का हिस्सा होते तो अभिषेक शर्मा को आराम देकर संजू सैमसन को आजमाते। अभिषेक का मौजूदा टूर्नामेंट बेहद निराशाजनक रहा है। ग्रुप स्टेज में वह लगातार तीन बार शून्य पर आउट हुए और सुपर 8 के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सिर्फ 12 गेंदों में 15 रन बना सके। बीमारी और लय की कमी ने उनके आत्मविश्वास पर भी असर डाला है।

### नेट रन रेट और दबाव की स्थिति

टी20 विश्व कप में भारत की स्थिति फिलहाल अस्थिर है। दक्षिण अफ्रीका से 76 रन की हार के बाद टीम का नेट रन रेट -3.800 तक गिर गया है। यदि वेस्ट इंडीज अपने मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को हराता है, तो समीकरण और जटिल हो सकते हैं। ऐसी परिस्थिति में कप्तान Suryakumar Yadav की अगुवाई वाली टीम को न सिर्फ जीत दर्ज करनी होगी, बल्कि बड़े अंतर से जीत की कोशिश भी करनी पड़ेगी। हर चयन और रणनीति टूर्नामेंट में बने रहने के लिहाज से अहम हो गई है।

### क्या रणनीति में बदलाव जरूरी है?

सहवाग ने टीम की रणनीति का बचाव करते हुए कहा कि समस्या टैक्टिक्स में नहीं, बल्कि क्रियान्वयन में रही है। उनके मुताबिक चयन में कुछ बदलाव हो सकते हैं, लेकिन असली जरूरत बेहतर प्रदर्शन की है। Tilak Varma भी इस टूर्नामेंट में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। टॉप और मिडिल ऑर्डर की नाकामी ने मध्यक्रम पर अतिरिक्त दबाव डाला है। यही कारण है कि चयन को लेकर बहस तेज हो गई है।

### मिडिल ऑर्डर की चुनौती

अभिषेक और तिलक की संघर्षपूर्ण फॉर्म के कारण टीम का संतुलन प्रभावित हुआ है। बैटिंग कोच सीतांशु कोटक ने भी ज़िम्बाब्वे मुकाबले से पहले इस मुद्दे को स्वीकार किया था और सुधार की जरूरत पर जोर दिया था। यदि टॉप ऑर्डर जल्दी आउट होता है, तो मिडिल ऑर्डर पर रन गति बनाए रखने की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। ऐसे में अनुभवी विकल्प के तौर पर संजू सैमसन को शामिल करना एक रणनीतिक कदम हो सकता है।

### चेपॉक में निर्णायक परीक्षा

चेन्नई की पिच स्पिन और धीमी गेंदबाज़ी के लिए जानी जाती है, जहां शॉट चयन और धैर्य अहम भूमिका निभाते हैं। टीम मैनेजमेंट को यह तय करना होगा कि क्या युवा खिलाड़ियों को एक और मौका दिया जाए या अनुभव को प्राथमिकता दी जाए।

जिम्बाब्वे के खिलाफ यह मुकाबला सिर्फ एक लीग मैच नहीं, बल्कि भारत के टी20 वर्ल्ड कप अभियान का टर्निंग पॉइंट साबित हो सकता है। सहवाग की सलाह ने चयन पर बहस को और तेज कर दिया है, और अब सबकी नजरें प्लेइंग इलेवन पर टिकी हैं।

# पीयूष गोयल ने वैश्विक व्यापार और युवा शक्ति को भारत की विकास यात्रा की कुंजी बताया

**- भारतीय वस्तुएं, सेवाएं, कृषि एवं मत्स्य उत्पाद और श्रम-प्रधान क्षेत्र नए बाजारों तक पहुंच सकेंगे**

**मुंबई ।**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत ने 38 देशों के थ नौ मुक्त व्यापार समझौते पूरे किए हैं।

इन समझौतों से भारतीय व्यवसायों को वैश्विक व्यापार के दो-तिहाई हिस्से तक प्राथमिकता के साथ पहुंच मिली है। गोयल ने कहा कि इससे भारतीय वस्तुएं, सेवाएं, कृषि एवं मत्स्य उत्पाद और श्रम-प्रधान क्षेत्र नए बाजारों तक पहुंच सकेंगे और भारत वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं से बेहतर जुड़ पाएगा। मुंबई में आयोजित ईवाय इंटरपेन्योर आफ द ईयर अवार्ड के 27वें संस्करण में संबो धित करते हुए बताया कि 'आत्मनिर्भर भारत' का अर्थ वैश्विक जुड़ाव के साथ मजबूत और भरोसेमंद आपूर्ति श्रृंखलाएं तैयार करना है। उन्होंने उद्योगपतियों और उद्यमियों से अपील की कि वे वैश्विक अवसरों को एमएसएमई, किसानों, निर्यातकों और मछुआरों तक पहुंचाएं। गोयल ने कहा कि भारत की युवा शक्ति और कुशल मानव संसाधन देश की विकास गाथा के केंद्र में हैं। उन्होंने स्टार्टअप संस्थापकों और उद्योग नेताओं से बातचीत का जिक्र करते हुए कहा कि जुनून, नवाचार और प्रतिभा भारत की सबसे बड़ी प्रतिस्पर्धी ताकत हैं।

एआई पर उठ रही चिंताओं के संदर्भ में उन्होंने स्पष्ट किया कि एआई नौकरियां खत्म नहीं करेगा बल्कि बदल देगा। भारत हर साल लगभग 23 लाख एसटीईएम स्नातक तैयार करता है, जिससे युवाओं का बड़ा और अनुकूलनशील प्रतिभा भंडार तैयार है।

गोयल ने कहा कि एआई भारतीय व्यवसायों के लिए नए अवसर, मूल्यवर्धित काम, मजबूत निर्यात और वैश्विक एकीकरण लाएगा। इसके साथ ही साइबर सुरक्षा, डेटा संरक्षण और सिस्टम गवर्नेंस जैसे क्षेत्रों में कुशल पेशेवरों की मांग बढ़ेगी। कार्यक्रम में उन्होंने देशभर के प्रमुख उद्यमियों और स्टार्टअप संस्थापकों को पुरस्कार वितरित किए और 'विकसित भारत' के लक्ष्य को साकार करने के लिए सहयोग की अपील की।

# वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही में आएगी टाटा सिएरा ईवी

**नई दिल्ली।**



फ्यूचरिस्टिक एसयूवी टाटा सिएरा ईवी वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही में बाजार में आएगी। इससे पहले टाटा केवल इतना संकेत देती रही थी कि सिएरा ईवी अगले साल कभी भी लॉन्च हो सकती है, लेकिन अब पहली बार इसकी लॉन्चिंग को लेकर स्पष्ट समयरेखा सामने आ गई है। फिलहाल कंपनी ने सिएरा ईवी के आधिकारिक स्पेसिफिकेशन्स को गोपनीय रखा है और सिर्फ कुछ स्पाई शॉट्स ही सार्वजनिक हुए हैं। ऑटो सेक्टर की रिपोर्टों के अनुसार इसका प्लेटफॉर्म, पावरट्रेन और कई तकनीकी तत्व कर्व ईवी के साथ साझा किए जा सकते हैं, हालांकि फीचर्स, स्पेस और प्रीमियम अपील के मामले में सिएरा को कर्व ईवी से ऊपर पोजिशन किया जाएगा। इंडस्ट्री विशेषज्ञ मान रहे हैं कि नई पंच ईवी की एडवांस्ड बैटरी टेक्नोलॉजी को देखते हुए, सिएरा ईवी में भी बड़ा बैटरी पैक और बेहतर रियल-वर्ल्ड रेंज मिलने की पूरी संभावना है, जिससे यह मिड-साइज इलेक्ट्रिक एसयूवी सेगमेंट में मजबूत दावेदार बन सकती है। सिएरा ईवी भारत में टाटा की सातवीं इलेक्ट्रिक कार होगी, जिससे कंपनी का ईवी पोर्टफोलियो और अधिक व्यापक हो जाएगा। टाटा पहले ही देश में सबसे बड़े इलेक्ट्रिक वाहन निर्माताओं में शामिल है, और सिएरा ईवी उसके इलेक्ट्रिक बदलाव को नई दिशा दे सकती है।

इंटीरियर की बात करें तो इसमें ट्रिपल-स्क्रीन सेटअप मिलने की उम्मीद है, जिसमें डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, बड़ा इंफोटेनमेंट डिस्प्ले और पैसेंजर के लिए अलग स्क्रीन शामिल होगी। बेस मॉडल से ही इसे फीचर-रिच बनाने की योजना है। उच्च वेरिएंट्स में लेवल-2 अडास, कनेक्टेड कार फीचर्स, ड्यूल-जोन क्लाइमेट कंट्रोल, पावर्ड सीट्स, एम्बिएंट लाइटिंग और प्रीमियम ऑडियो सिस्टम जैसे एडवांस फीचर्स मिलने की उम्मीद है। पैनोरमिक ग्लास रूफ और उच्च गुणवत्ता वाले इंटीरियर मटीरियल इसे और प्रीमियम बनाएंगे। एक्सटीरियर में भी ईवी-स्पेसिफिक अपग्रेड देखने को मिलेंगे, जैसे क्लोज्ड फ्रंट डिज़ाइन, फुल-विड्थ एलईडी डीआरएल, स्प्लिट हेडलैंप, स्क्वायर्ड व्हील आर्च और कनेक्टेड एलईडी टेललैंप्स।

# मारुति सुज़ुकी जिम्नी के एक्सपोर्ट में 307 प्रतिशत की ग्रोथ दर्ज



**नई दिल्ली ।**

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मारुति सुजुकी जिम्नी ऑफ-रोड एसयूवी ने अपनी पहचान मजबूती से स्थापित कर ली है। मारुति सुजुकी ने जिम्नी के एक्सपोर्ट में 307 प्रतिशत की ऐतिहासिक बढ़ोतरी दर्ज की है, जिससे यह मॉडल एक बार फिर वैश्विक चर्चा का केंद्र बन गया है। ताज़ा रिपोर्ट के अनुसार, जहां पिछले साल केवल 1,958 यूनिट्स निर्यात किए गए थे, वहीं इस साल यह आंकड़ा बढ़कर 7,970 यूनिट्स तक पहुंच गया है, जो किसी भी मॉडल के लिए बेहद बड़ी उपलब्धि मानी जाती है। जिम्नी की अंतरराष्ट्रीय सफलता के पीछे इसकी अनोखी खूबियां हैं। कॉम्पैक्ट लेकिन दमदार डिजाइन, 4गुणा4 ऑफ-रोड क्षमता, हल्की बॉडी और भरोसेमंद परफॉर्मेंस इसे एडवेंचर पसंद करने वालों की पहली पसंद बनाते हैं। कई देशों में कॉम्पैक्ट और हार्डकोर ऑफ-रोड एसयूवी की मांग लगातार बढ़ रही है, और जिम्नी इस कमी को पूरी तरह पूरा कर रही है। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड भारत में जिम्नी का निर्माण कर उसे लैटिन अमेरिका, अफ्रीका और अन्य वैश्विक बाजारों में निर्यात कर रही है।

इससे भारत सुजुकी के लिए एक बड़े मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट हब के रूप में उभरा है, जहां तैयार होने वाले मॉडल विदेशी ग्राहकों की जरूरतों को पूरा कर रहे हैं। हालांकि, घरेलू बाजार में जिम्नी की बिक्री उतनी मजबूत नहीं है। भारत में एसयूवी सेगमेंट में कड़ी प्रतिस्पर्धा है, जहां ग्राहक अधिक फीचर्स, ज्यादा स्पेस और बेहतर वैल्यू की उम्मीद करते हैं। जिम्नी की ऑफ-रोड क्षमता उसकी सबसे बड़ी ताकत है, लेकिन रोजमर्रा की शहरी जरूरतों के हिसाब से कई खरीदार अन्य विकल्पों की ओर रुख कर लेते हैं। इसके बावजूद, एक्सपोर्ट में 307 प्रतिशत की छलांग यह साफ संकेत देती है कि जिम्नी का ग्लोबल क्रेज अभी भी बरकरार है।

# सरकारी खर्च से पावर सेक्टर में तेजी, निजी उद्योग अब भी सुस्त

**- मजबूत ऑर्डर बुक और बढ़ते मार्जिन पर ब्रोकरेज का बड़ा दांव**

**नई दिल्ली ।**

देश में पूंजीगत खर्च (कैपेक्स) की रफ्तार इस समय दो अलग तस्वीरें पेश कर रही है। एक ओर पावर ट्रांसमिशन से जुड़ी हाई वोल्टेज कंपनियां रिकॉर्ड प्रदर्शन कर रही हैं, वहीं गैर-विद्युत औद्योगिक कंपनियों की चाल अब भी धीमी बनी हुई है। एक रिपोर्ट के अनुसार ट्रांसमिशन और वितरण कंपनियों के नए ऑर्डर में सालाना आधार पर 33 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि बिक्री 39 प्रतिशत बढ़ी है। इन कंपनियों का मुनाफा मार्जिन बढ़कर 20.3 प्रतिशत पर पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष से 5.4 प्रतिशत अधिक है। सरकार ने 2022 से 2032 के बीच ट्रांसमिशन क्षेत्र में 9.15 लाख करोड़ रुपये निवेश की योजना बनाई है।

इसके तहत 8 से 10 बड़े हाई वोल्टेज ट्रांसमिशन कॉरिडोर विकसित किए जाएंगे। तीन कॉरिडोर के लिए उपकरणों का काम पहले ही तय हो चुका है। अनुमान है कि 2027 से नए ऑर्डर में और तेजी आएगी तथा 2030 तक मांग मजबूत बनी रह सकती है। वित्त वर्ष 2027 के बजट में 12.2 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत खर्च का प्रावधान किया गया है, जो पहले के अनुमान से 12 प्रतिशत अधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार फैक्ट्रियों की क्षमता उपयोग दर 77.7 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जो निजी निवेश के लिए सकारात्मक संकेत माना जाता है। हालांकि गैर-बिजली औद्योगिक कंपनियों की बिक्री में सिर्फ 9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और उनका मुनाफा मार्जिन घटकर 11.7 प्रतिशत रह गया है। नए ऑर्डर में 26 प्रतिशत की बढ़त जरूर दर्ज की गई है, जो धातु, तेल-गैस, डेटा सेंटर, इलेक्ट्रिक वाहन और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों से आई है। इसके बावजूद पारंपरिक औद्योगिक निवेश में व्यापक तेजी अभी बाकी है।

# भारत में पर्यटन उद्योग में तेजी, भविष्य में बनेगा वैश्विक खिलाड़ी

## हर साल हो रही हैं 303 करोड़ घरेलू यात्राएं, पर्यटकों के लिए कम पड़ रहे हैं होटल

**नई दिल्ली ।** भारत में पर्यटन तेजी से बढ़ रहा है और यह अब केवल सेक्टर नहीं, बल्कि पूरी इंडस्ट्री बन चुकी है। विदेशी और घरेलू दोनों तरह के पर्यटन में वृद्धि हो रही है, जिससे होटलों की मांग बढ़ रही है और उनकी कीमतें भी महंगी होती जा रही हैं। वर्तमान में पर्यटन उद्योग का भारत के जीडीपी में योगदान 5 फीसदी है, जबकि 2047 तक यह 10 फीसदी तक पहुंचने का अनुमान है। इसी अवधि में केवल पर्यटन इंडस्ट्री में 200 मिलियन रोजगार मिलने की संभावना है। दिल्ली के द्वारका में आयोजित एसएटीटीई 2026 (साउथ ए शिया ट्रेवल एंड टूरिज्म एक्सचेंज) में 60 से अधिक देशों के 2000 से अधिक प्रदर्शक और 3200 से अधिक ब्रांड हिस्सा ले रहे हैं। इस साल की थीम थी एन ओव्र्यु निटी काल इं डिया आयोजन में अजीत बजाज, अध्यक्ष, एडवेंचर टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया और पद्मश्री पुरस्कार विजेता ने पर्यटन के तेजी से बढ़ते क्षेत्र की जानकारी दी। केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि भारत आने वाले समय में वैश्विक पर्यटन का सबसे बड़ा खिलाड़ी बनेगा। इन्फॉर्मा मार्केट्स इन इंडिया के एक अे धिकारी के अनुसार भारत का पर्यटन क्षेत्र 'ट्रिपल इंजन ग्रोथ' पर बढ़ रहा है- घरेलू, आउटबाउंड और इनबाउंड। हर साल देश में 303 करोड़ से अधिक घरेलू यात्राएं हो रही हैं, और भारतीयों का विदेश यात्रा खर्च 42 अरब डॉलर तक



पहुँचने का अनुमान है। अनुभव आधारित, आध्यात्मिक और क्षेत्रीय पर्यटन के कारण टियर-2 और टियर-3 शहरों में पर्यटन तेजी से बढ़ रहा है। बताया जा रहा है कि भारत का पर्यटन केवल आंकड़ों में नहीं, बल्कि लोगों में निहित है। यात्रियों को आज अनुभव और जुड़ाव चाहिए और भारत इसे सबसे बेहतर रूप में प्रदान करता है। 2027 तक भारत का ट्रैवल और टूरिज्म सेक्टर 125 अरब डॉलर के घरेलू बाजार की ओर बढ़ रहा है।

# रुपया बढ़त पर बंद

**मुंबई ।**

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपया शुरुआती कारोबार में दो पैसे की बढ़त के साथ ही 90.91 पर बंद हुआ। आज सुबह रुपया छह पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.85 पर खुला। डॉलर के कमजोर रुख और विदेशी निवेशकों के निवेश में वृद्धि से घरेलू मुद्रा को बल मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू शेयर बाजारों में सत्र की सकारात्मक शुरुआत ने स्थानीय मुद्रा को और मजबूती प्रदान की जबकि वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि तथा भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं ने रुपये की तेज बढ़त को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 90.86 पर खुला। फिर 90.85 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से छह पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया बुधवार को सीमित दायरे में कारोबार करते हुए चार पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.91 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 97.57 पर रहा।

# डाकघर की मंथली इनकम स्कीमः सुरक्षित निवेश और नियमित आमदनी का भरोसेमंद जरिया

**नई दिल्ली ।** भारतीय डाकघर द्वारा संचालित मंथली इनकम स्कीम (एमआईएस) एक ऐसा निवेश विकल्प है जिसमें आपका पैसा पूरी तरह सुरक्षित रहता है। यह योजना केंद्र सरकार की गारंटी के साथ आती है, इसलिए निवेशकों को जोखिम की चिंता नहीं रहती। इस योजना की सबसे बड़ी खासियत है कि आपको बार-बार पैसे जमा करने की आवश्यकता नहीं। एक बार राशि जमा करने के बाद आप अगले 5 सालों तक मासिक आमदनी का लाभ ले सकते हैं। वर्तमान में पोस्ट ऑफिस इस योजना पर 7.4 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर ऑफर कर रहा है। एमआईएस खाते को आप सिंगल या जॉइंट अकाउंट के रूप में खोल सकते हैं। सिंगल अकाउंट में न्यूनतम 1000 रुपये, अधिकतम 9 लाख रुपये। जॉइंट अकाउंट में अधिकतम 15 लाख रुपये, जिसमें 3 सदस्य शामिल हो सकते हैं। उदाहरण के लिए, यदि आप और आपकी पत्नी मिलकर 15 लाख रुपये का निवेश करते हैं, तो मासिक ब्याज 9250 रुपये सीधे आपके बचत खाते में ट्रांसफर होगा।

**लाभ और सुविधा**

- मासिक आमदनी- ब्याज सीधे बैंक खाते में जाता है।
- 5 साल की अवधि- मैच्योरिटी पर मूल निवेश राशि वापस मिलती है।
- सरल प्रक्रिया- खाता खोलने और ब्याज प्राप्त करने के लिए पोस्ट ऑफिस में सेविंग्स अकाउंट होना अनिवार्य है।

# नीलामी में उपलब्ध 11,790 मेगाहट्र्ज दूरसंचार स्पेक्ट्रम का मूल्य 2.1 लाख करोड़

**नई दिल्ली।** भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने 11,790 मेगाहट्र्ज रेडियो तरंगों के स्पेक्ट्रम की नीलामी की सिफारिश की है। सूत्रों के अनुसार, यदि संपूर्ण स्पेक्ट्रम आवंटित किया जाता है, तो इसका कुल आधार या आरक्षित मूल्य लगभग 2.1 लाख करोड़ रुपये होगा। यह मूल्य 2022 में अनुशंसित कीमतों की तुलना में 19 प्रतिशत कम है। ट्राई ने नीलामी की सिफारिश नई कंपनियों के प्रवेश को आसान बनाने और दूरसंचार क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बनाए रखने के लिए की है। इससे बाजार में संतुलन बनेगा और छोटे या नए खिलाड़ियों के लिए अवसर बढ़ेंगे। नियमों में यह भी प्रस्तावित किया गया है कि हर कंपनी अधिकतम 35 प्रतिशत स्पेक्ट्रम रख सकती है। इस सीमा का उद्देश्य किसी एक कंपनी के पास अत्यधिक स्पेक्ट्रम होने से रोकना और प्रतिस्पर्धी वातावरण बनाए रखना है।

# भारतीय रेलवे 1 मार्च से बंद कर रहा यूटीएस ऐप, रेलवन ऐप बनेगा नया विकल्प

**- बदल जाएगा ऑनलाइन अनारक्षित टिकट बुक करने का तरीका**




नई दिल्ली । भारतीय रेलवे ने घोषणा की है कि यूटीएस ऐप (अनरिजर्वड टिकटिंग सिस्टम) को 1 मार्च से बंद कर दिया जाएगा। वर्तमान में यह ऐप यात्रियों को अनारक्षित टिकट, प्लेटफॉर्म पास और सीजन टिकट बुक करने की सुविधा देता है। यूटीएस ऐप बंद होने के बाद यात्री इन सेवाओं के लिए इसे इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। रेलवे ने इसके स्थान पर रेलवन ऐप लॉन्च किया है। यह ऐप यात्रियों को अनारक्षित और रिजर्वेशन टिकट, प्लेटफॉर्म पास, सीजन टिकट और अन्य रेलवे सेवाओं का उपयोग एक ही प्लेटफॉर्म से करने की सुविधा देता है। रेलवन ऐप का इंटरफ़ेस सरल और यूज़र फ्रेंडली है, जिससे नए और मौजूदा दोनों तरह के यात्री इसका लाभ उठा सकते हैं। यात्रियों को नया अकाउंट बनाने की आवश्यकता नहीं है। यूटीएस और आईआरसीटीसी लॉगिन की मदद से सीधे साइनअप किया जा सकता है। ऐप दोनों एंड्रॉइड और आईओएस प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है और इसे निशुल्क डाउनलोड किया जा सकता है। भारतीय रेलवे यात्रियों को कैशलेस यात्रा के लिए प्रोत्साहित करने के लिए रेलवन ऐप से बुक किए गए अनारक्षित टिकटों पर 3 फीसदी की छूट दे रहा है। यह ऑफ़र 14 जनवरी से 14 जुलाई तक मान्य है। यात्री यूपीआई, डेबिट/क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग और डिजिटल वॉलेट के जरिए इसका लाभ ले सकते हैं।

# भारतीय शेयर बाजार में मिला-जुला कारोबार

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को मिला-जुला कारोबार हुआ। वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के बाद भी मुनाफावसूली हावी होने के कारण दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 27.46 अंक टूटकर 82,248.61 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 14 .05 अंक की हल्की बढ़त के साथ 25,496.55 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान डिफेंस और हेल्थकेयर शेयरों से बाजार को सहारा मिला। निफ्टी इंडिया डिफेंस 1.48 फीसदी और निफ्टी हेल्थकेयर 1.24 फीसदी बढ़कर की तेजी के साथ बंद हुआ। इसके अलावा, निफ्टी फार्मा 1.08 फीसदी, निफ्टी पीएसयू बैंक 0.95 फीसदी, निफ्टी ऑयलएंडगैस 0.87 फीसदी, निफ्टी ऑटो 0.80 फीसदी, निफ्टी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग 0.78 फीसदी, निफ्टी मेटल 0.39 फीसदी और निफ्टी इन्फ्रा 0.32 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ।

निफ्टी मीडिया 0.68 फीसदी, निफ्टी एफएमसीजी 0.16 फीसदी, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज 0.11 फीसदी और निफ्टी सर्विसेज 0.06 फीसदी की कमजोरी के साथ बंद हुआ।

आज लार्जकैप के साथ ही मिडकैप और स्मॉलकैप में भी मिला-जुला कारोबार हुआ।




निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 392.05 अंक की तेजी के साथ 59,798.15 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स एक अंक की हल्की कमजोरी के साथ 17,117.65 पर था।

सेंसेक्स पैक के शेयरों में बीईएल, अदाणी पोर्ट्स, सनफार्मा, मारुति सुजुकी, भारती एयरटेल, एसबीआई, टीसीएस, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, एचयूएल, टाइटन और टेक महिंद्रा के शेयर लाभ में रहे।

ट्रेंट, पावरग्रिड, एचडीएफसी बैंक, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, आईटीसी, बजाज फिनसर्व, टीएंडटी, एचसीएल टेक और एमएंडएम के शेयर नुकसान में रहे।

वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार बढ़त के साथ खुले। सुबह बीएसई सेंसेक्स 82,418 के स्तर पर खुला। वहीं इसी तरह निफ्टी 50 ने भी 25,556 के स्तर पर शुरुआत की। शुरुआती मिनटों में यह 30.15 अंक की बढ़त लेकर 25,512.65 पर कारोबार करता दिखाई दिया।

बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बावजूद निवेशक फिलहाल सावधानी बरत रहे हैं। बीच-बीच में मुनाफावसूली भी देखी जा रही है, जिससे बढ़त सीमित बनी हुई है।

# सेडेमैक मेकाट्रॉनिक्स का 1,087 करोड़ का आईपीओ 4 मार्च को खुलेगा

**- आईपीओ का मूल्य दायरा 1287-1352 रुपये प्रति शेयर**




**नई दिल्ली ।** पावरट्रेन कंट्रोल और मोटर वाहन कलपुर्जे बनाने वाली सेडेमैक मेकाट्रॉनिक्स लिमिटेड का 1,087 करोड़ रुपए का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 4 मार्च को खुल रहा है और 6 मार्च 2026 को बंद होगा। आईपीओ के लिए तय किया गया मूल्य दायरा 1,287 से 1,352 रुपए प्रति शेयर है। इस आधार पर कंपनी का ऊपरी सीमा पर मूल्यांकन लगभग 6,000 करोड़ है। एंकर निवेशक 2 मार्च से बोली लगा पाएंगे। आईपीओ में कोई नया निर्गम नहीं है। यह पूरी तरह ओएफएस पर आधारित है। सेडेमैक मेकाट्रॉनिक्स दोपहिया और तिपहिया आंतरिक दहन इंजन वाहनों के लिए सेंसर-लेस कम्यूटेशन आधारित 'इंटीग्रेटेड स्टार्टर जनरेटर ईसीयू' का विकास, डिजाइन और निर्माण करती है। इसके प्रमुख ग्राहक टीवीएस मोटर कंपनी, बजाज ऑटो, किर्लोस्कर ऑयल इंजन्स, ब्रिग्स एंड स्ट्रैटन एलएलसी और डीईआईएफ इंडिया हैं। कंपनी का शेयर 11 मार्च को बाजार में सूचीबद्ध हो सकता है। निवेशक इस अवसर के माध्यम से मौजूदा शेयरधारकों से शेयर खरीद सकेंगे।

# अमेरिकी अर्थव्यवस्था में वृद्धि, बेरोजगारी में कमी की उम्मीदः आईएमएफ रिपोर्ट

**- बेरोजगारी दर 2025 में 4.5 से घटकर 2026 में 4.1 प्रतिशत रहने की संभावना**

**वॉशिंगटन ।**

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था का 2026 तक का आकलन पेश किया है। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2026 की चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 2.4 प्रतिशत बढ़ सकता है, जो 2025 के 2.2 प्रतिशत से अधिक है। आईएमएफ ने अर्थव्यवस्था की वृद्धि को मोटे तौर पर सकारात्मक बताया है। रिपोर्ट के मुताबिक, बेरोजगारी दर 2025 के अंत में 4.5 प्रतिशत से घटकर 2026 में 4.1 प्रतिशत रह सकती है। आईएमएफ ने कहा कि रोजगार बाजार में अत्यधिक गिरावट न आए तो फेडरल रिजर्व को ब्याज दर में और कटौती से बचना चाहिए। महंगाई दर 2027 तक अमेरिकी केंद्रीय बैंक के 2 प्रतिशत के लक्ष्य तक आ सकती है। फेडरल रिजर्व की मौजूदा रेपो दर 3.6 प्रतिशत है, जिसे घटाकर लगभग 3.4 प्रतिशत किया जा सकता है। 2025 में नीतिगत ब्याज दर में तीन बार कटौती की गई थी। आईएमएफ ने अमेरिकी संघीय सरकार के बढ़ते कर्ज पर चिंता जताई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सार्वजनिक कर्ज जीडीपी के अनुपात में 2025 के लगभग 100 प्रतिशत से बढ़कर 2031 तक 110 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। यह आर्थिक स्थिरता के लिए जोखिम पैदा कर सकता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि यदि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए आयात शुल्क नहीं होते, तो




अमेरिकी अर्थव्यवस्था बेहतर प्रदर्शन कर सकती थी। संरक्षणवादी नीतियां अपेक्षा से अधिक नकारात्मक असर डाल सकती हैं। हालांकि, अमेरिका को मजबूत उत्पादकता वृद्धि का लाभ मिला है। आईएमएफ के अनुसार, अमेरिका की अर्थव्यवस्था 2026 में बढ़ेगी, बेरोजगारी घटेगी और महंगाई नियंत्रित रहेगी, लेकिन बढ़ता सरकारी कर्ज और संरक्षणवादी नीतियां आर्थिक स्थिरता के लिए जोखिम बन सकती हैं।

# आरबीआई 25,000 करोड़ के बॉन्ड की दो मार्च को करेगा अदला-बदली नीलामी

**मुंबई ।**



भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने दो मार्च को 25,000 करोड़ रुपये के सरकारी बॉन्ड की अदला-बदली नीलामी करने की घोषणा की। अदला-बदली नीलामी के तहत सरकार जल्द परिपक्व होने वाले बॉन्ड को लंबी अवधि वाले नए बॉन्ड में बदलती है। इससे एक ही वित्तीय वर्ष में बड़ी रकम चुकाने का दबाव कम होता है और भुगतान की समय-सीमा आगे बढ़ती है। आरबीआई के अनुसार नीलामी सुबह 10:30 बजे से 11:30 बजे तक होगी। नतीजे उसी दिन जारी किए जाएंगे और लेन-देन का निपटान 4 मार्च को किया जाएगा। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2026-27 में कुल 5.47 लाख करोड़ रुपये के सरकारी बॉन्ड परिपक्व होने वाले हैं। इस कदम का उद्देश्य उस वर्ष संभावित भुगतान दबाव को कम करना है और वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करना है। इससे पहले इस महीने दो स्विच नीलामियां हो चुकी हैं, जिनमें कुल 84,804 करोड़ रुपये के बॉन्ड का लेन-देन हुआ। विशेषज्ञों के अनुसार यह रणनीति सरकार को ऋण प्रबंधन में आसानी देती है और बाजार पर अचानक बोझ को कम करती है।



# 'वाराणसी' को अपने लिए काफी खास फिल्म मानती हैं प्रियंका चोपड़ा

**प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' को लेकर चर्चाओं में हैं। लेकिन अभिनेत्री एसएस राजामौली के निर्देशन में बन रही फिल्म 'वाराणसी' को लेकर काफी उत्साहित हैं।**

प्रियंका इस फिल्म से भारतीय सिनेमा में वापसी कर रही हैं। यही कारण है कि प्रियंका 'वाराणसी' को अपने लिए काफी खास फिल्म मानती हैं। प्रियंका चोपड़ा हाल ही में पति निक जोनस के साथ 'द ब्लफ' के वर्ल्ड प्रीमियर में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने 'वाराणसी' को लेकर खुलकर बात की। एक्ट्रेस ने इसे करियर-डिफाइनिंग बताते हुए कहा कि 'वाराणसी' उनके लिए एक महत्वपूर्ण फिल्म है। सात साल बाद किसी भारतीय फिल्म से दूर रहने के बाद, इस फिल्म को पहले से ही आने वाले समय की सबसे बड़ी सिनेमाई घटनाओं में से एक माना जा रहा है। प्रियंका ने निर्देशक राजामौली को भारत के सर्वश्रेष्ठ फिल्म निर्माताओं में से एक बताया। साथ ही कहा कि वो अपनी इस फिल्म के लिए काफी उत्साहित हैं।

## अगले साल 7 अप्रैल को रिलीज होगी फिल्म

एसएस राजामौली द्वारा निर्देशित 'वाराणसी' की घोषणा पिछले साल की गई थी। हैदराबाद में फिल्म का एक बड़ा इवेंट हुआ था, जिसमें फिल्म की पूरी कास्ट नजर आई थी। इस फिल्म में महेश बाबू रुद्र के किरदार में नजर आएंगे। वो फिल्म में भगवान राम के अवतार में भी दिखाई देंगे। इसके अलावा पृथ्वीराज सुकुमारन विलेन की भूमिका निभाएंगे, उनके किरदार का नाम कुंभा है। जबकि प्रियंका चोपड़ा फिल्म में मंदाकिनी के किरदार में दिखाई देंगी। 'वाराणसी' 7 अप्रैल 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



# अरेंज मैरिज को भी तैयार हैं मृणाल ठाकुर;

## खुद को बताया धनुष की बड़ी फैन

मृणाल ठाकुर इन दिनों हालिया रिलीज फिल्म 'दो दीवाने सहर में' को लेकर चर्चाओं में हैं। इसके साथ ही अभिनेत्री अपनी शादी की खबरों को लेकर भी लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इस बीच मृणाल का धनुष के साथ भी लगातार नाम जोड़ा जा रहा है। हालांकि, अभिनेत्री लगातार इन खबरों का खंडन करती रही हैं। अब अभिनेत्री ने एक बार फिर शादी और धनुष से अफेयर की खबरों पर प्रतिक्रिया दी है। साथ ही बताया कि घर में उनकी शादी को लेकर माता-पिता की क्या राय है। बातचीत में मृणाल ने बताया कि घर में शादी को लेकर चर्चाएं अब आम बात हो गई हैं। उन्होंने कहा कि माता-पिता के मन में शादी की घंटियां बजती रहती हैं, मानो वे दिन में सपने देख रहे हों। कल रात ही पापा ने मुझसे कहा, 'अब तुम्हें शादी कर लेनी चाहिए।' मैंने कहा, 'क्यों न आप अपनी बहन को फोन करके पूछें कि क्या वह आपकी बेटी के लिए कोई अच्छा लड़का जानती है?' उन्होंने पूछा, 'लड़का कहां है?' मैंने कहा, 'बिल्कुल - लड़का कहां है?' अगर आप मुझसे ही यह सवाल पूछ रहे हैं, तो मैं क्या कहूं? यही तो हर घर की कहानी है।

### अरेंज मैरिज से मृणाल को नहीं कोई दिक्कत

अभिनेत्री ने आगे कहा कि मुझे तयशुदा शादी से बिल्कुल भी डर नहीं लगता, क्योंकि मेरे लिए कोई सही रिश्ता मिलता ही नहीं है। हां, इतना तय है कि शादी सिर्फ दिखावे के लिए नहीं की जानी चाहिए। पहले, अरेंज मैरिज का मतलब होता था कि माता-पिता आपका परिचय किसी से करवाते थे। अब तो दोस्त भी लोगों का रिश्ता करवा देते हैं। यह भी एक तरह का अरेंजमेंट ही है। अंततः मायने यह रखता है कि चाहे प्यार हो या अरेंज मैरिज, अगर दो लोग एक-दूसरे से जुड़ते हैं और उनके बीच तालमेल बैठता है, तो वही मायने रखता है। वरना कुछ भी काम नहीं करता। आपको एक-दूसरे से जुड़ना होगा। परिवारों की सहमति भी जरूरी है। शादी सिर्फ एक पुरुष और एक महिला के बीच नहीं होती, यह दो परिवारों के बीच होती है। अगर सभी सहमत हैं, तो फिर शादी क्यों नहीं?



### मृणाल ने की धनुष की तारीफ

पिछले कुछ वक्त से मृणाल का नाम धनुष के साथ जोड़ा जा रहा है। हालांकि, मृणाल लगातार इन खबरों को नकारती रही हैं। इस बीच पिछले दिनों एक इंटरव्यू में मृणाल ने धनुष की जमकर तारीफ की थी। खुद को धनुष की बड़ी फैन बनाते हुए मृणाल ने कहा, 'रायन', 'मारी', 'रांझणा', 'कैप्टन मिलर' और 'असुरन' जैसी फिल्में देखने के बाद मैं उनकी बहुत बड़ी फैन बन गई हूं। मैं असुरन कई बार देख सकती हूं। वो एक इंस्टीट्यूट हैं। वो गीतकार, लेखक, डांसर, अभिनेता, निर्देशक, न जाने क्या-क्या हैं।

# तापसी ने अपने शादीशुदा रिश्ते और पति मैथियास को लेकर बात की

तापसी पन्नू अपनी शादी और पर्सनल जिंदगी को काफी सीक्रेट रखती हैं। उन्होंने पति मैथियास से शादी से पहले 13 साल तक डेट किया, लेकिन किसी को कानों कान खबर नहीं लगने दी। इसके बाद उन्होंने शादी भी बिना किसी हो-हल्ले के सिंपल तरीके से कर ली, जिसमें सिर्फ परिवार और करीबी ही शामिल हुए। अब हाल ही में तापसी ने बताया कि उन्हें किस तरह का रिलेशनशिप पसंद है और क्यों उन्होंने 13 साल बाद मैथियास को अपना हमसफर बनाया?

एक्ट्रेस ने अपने शादीशुदा रिश्ते और पति मैथियास को लेकर बात की। एक्ट्रेस ने मैथियास के बारे में कहा कि उन्होंने मुझे कभी भी रिश्ते का बोझ महसूस नहीं होने दिया। शादी के बाद भी कुछ खास बदलाव नहीं आया। मैं लगभग भूल ही जाती हूं कि मैं शादीशुदा हूं। शादी से पहले मेरी सिर्फ एक ही शर्त थी कि शादी के बाद भी सब कुछ पहले जैसा ही रहे। एक्ट्रेस ने कहा कि मेरे लिए रिश्ते में सहजता और कंफर्ट सबसे महत्वपूर्ण रखता है। यही कारण है कि मैंने मैथियास से शादी की, क्योंकि उनमें एक सहजता है।


### मैं नहीं चाहती शादी से रिश्ते में बदलाव आए

मैथियास बो एक प्रसिद्ध और ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। अब वो भारत में भी कई खिलाड़ियों को कोचिंग दे रहे हैं। तापसी ने बताया कि शादी के बाद वो डेनमार्क नहीं गईं, बल्कि मैथियास यहां भारत में रहने लगे। मैथियास से शादी को लेकर तापसी ने कहा कि उनकी सहजता ही इसकी वजह थी। कोई भावनात्मक बोझ नहीं था, कोई बाध्यता नहीं थी। मैं कभी नहीं चाहती थी कि शादी पहचान में बदलाव का एहसास कराए। मेरा मानना है कि अगर रिश्ते में बदलाव आता, तो इसे औपचारिक रूप देने का कोई मतलब नहीं होता। हमें सचमुच एक-दूसरे के साथ रहना पसंद है। तभी हमने आगे बढ़ने का फैसला किया। क्योंकि लॉन्ग डिस्टेंस रिलेशनशिप में कई चुनौतियां आ रही थीं।

### शादी में एक-दूसरे पर निर्भर नहीं रहना चाहिए

तापसी का मानना है कि शादी में भी कभी एक-दूसरे पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। उनका कहना है कि लड़कियों को शादी तभी करनी चाहिए, जब अपने बल पर खड़ी हो चुकी हों। उन्हें अपने पति पर निर्भर नहीं रहना चाहिए, इससे रिश्ते में समानता बनी रहती है। उन्होंने बताया कि अपनी शादी में भी वो और मैथियास अपने-अपने पैसों का हिसाब अलग-अलग ही रखते हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि शादी के बाद भी मैंने जो भी प्रॉपर्टी ली है, वो अपने नाम पर ही ली है। इससे एक-दूसरे पर निर्भरता नहीं आती।





# 'सेयोन' में नए अंदाज में नजर आए शिवकार्तिकेयन

**अभिनेता शिवकार्तिकेयन के 41वें जन्मदिन पर निर्माताओं ने फिल्म 'सेयोन' का टीजर रिलीज कर दिया है। इस फिल्म के निर्देशक शिवकुमार मुरुगेसन हैं और फिल्म का निर्माण कमल हासन ने किया है।**

शिवकार्तिकेयन के 41वां जन्मदिन के मौके पर निर्माताओं ने उनकी नई फिल्म 'सेयोन' का पहला टीजर रिलीज किया है। यह टीजर काफी दमदार है और शिवकार्तिकेयन के फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। टीजर में शिवकार्तिकेयन एक बहुत ताकतवर और लगभग भगवान जैसे किरदार में नजर आ रहे हैं, जिसे लोग भगवान विरुमंडी कहकर बुलाते हैं।

### क्या है 'सेयोन' की कहानी

कहानी एक गांव के मंदिर उत्सव (मासी कलारी) के दौरान शुरू होती है, जहां पुलिस एक झगड़े की जांच कर रही है। लोग एक रहस्यमयी व्यक्ति के बारे में बात करते हैं। जब शिवकार्तिकेयन का किरदार थाने पहुंचता है, तो लोग उनके पैर छूते हैं और बहुत सम्मान से स्वागत करते हैं। एक पुलिस इंस्पेक्टर कहता है, 'ये भगवान विरुमंडी हैं।' एक बुजुर्ग महिला चिल्लाती है, 'ओजी वापस आ गया है'। इसके बाद एक झड़प होती है, जिसमें उनका किरदार किसी से हाथापाई करता है। देखते ही देखते यह पूरा सीन जोरदार एक्शन में बदल जाता है।

### 'सेयोन' के निर्माता हैं कमल हासन

फिल्म का नाम 'सेयोन' है और इसमें विरुमंडी का जिक्र कमल हासन की पुरानी फिल्म 'विरुमंडी' (2004) से जोड़ा गया है, जिसमें उन्होंने मुख्य भूमिका निभाई थी। टीजर में एक व्यक्ति बताता है कि शिवकार्तिकेयन का किरदार पहले सेना में था और बाद में गांव के संघर्ष में शामिल हो गया।

यह फिल्म शिवकार्तिकेयन और निर्देशक शिवकुमार मुरुगेसन की साथ में पहली फिल्म है। कमल हासन की कंपनी राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल इसे बना रही है। फिल्म में संगीत संतोष नारायणन का है।



# तापसी बहुत ही इंस्टिक्टिव अभिनेत्री है, वे बहुत सहज भी हैं, इसलिए यूनिक हैं

अनुभव सिन्हा उन फिल्मकारों में से हैं, जिन्हें मीनिंगफुल सिनेमा का चेहरा कहा जाता है। उनकी फिल्म देखकर थिएटर से निकलने के बाद अंदर कुछ बदल सा जाता है। इस पर वे कहते हैं, 'अगर ऐसा है, भी तो मैं इस पर यकीन नहीं करना चाहता, क्योंकि इससे मैं खुद को ज्यादा अहमियत देने लगूंगा। मैं मीनिंगफुल सिनेमा का चेहरा जैसे टैग को इग्नोर कर देता हूं, क्योंकि मेरा करियर काफी चलायमान रहा है।' वह तापसी पन्नू की तारीफ करते हुए कहते हैं, 'तापसी बहुत ही इंस्टिक्टिव अभिनेत्री है। वो अपने निर्देशक को बहुत गौर से सुनती हैं, उसे फील करती हैं। वे बहुत सहज भी हैं, इसलिए यूनिक एक्ट्रेस हैं।'

### 25 की उम्र में फिल्ममेकर बनने का खयाल, 'मुल्क' ने बदली धारा

अपनी बात आगे बढ़ाते हुए अनुभव सिन्हा कहते हैं, 'मैंने अपने करियर शुरुआत लव स्टोरी 'तुम बिन' से की, फिर आगे चलकर मैंने एक्शन फिल्म 'दस' बनाई। उसके बाद मैंने सुपरहीरो फिल्म बनाई और फिर मैं सोशियो पॉलिटिकल फिल्मों की तरफ आकर्षित हुआ। हो सकता है, मैं कल को कुछ और बनाने लगूं। देखिए, बचपन में तो मुझे पता ही नहीं था कि मैं फिल्ममेकर बनूंगा। 25 साल की उम्र में मुझे पता चला कि मैं फिल्मकार बनना चाहता हूं। मेरी एक ऐसी यात्रा रही, जहां फिल्ममेकिंग करियर था, मगर 'मुल्क' जैसी फिल्म ने काफी हद तक मेरे करियर की धारा मोड़ी। 'मुल्क' की आवाज ने जिस तरह से लोगों तक अपनी पहुंच बनाई, उसी ने मुझे इस विधा की ओर आकर्षित किया। मेरे करियर में हर जॉनर की 5-6 साल की जर्नी रही, मगर सोशियो पॉलिटिकल जॉनर में मैं सबसे ज्यादा रुक गया। ये सफर दस साल से चला आ रहा है। यहां मेरा कंफर्ट जोन सबसे ज्यादा है।'

### हमें बच्चों से वो बात करनी होंगी, बेटे को मर्द होने का फर्क समझाना होगा

हाल ही बच्चों के एक समूह द्वारा एक बच्ची की बलात्कार की खबर ने लोगों को हिलाकर रख दिया था। इस पर वह कहते हैं, 'ये वो बच्चे हैं, जिन्हें फिजिकल इंटिमेसी का सही अर्थ भी पता नहीं होगा। मुझे लगता है कि हमारी अपने बच्चों से कुछ बातचीतें रह गई हैं। हमें अपने बच्चों से और ज्यादा बात करने की जरूरत है। खास तौर पर अपने बेटों से। उन्हें एक मर्द होने का फर्क समझना होगा। उन्हें अपने अधिकार और ख्वाहिशों की सीमा मालूम होनी चाहिए, क्योंकि अपराध तभी शुरू होता है, जब आप अपनी ख्वाहिशों का दायरा लांघ जाते हैं।'

### मर्द के लिए औरत की तरह फील करना मुश्किल है

'अस्सी' के बारे में वह कहते हैं, 'इस फिल्म में मैं मानसिक रूप से बहुत खर्च हुआ हूं। मुझे औरत बनना पड़ता है। बहुत मुश्किल होता है एक मर्द के लिए औरत की तरह फील करना। हमारी वो ट्रेनिंग नहीं है। औरत होना बहुत मुश्किल है। ये कैसी विडंबना है कि जिसे हमने अपनी जिंदगी का सबसे बड़ा किरदार माना है, जाने -अनजाने हमने उसका इस्तेमाल ही किया है। चाहे मां हो, बहन हो या पत्नी हो। मैं अपने दोस्तों से कहता हूं कि सड़क पर एक बार औरत बनकर चलने की कोशिश करो। वो दुनिया ही अलग है। एक बच्ची को बचपन से ही बता दिया जाता है कि वो अलग है। वो स्वच्छंद हो ही नहीं पाती।'

### छोटी फिल्मों को ज्यादा थिएटर भी नहीं मिल पाते

अनुभव सिन्हा अच्छा सिनेमा और बॉक्स ऑफिस की इसी बानगी में आगे बताते हैं, 'अब जैसे मेरी 'भीड़' और 'अफवाह' को बहुत अच्छे रियूज मिले, मगर वो एक अलग दौर था। लोगों का थिएटर से नाता टूट गया था। वो फिल्में गलत दौर में आईं। छोटी फिल्मों को ज्यादा थिएटर भी नहीं मिल पाते।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in